सुप्रभात
रांची, शनिवार
27.07.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net सावन, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 18



12 यूपी पुलिस में भी अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण : योगी

## न्यूज डायरी

### भारत महिला एशिया कप के फाइनल में

**बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया**

**नयी दिल्ली।** महिला एशिया कप के नौवें संस्करण में भारत नौवीं बार फाइनल में पहुंचा गया। टॉस को छोड़कर आज सब कुछ उनके लिए सही रहा। भारत ने शुक्रवार को रनगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में बांग्लादेश को 10 विकेट से हरा कर महिला टी-20 एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। रेणुका ठाकुर सिंह ने बांग्लादेश की शीर्ष तीन बल्लेबाजों को सस्ते में आउट करके भारत को शानदार शुरूआत दिलायी। भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश को 80 रन पर समेट दिया। सिलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 11 ओवर में ही 83 रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। मंधाना ने अपना अर्धशतक भी पूरा किया।

### संसद में उठा पलामू-गढ़वा के विकास का मुद्दा

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने शुक्रवार को लोकसभा में पलामू एवं गढ़वा जिले में उद्योग, कल-कारखाना स्थापित करने के मामले को उठाया। सांसद ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले आकांक्षी जिलों की श्रेणी में आते हैं। आकांक्षी जिलों में आने के बाद भी इन दोनों जिलों का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है। सांसद ने कहा कि इस क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या रोजगार के अभाव में पलायन की है। इस मामले को वह वर्ष 2014 से ही इस सदन में उठाते रहे हैं, लेकिन आज तक एक भी उद्योग, कल-कारखाना नहीं लगे हैं। दुर्भाग्यवश एक जपला सीमेंट फैक्टरी थी वह भी बंद हो चुकी है। यहां के लोग बडे.पैमाने पर रोजगार के अभाव में दूसरें राज्यों में जाकर मजदूरी करने के लिए विवश हैं और पलायन कर रहे हैं।

### 24 घंटे में ही बीडीओ के तबादले पर स्टे

**रांची।** महज 24 घंटे के अंदर ही 61 बीडीओ के तबादले पर स्टे लग गया। ग्रामीण विकास विभाग ने सभी डीसी और डीडीसी को पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि 25 को जारी निर्गत अधिसूचना को स्थगित किया जाता है।

### जैविक उद्यान में फीमेल तेंदुआ रानी की मौत

**रांची।** ओरमांझी में मौजूद बिरसा मुंडा जैविक उद्यान एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है। जैविक उद्यान में एक फीमेल तेंदुआ 'रानी' की मौत हो गयी। चिड़ियाघर के डॉक्टर ओपी साहू के अनुसार 'रानी' ओवर एज हो गयी थी। 25 जुलाई को उसने खाना छोड़ दिया था, इसके बाद स्लाइन भी चढ़ाया गया था, लेकिन देर रात हार्ट फेल होने की वजह से उसकी मौत हो गयी। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद सारे प्रोटोकॉल पूरा करते हुए उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस फीमेल तेंदुआ को साल 2017 में लखनऊ से लाया गया था।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 64700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 85000 रु./प्रति किलो |




---

### कारगिल विजय दिवस पर पीएम मोदी ने दी आतंक के आका को सख्त चेतावनी

# पाक के नापाक मंसूबों को सख्ती से कुचल देंगे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली, द्रास (लद्दाख)।** कागरिल विजय दिवस पर पीएम मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि उसके नापाक मंसूबे भारत कभी सफल नहीं होने देगा। भारत के सैनिक पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे। दुश्मन की हर चाल का मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। उन्होंने कहा, पड़ोसी देश ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है और आज भी छद्म युद्ध चला रहा है। आज कारगिल की विजयी जीत के 25 साल पूरे हो गये हैं। पीएम मोदी लद्दाख के द्रास में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि समारोह में बोल रहे थे। मोदी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें बताता है कि देश के लिए दिये गये बलिदान अमर हैं। हर साल 26 जुलाई को भारत विजय दिवस मनाता है। मैं सभी वीर योद्धाओं को आदरपूर्वक नमन करता हूं। विजय दिवस हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र हित में बलिदान हमेशा याद किये जायेंगे।

**आतंक के आका सुन लें-**

पीएम मोदी ने कहा, आज मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं जहां से आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं।

( शेष पेज 11 पर)



### पाक ने इतिहास से सबक नहीं ली

पीएम ने कहा, पाकिस्तान अतीत में अपने सभी नापाक प्रयासों में विफल रहा है, लेकिन पाकिस्तान ने अपने इतिहास से कुछ भी नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाये रखने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह एक आम नागरिक के रूप में कारगिल युद्ध के दौरान अपने सैनिकों के बीच रहकर सौभाग्यशाली महसूस करते हैं। अब जब मैं फिर से कारगिल की पवित्र धरती पर खड़ा हूं। उन यादों का फिर से ताजा होना स्वाभाविक है। मुझे याद है कि कैसे हमारे बलों ने चरम और चुनौतीपूर्ण युद्ध स्थितियों के बावजूद सफलतापूर्वक ऑपरेशन को अंजाम दिया था।

---

### जोरदार बारिश से राजधानी में पानी ही पानी



---

### पर्यावरण संतुलन बनाये रखने में सबका प्रयास जरूरी : सीएम

# पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम-आप सुरक्षित रहेंगे

- वन महोत्सव इस दिशा में एक बड़ा अभियान
- सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का लें संकल्प

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम सोरेन ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम और आप भी सुरक्षित रह सकेंगे। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जायेगा। भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो, इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है। सीएम श्री सोरेन शुक्रवार को विधानसभा परिसर में आयोजित 75 वां राज्यव्यापी वन महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सीएम और अन्य अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। सीएम ने कहा कि 75 वर्षों से हम वन महोत्सव मनाते आ रहे हैं। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि शुरूआत के वन महोत्सव में जो पौधे लगे होंगे, वे वर्तमान समय में किस स्थिति में होंगे। वन महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित करने का एक बड़ा अभियान है । ऐसे में हम सभी ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का संकल्प लें, ताकि पर्यावरण में जो असंतुलन पैदा हो रहा है उसे नियंत्रित कर सकें। जल-जंगल जमीन झारखंड की पहचान : सीएम ने कहा कि कहा कि जल, जंगल और जमीन झारखंड की पहचान रही है। एक ऐसा भी वक्त था, जब राज्य में चारों ओर घने जंगल थे । हर तरफ हरियाली ही हरियाली थी। उसे दौरान यहां वृक्षारोपण की कोई जरूरत नहीं पड़ती थी। जैसे.जैसे विकास की ओर बढ़ते गये, जंगलों पर खतरा पैदा होता गया। उद्योग -धंधे का विस्तार, बड़े पैमाने पर खनन कार्य होने और पूल-पुलिया सड़कों का जाल बिछने समेत कई अन्य कारणों से बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गये। जहां जंगल हुआ करता था, वहां कंक्रीट के जंगल बन गये।



### प्रकृति से छेड़छाड़ का गंभीर असर

सीएम ने कहा कि प्राकृतिक व्यवस्था में हस्तक्षेप का सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से आज हमें कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिये सभी को आगे आना होगा। इस अवसर पर स्पीकर समेत कई मंत्री व वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

---

### सीबीआइ की टीम ने धनबाद से दो को दबोचा

# तालाब से निकाला मोबाइल और दस्तावेजों से भरा बोरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ की टीम देश के साथ-साथ झारखंड के कई हिस्सों में सीबीआई दबिश रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जांच एजेंसी की टीम एक बार फिर से धनबाद पहुंची। यहां से उन्होंने पवन और एक अन्य युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद पवन की निशानदेही पर एक तालाब से मोबाइल और दस्तावेजों से भरा बोरा बरामद किया गया है। नीट पेपर लीक मामले में पिछले दिनों सीबीआइ ने सरायढेला से अमन, बंटी और राहुल को गिरफ्तार किया था। तीनों से पूछताछ में अमित और पवन समेत कई लोगों का नाम आया था। शुक्रवार को सीबीआई को पता चला कि पवन धनबाद में है और सदर थाना क्षेत्र के पास एक कंबाइंड बिल्डिंग के पास अपने घर में छिपा है।

इसी सूचना के पर सीबीआई की टीम पटना से धनबाद पहुंची और पवन को शिकंजे में लिया। पूछताछ में पवन ने जांच टीम को बताया कि सुदामडीह स्थित एक तालाब में कई दस्तावेज और उपकरण बोरा में भरकर फेंका गया है। सीबीआई पवन को सुदामडीह ले गयी और गोताखोरों की मदद से तालाब से बरामद किया। पवन और बोरा को जब्त करते हुए सीबीआइ अपने साथ पटना ले गयी। बोरे में कई मोबाइल फोन सहित कुछ अन्य सामग्री थी। सीबीआई पटना की टीम व धनबाद सीबीआई एसपी भी मौजूद थे ।



### नीट पेपर लीक मामला

अब तक नीट परीक्षा लीक मामले में 37 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। सीबीआई सरायढेला स्थित कार्मिक नगर के अमित सिंह को तलाश कर रही है। वह अमन सिंह का भाई है। वह एक महीने से फरार चल रहा है। सूत्रों के अनुसार संजीव मुखिया के करीबी चिंटू और मुकेश से मिली जानकारी के बाद आरोपी अमन सिंह को गिरफ्तार किया गया था। वहीं अमन का भाई अमित सिंह बीटेक डिग्री होल्डर है। एडमिशन कराने का काम करता है। पेपर लीक मामले के तार धनबाद से जुड़ने के बाद पेपर लीक के किंगपिन अमन सिंह को गिरफ्तार किया गया था। उसके अकाउंट से काफी रकम की निकासी के बाद बंटी और राहुल को गिरफ्तार किया गया। नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग से जमालुद्दीन, ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल और वाइस प्रिंसिपल शामिल हैं। धनबाद से गिरफ्तार युवकों के तार हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से जुड़े है। सूत्रों के अनुसार अभी तक की जांच में यह साफ हो चुका है कि प्रश्नपत्र हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से ही गायब हुआ था। प्रश्नपत्र और उसका उत्तर एक जगह से दूसरी जगह तक भेजने के लिए शातिरों ने उपकरणों के उपयोग में भी सावधानी बरती थी। फाइल ट्रांसफर करने के लिए एनी डेस्क का सहारा लिया गया था। हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के लैब में लगे कंप्यूटर के इस्तेमाल से प्रश्नपत्र पटना और अन्य जगह पहुंचे थे।

---

### अनुराग गुप्त ने संभाला डीजीपी का प्रभार गिनायी प्राथमिकताएं

**रांची।** 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता ने राज्य के पुलिस महानिदेशक पद का प्रभार संभाल लिया। निवर्तमान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पदभार संभालते ही प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अपनी प्रातमिकताएं गिनायी। उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स, साइबर, वायलेंट क्राइम और महिलाओं की सुरक्षा को टॉप प्रायोरिटी पर रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपराधिक घटना होने पर पुलिस का क्विक रिस्पॉन्स होना चाहिए। पुलिस को पब्लिक के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया जायेगा।

---

## सत्र छोटा पर गुणात्मक महत्व का है : स्पीकर

### अधिकाधिक इस्तेमाल होगा, दोनों पक्षों की भूमिका अहम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा है कि सत्र के संचालन में पक्ष-विपक्ष दोनों अहम हैं। मॉनसून सत्र छोटा जरूर है लेकिन, इस सत्र का गुणात्मक महत्व है। श्री महतो शुक्रवार को मॉनसून सत्र के पहले दिन प्रारंभिक वक्तव्य दे रहे थे। उन्होंने उम्मीद जतायी कि सत्र का अधिक से अधिक इस्तेमाल हो सकेगा। उन्होने सावन के फुहारों के बीच मॉनसून सत्र में सभी विधायकों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस सत्र में अनुपुरक बजट के अलावा कई विधेयक लाये जाने हैं। कुल छह बैठकों में जनता की समस्याओं का समाधान निकलेगा। पहले दिन की सदन की कार्यवाही शोक प्रस्ताव के बाद सोमवार सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके पहले शुक्रवार को सदन में एक्शन टेकन रिपोर्ट भी पेश किया गया।



**सभापति और कार्यमंत्रणा समिति :** स्पीकर ने सत्र संचालन के लिए सभापति की घोषणा की। स्टीफन मरांडी, रामचद्र सिंह, रामचंद्र चंद्रवंशी,निरल पूर्ति, रामदास सोरेन को सभापति के रूप में मनोनीत किया गया। साथ ही, कार्य मंत्रणा समिति में स्पीकर रविंद्र नाथ महतो, सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, मंत्री सत्य नंद भोक्ता,रामेश्वर उरांव, सुदेश महतो, सरयू राय को नामित किया गया। इसके अलावा स्पीकर ने कार्य मंत्रणा समिति में विशेष आमंत्रित सदस्यों को भी मनोनीत किया।

(शेष पेज 11 पर)

---


### पीएम मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की आज बैठक

# विकसित भारत का लक्ष्य पाने पर होगी चर्चा

### विकसित भारत@2047 है थीम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में होगी। पीएम मोदी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक की इस वर्ष की थीम विकसित भारत@2047 है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। पीएम नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। अन्य उपस्थित लोगों में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष और सदस्य शामिल होंगे। आयोग ने शुक्रवार को बताया कि गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत @2047 पर विजन डॉक्यूमेंट के लिए दृष्टिकोण पत्र पर चर्चा की जायेगी। बैठक का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी शासन और सहयोग को बढ़ावा देना, सरकारी हस्तक्षेपों के वितरण तंत्र को मजबूत करके ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। बैठक में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों की भूमिका पर भी विस्तृत विचार-विमर्श होगा।



भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है, जिसकी जीडीपी 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर चुकी है और 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुंचने की आकांक्षा है। 2047 तक विकसित भारत के विजन को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक का उद्देश्य इस विजन के लिए एक रोडमैप तैयार करना है, जिससे केंद्र और राज्यों के बीच टीम इंडिया के रूप में टीम वर्क को बढ़ावा मिले।

**नीति आयोग को खत्म देना चाहिए : ममता :** वहीं नीति आयोग की बैठक में भाग लेने दिल्ली आयीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि नीति आयोग को खत्म कर योजना आयोग को बहाल किया जाना चाहिए। बनर्जी नीति आयोग की बैठक में भाग लेंगी, हालांकि इंडिया' गठबंधन में शामिल दलों के शासन वाले कुछ राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इसमें भाग नहीं लेने का निर्णय लिया है। ममता बनर्जी ने कहा, भाजपा ने सरकार तो बना ली है, लेकिन उनके पास जनादेश नहीं है। 2014 के बाद भाजपा के सत्ता में आने के बाद यह पहली बार है कि उन्होंने अकेले पार्टी के रूप में सरकार नहीं बनायी है।

---

# जमीन कारोबारी कमलेश को इडी ने गिरफ्तार किया

### छठे समन पर इडी दफ्तर पहुंचा था, पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में इडी ने जमीन कारोबारी कमलेश को गिरफ्तार कर लिया। छठे समन पर कमलेश शुक्रवार को ईडी दफ्तर पहुंचा था। लंबी और कड़ी पूछताछ के बाद उसे देर शाम उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जमीन काराबारी कमलेश पर फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने का आरोप है। इसका नेटवर्क कांके अंचल क्षेत्र में फैला हुआ था। फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन हड़पने वाले सिंडिकेट से जुड़े शेखर कुशवाहा ने कमलेश कुमार के कारनामे की जानकारी इडी को दी थी। उसने बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, कांके इलाके में कई जगहों पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे जमीन पर कब्जा जमा रखा था।



(शेष पेज 11 पर)

# अंतु तिर्की की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में जेल में बंद झामुमो नेता अंतु तिर्की को आगे भी जेल में रहना पड़ेगा। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने शुक्रवार को खारिज कर दी है।

# पंकज मिश्रा ने हाई कोर्ट से जमानत याचिका वापस ली

**रांची।** टेंडर मैनेज करने और साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। पंकज मिश्रा की ओर से जमानत याचिका वापस लेने का आग्रह किया गया। जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। ईडी की विशेष अदालत में पंकज मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी थी जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। पंकज मिश्रा को ईडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है।


राजकीय पोलिटेकनिक, सिमडेगा
(उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार)
(झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय रॉची से सम्बद्ध एवं अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त)

खरसाटोली, सिमडेगा –835223, झारखण्ड
ई-मेल: gpsimdega@gmail.com वेबसाइट: gpsimdega.edu.in

निविदा रद्द संबंधित सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक : 438 दिनांक : 12/07/2024 के आलोक में निविदा आमंत्रित की गई थी जिसका PR No. - 329603 Higher and Technical Education & Skill Development (24-25)D है तथा जिसके कार्य की विवरणी निम्न है –

| कार्य की विवरणी | स्टेषनरी एवं कार्यालय उपयोग से संबंधित अन्य सामग्री की आपूर्ति |
|---|---|

उपरोक्त निविदा अपरिहार्य कारणों से रद्द की जाती है ।

प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक, सिमडेगा

PR 330770 Simdega(24-25)D



जिला खेल कार्यालय, लातेहार
(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड)

आम-सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय ज्ञापांक 84 दिनांक 15.07.2024 के द्वारा जिम ट्रेनर की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था एवं दिनांक 25.07.2024 को Walk in Interviwe आयोजन किया था, जो अपहारिये कारणों से स्थगित किया जाता है।

अतः जो अभ्यर्थी अपना आवेदन जमा किये है, वह दिनांक 31.07.2024 को संध्या 03 बजे से Walk in Interviwe के लिए जिला खेल कार्यालय ,लातेहार में उपस्थित होगें।

जिला खेल पदाधिकारी,
लातेहार

PR 330768 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25)#D



कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail : forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115
Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.06.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर गुमला कुम्हारी पथ पर कुम्हारी ग्राम के विलीभर्स चर्च के पास से 15 पीस साल बोटा सहित एक पीकअप सं०– JH0AR8702, को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर बरिया वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल

PR 330833 Forest, Environment and Climate Changes (24-25)_D



कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,
झारखण्ड सरकार
कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), लोहरदगा
जिला कृषि कार्यालय, सदर प्रखण्ड, लोहरदगा

किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना

लोहरदगा जिला के किसान भाइयों एवं बहनो को सूचित किया जाता है कि जिले में सिंचाई जल के स्रोत मुख्यतः वर्षाप्रवाह नाला, छोटे मौसमी नदी–नाले, झरने, तालाब तथा कुएँ इत्यादि में उपलब्ध जल स्रोतो को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के द्वारा सौर ऊर्जा चालित सिंचाई इकाईयों की स्थापना के लिए "किसान समृद्धि योजना" का प्रावधान किया गया है।

- योजना की मुख्य विशेषताएँ :–
1) इस योजना के अन्तर्गत दो तरह की सिंचाई ईकाईयो की स्थापना/वितरण का प्रावधान है :–
A. 5 Hp सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट उद्वह सिंचाई ईकाई
B. 2 Hp सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट चलंत सिंचाई ईकाई
2) योजना में सरकार निर्धारित न्यूनतम दर पर 90 प्रतिशत तक अनुदान देगी एवं 10 प्रतिशत अंशदान लाभुकों द्वारा दिया जायेगा।
3) योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा।
- किसान समृद्धि योजना अन्तर्गत सौर ऊर्जा चालित दो तरह की सिंचाई ईकाईयो की स्थापना /वितरण किया जायेगा :–

A. 5 Hp सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट उद्वह सिंचाई ईकाई :–
इसके अन्तर्गत नदी, नाले, तालाब, चेकडैम, बड़े कुएँ जैसे जल स्रोत जहाँ प्रायः सालों भर पर्याप्त मात्रा में सिंचाई जल उपलब्ध रहता है, पर 5 Hp क्षमता के सौर ऊर्जा चालित सतही पम्पसेट आधारित छोटे उद्वह सिंचाई ईकाई स्थापित किये जायेंगे जिनकी सिंचाई क्षमता लगभग 05 एकड़ होगी, इस उद्वह सिंचाई ईकाईयों की स्थापना एकल /सामूहिक इकाई के रुप में की जाएगी।

B. 2 Hp सतही सौर ऊर्जा आधारित पम्पसेट चलंत सिंचाई ईकाई :–
इसके अन्तर्गत नदी, नाले, तालाब, चेकडैम, कूप जैसे जलस्रोत जहाँ प्रायः सालों भर पर्याप्त मात्रा में सिंचाई जल उपलब्ध रहता है, पर 2 Hp क्षमता के सौर ऊर्जा चालित सतही पम्पसेट आधारित चलंत सिंचाई ईकाई किसानों को प्रदान किये जायेगें जिसकी सिंचाई क्षमता लगभग 01 एकड़ होगी। इस प्रकार की सिंचाई ईकाईयाँ ट्राली के उपर अवस्थित होंगी और जो किसानों को व्यक्तिगत स्तर पर उपयोग के लिये प्रदान की जाएगी।

- आवेदक की पात्रता एवं आवेदन की प्रक्रिया :–
(क) कृषक समूह/स्वयं सहायता समूह/FPO/FPC/Co-Operatives की ओर से समूह/संस्था के अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी आवेदन कर सकते है।
(ख) आवेदक किसान/अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार/राशन कार्ड का e-KYC होगा।
(ग) आवेदन में FPO/FPC/LAMPS/PACS के User Group लाभुकों की विवरणी देनी होगी।
(घ) किसान/समूह/संस्था यह सुनिश्चित करेंगे कि आवेदकों की भूमि जल स्रोत के पास में ही हो। अन्यथा भूमि निरीक्षण के दौरान आवेदन सही नहीं पाये जाने पर आवेदन निरस्त किया जा सकता है।
- पात्रता :–
➢ व्यक्तिगत किसान/कृषक समूह FPO/FPC/LAMPS/PACS के सदस्य/शेयर होल्डर–झारखण्ड राज्य का स्थानीय होना चाहिए।
➢ कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह (JSLPS पंजीकृत)/ FPO/FPC/LAMPS/PACS का पंजीकृत कार्यालय–झारखण्ड राज्य में होना चाहिए।
➢ किसान/सदस्य/शेयर होल्डर की आयु 18 वर्ष में अधिक होनी चाहिए।
➢ किसान/सदस्य/शेयर होल्डर के पास वैध आधार नम्बर होना चाहिए।
➢ एक परिवार से एक ही सदस्य पात्र होंगे।
➢ किसान/परिवार/समूह के सदस्य के पास जल स्रोत एवं जमीन होने का प्रमाण होना चाहिए।
➢ आधार लिंक मोबाईल नम्बर होना चाहिए।
- निम्नलिखित श्रेणी के आवेदक इस योजना के पात्र नहीं होगें :–
➢ बटाईदार किसान/परिवार में कोई सावैधानिक पद पर हो/राज्य एवं केन्द्र सरकार /पी०एस०यू०/सरकारी स्वायत्त निकायों के सेवारत या सेवा निवृत अधिकारी एवं कर्मचारी/डॉक्टर/इंजीनीयर/सी०ए०/आर्किटेक्ट्स/वकील जैसे प्रोफेशनल्स/सरकारी कर्मी (चतुर्थ वर्गीय कर्मी को छोड़कर)/जिसको अन्य किसी विभाग/ संस्था से समरूप सिंचाई योजना से आच्छादित लाभुक एवं उनके परिवार/काली सूची में दर्ज किसान उत्पादक समूह/किसान उत्पादक कम्पनी सहकारी समिति।
- आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज :–
(क) व्यक्तिगत किसान इस योजना के लिए निम्नलिखित दस्तावेज योजना के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड करने होंगे :–
a) जमीन का मालगुजारी रसीद
b) वंशावली का शपथ पत्र / JRFRY से अनुबंधित किसान
c) आधार कार्ड का फोटो कॉपी
d) बैंक पासबुक का फोटो कॉपी
e) आधार कार्ड लिंक्ड मोबाईल नम्बर
f) आधार लिंक्ड राशन कार्ड नम्बर
(ख) SHGs/FPo/FPC/LAMPS/PACS के लिए निम्नलिखित दस्तावेज योजना के पोर्टल पर ऑनलाई अपलोड करने होंगे :–
a) संस्था पंजीकरण का प्रमाण–पत्र
b) अध्यक्ष/सक्षम पदाधिकारी का आधार कार्ड तथ आधार लिंक मोबाईल नं०
c) यूजर ग्रुप के सदस्यों का आधार कार्ड
d) जिस भूमि के लिए आवेदन किया गया है, उस भूमि का मालगुजारी रसीद
e) संस्था का बैंक खाता
- आवेदन एवं लाभुक चयन की प्रक्रिया :–
➢ पात्र आवेदक अपना आवेदन दिये गये आवेदन प्रपत्र (क, ख, एवं ग) में सारी वांछित जानकारी भरेंगे। अलग–अलग प्रकार के आवेदक के लिए अलग–अलग आवेदन प्रपत्र भरे जायेंगे।
➢ आवेदक आवेदन करने के लिए योजना के पोर्टल से आवेदन पत्र डाउनलोड करेंगे।
➢ डाउनलोड आवेदन पत्र को आवेदक द्वारा भरा जायेगा। आवेदन पत्र भरने के उपरान्त ग्राम सभा/विशेष ग्राम सभा द्वारा अनुमोदन कराना होगा।
➢ ग्राम सभा/विशेष ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित आवेदन तथा वांछित दस्तावेजों के साथ आवेदक को अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र/लैम्पस/पैक्स या Banking Correspondent इत्यादि मे जाकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी तथा आवेदक को CSC हेतु निर्धारित सेवा शुल्क का वहन करना होगा।
➢ प्रज्ञा केन्द्र/लैम्पस/पैक्स द्वारा आवेदकों की सारी जानकारी पोर्टल पर ऑनलाईन भरी जायेगी तथा वांछित दस्तावेजों को भी अपलोड करना होगा। साथ ही आवेदक अपना आधार तथा राशन कार्ड आधारित e-KYC करायेंगे।
➢ ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त आवेदक को रसीद/पंजीकरण संख्या प्रदान की जायेगी, जो कि भविष्य में Reference के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।
➢ अनुमोदन प्राप्त लाभुकों को 07 दिनों के अन्दर Escrow Account बैंको में खुलवाना होगा तथा लाभुक अंशदान की 10 प्रतिशत राशि उस Escrow Account में जमा करना होगा।
➢ लक्ष्य का निर्धारण एवं योजनान्तर्गत 90 प्रतिशत अनुदान की राशि का निर्धारण से संबंधित कार्रवाई राज्यस्तर से की जा रही है। कार्रवाई पूर्ण होते ही प्रखण्ड हेतु निर्धारित लक्ष्य एवं कृषक अंशदान की राशि से अवगत कराया जायेगा।

योजना से संबंधित अधिक जानकारी/प्रपत्र हेतु आत्मा, लोहरदगा के वेबसाईट (www.atmalohardaga.co.in) तथा संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक से कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

–ह0–
जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा

PR 330867 Lohardaga(24-25).D


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले- संथाल परगना में स्थिति नाजुक

# डेमोग्राफी में बड़ा परिवर्तन डेमोक्रेसी के लिए है खतरा

■ झारखंड में तेजी से घट रही आदिवासियों की जनसंख्या



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने फिर एकबार संथाल परगना की बदलती डेमोग्राफी पर राज्य सरकार को घेरा। श्री मरांडी शुक्रवार को मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही है। संथाल परगना क्षेत्र की डेमोग्राफी में अप्रत्याशित बदलाव आये हैं। डेमोग्राफी का यह परिवर्तन डेमोक्रेसी के लिए खतरा है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन में सबसे ज्यादा अगर कोई समुदाय प्रभावित हुआ है तो वह है जनजाति समाज। उन्होंने 1951 और 2011 की जनगणना रिपोर्ट के आधार पर प्रकाशित आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि झारखंड में 1951 में आदिवासियों की आबादी 36 प्रतिशत, सनातनी हिंदू 87.9 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 8.9 प्रतिशत थी जबकि 2011 में आदिवासी 26 प्रतिशत हो गये और मुस्लिम 14.5 प्रतिशत और सनातनी 81.17 प्रतिशत हो गये। उन्होंने संथाल परगना का आंकड़ा बताते हुए कहा कि यहां की स्थिति तो खतरे की घंटी तक पहुंच गयी है। उन्होंने कहा कि 1951 में संथाल परगना में आदिवासियों की जनसंख्या 44.67 प्रतिशत, मुस्लिम 9.44 प्रतिशत और अन्य 45.9 प्रतिशत थी, जबकि 2011 में आदिवासियों की जनसंख्या घटकर 28.11 प्रतिशत हो गई और मुस्लिम आबादी बढ़कर 22.73 प्रतिशत पहुंच गई। अन्य की आबादी बढ़कर 49.2 प्रतिशत ही हुई। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े डेमोग्राफी में हुए बड़े बदलाव की ओर स्पष्ट संकेत कर रहे हैं। विगत दिनों भाजपा द्वारा किये गये मतदाता सर्वे के आंकड़ों पर विचार करेंगे तो संथाल परगना के 10 विधानसभा क्षेत्रों में 2019 से 2024 की मतदाता सूची में एक-एक बूथ पर 20 से लेकर 123 प्रतिशत तक मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने इसे लेकर चुनाव आयोग भी गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर घटती आबादी के कारणों की जांच एसआईटी गठित कर कराने की मांग की है।

# मनरेगा कर्मियों की हड़ताल से मजदूरों हो रहे बेरोजगार

सरकार ने असर जानने के लिए जिलों से मांगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मनरेगा कर्मियों के छठे दिन तक लगातार हड़ताल पर रहने की वजह से सरकार परेशान है। इस महत्वकांक्षी योजना का सारा कामकाज प्रभावित हो गया है। गरीब मजदूरों को रोजगार देने वाली इस योजना पर ब्रेक लग गया है। बिरसा हरित ग्राम, पशु शेड योजना, कूप निर्माण, मिट्टी खुदाई सहित सारे कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। मजदूरों का पेमेंट भी फंस गया है। मनरेगाकर्मी सेवा नियमित करने, मानदेय बढ़ोतरी सहित अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर अनिश्चितकालिन हड़ताल पर हैं। इनके हड़ताल पर जाने के बाद विभाग ने नो वर्क नो पे लागू किया हुआ है और जिलों को वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा है।

अब फिर से ग्रामीण विकास विभाग ने सभी उपायुक्त सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और सभी उपविकास आयुक्त को पत्र लिखा है और हड़ताल का हुए असर की जानकारी मांगी है। सभी जिलों के अधिकारियों से प्रतिवेदन मांगा है और पूछा है कि जिलों में मनरेगा कर्मियों की वर्तमान में क्या स्ट्रेंथ हैं। विभाग ने एक फॉरमेट दिया है जिसमें प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहायक अभियंता के समकक्ष, तकनीकी सहायक, कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक और ग्राम रोजगार सेवक की जानकारी मांगी है कि आखिर इनमें से कितने वर्तमान में कार्यरत हैं और कर्मी हड़ताल में शामिल हैं। विभाग ने कृत कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट मांगी है।

**पांच हजार से अधिक कर्मी हड़ताल पर :** झारखंड मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर राज्यभर के पांच हजार से अधिक मनरेगा कर्मी हड़ताल पर हैं। अध्यक्ष जॉन बागे के नेतृत्व में राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन भी चल रहा है। इससे पहले मनरेगा कर्मियों ने रैली, झामुमो कार्यालय का घेराव भी किया है।

# 61 बीडीओ का तबादला स्थगित, आदेश जारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रखंड विकास पदाधिकारियों के तबादले पर सवाल खड़ा होने के बाद झारखंड सरकार ने 24 जुलाई 2024 की तिथि को बीडीओ के सभी 61 पदाधिकारियों के तबादले को स्थगित करने का फैसला लिया है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अजय कुमार सिंह के हस्ताक्षर से आदेश जारी हुआ है और सभी उपायुक्त व उपविकास आयुक्त व संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। ग्रामीण विकास विभाग ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने 27 जून 2024 द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण में संबद्ध पदाधिकारियों के स्थानांतरण-पदस्थापन पर मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की तिथि 25 जुलाई 2024 से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 20 अगस्त 2024 तक पांबदी लगाया गया है। ऐसे में उक्त के आलोक में विभागीय निर्गत अधिसूचना संख्या 2664 से 2724 सह पठित ज्ञापांक 2725 दिनांक 24 जुलाई 2024 को अगले आदेश तक स्थगित किया गया है।

आजसू विधायक ने स्कूली शिक्षा मंत्री से मिलकर की मांग


# गोमिया के 19 मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में करें उत्क्रमित : डॉ लंबोदर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विधायक डॉ लंबोदर महतो ने अपने विधानसभा क्षेत्र के 19 मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में परिणत करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैजनाथ राम से मिलकर की। उन्होंने मंत्री को अवगत कराया कराया कि गोमिया प्रखंड अंतर्गत 17 और पेटरवार प्रखंड अंतर्गत दो 2 मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में परिणत किया जाना आवश्यक है। मंत्री को बताया कि गोमिया प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय हुरलुंग, मध्य विद्यालय चिदरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रहावन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चुट्टे, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कंडेर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलैया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़की सिधा वारा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खखंडा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरी बिहार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय केरी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरको और पेटरवार प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चरगी व उत्क्रमित मध्य विद्यालय टकाहा को उच्च विद्यालय में परिणत करने की जरूरत है। ऐसा होने पर सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का बेहतर विकास हो सकेगा। मंत्री ने विधायक को इस विषय पर सकारात्मक और समुचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

# कैमरून से लौटे प्रवासी मजदूरों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संयुक्त श्रमायुक्त को नोडल पदाधिकारी को नामित करने की अनुशंसा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कैमरून, दक्षिण अफ्रिका से लौटे झारखण्ड के 27 प्रवासी मजदूरों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संदर्भ में निर्देश दिये हैं। योजनाओं से आच्छादित कार्यों को सफल रूप से पूर्ण करवाने के लिये राजेश प्रसाद, संयुक्त श्रमायुक्त को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने की अनुशंसा की है।

श्री प्रसाद पत्र प्राप्ति के 72 घंटे के भीतर संबंधित जिले में जाकर उपायुक्त, जिला कौशल विकास पदाधिकारी एवं श्रम अधीक्षक से सम्पर्क स्थापित कर कार्य योजना तैयार कर इस कार्य को पूर्ण करायेंगे। श्रमायुक्त, झारखंड इस कार्य की प्रतिदिन समीक्षा कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# रामगढ़ डीसी और डीडीसी की कार्यशैली पर हाईकोर्ट नाराज

**रांची।** रामगढ़ जिला के डीसी और डीडीसी की कार्यशैली पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। शुक्रवार को न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट ने आदेश की अवहेलना करने के कारण दोनों अधिकारियों से अवमानना वाद शुरू करने को लेकर सवाल किया है। दरअसल प्रार्थी रंजीत साव एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पिछले महीने रामगढ़ जिला में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में विभिन्न पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट से रोक के बाद भी जिला प्रशासन ने 1 जुलाई को नियुक्ति कर दी। जिसपर अदालत ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि हाईकोर्ट के आदेश में हल्के में नहीं ले सकते।

# हिमांशु शेखर चौधरी को पद से हटाए जाने के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने हिमांशु शेखर चौधरी को राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष पद से हटाए जाने के राज्य सरकार के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है कि इस पद पर अगले आदेश तक किसी की नियुक्ति न की जाए। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि हिमांशु शेखर चौधरी की नियुक्ति राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में फरवरी 2021 में 5 वर्षों के लिए हुई थी लेकिन जुलाई 2024 में उन्हें अचानक बिना किसी शो काज और कार्रवाई के बर्खास्त कर दिया गया था। राज्य सरकार की ओर से उनको हटाने का कारण विभाग को आय -व्यय की विवरणी समर्पित नहीं करना बताया गया था।

सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बताया गया कि हिमांशु शेखर चौधरी केंद्र और राज्य सरकार के कानून में जो भी योग्यता की शर्तें हैं उसमें से कोई बिंदु इनके मामले में लागू नहीं होता है। वे इस पद के योग्य हैं। जिस पर कोर्ट ने उनके बर्खास्त किए जाने के आदेश पर स्थगन आदेश पारित करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि अगले आदेश तक राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष पद पर किसी की नियुक्ति नहीं की जाए। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गई। मामले की अगली सुनवाई अगस्त माह में होगी।


AFFIDAVIT

I, ABHAY KUMAR SINGH, S/O Late Dhruw Narayan Singh, Resident of Saryoday Nagar, Dam side, Kanke Road, Near Chandra Apartment, Gandhi Nagar, Morabadi, Ranchi, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That "TEJASWINI SINGH" is my daughter who was born on 07.05.2010, and her mother's name is MAMTA SINGH
2. That she is a Student of D.A.V. Public School, Gandhi Nagar, Kanke Road, Ranchi in class IX.
3. That in her School register, her name is written as TEJASWINI only, and in her Aadhaar Card No.5291 2519 6737.
4. That now I want to add my Title 'SINGH' in the name of my said daughter as her full name as TEJASWINI SINGH in place of TEJASWINI.
5. That from today, the name of my said daughter will be known as TEJASWINI SINGH in place of TEJASWINI,
6. That I Swear this affidavit for correction the name of my said daughter as TEJASWINI SINGH in place of TEJASWINI her school register and her Aadhar Card.
7. That aforesaid contents are true to the best of my knowledge.

Series No. 23-24/J1 22313.


बंगलादेशी घुसपैठ को लेकर भाजपा हमलावर, इंडी गठबंधन ने विपक्ष को घेरने की बनायी रणनीति

# संथाल में डेमोग्राफिक चेंज पर डूब-उतरा रही राजनीति

■ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी रांची दौर पर संथाल की डेमोग्राफिक चेंज को लेकर राज्य सरकार को घेरा था





**उदय चौहान**

**रांची।** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ और संथाल में डेमोग्राफिक चेंज को लेकर राजनीति डूब-उतरा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रांची दौरे में भी इस मुद्दा को उठाया गया। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने इस मुद्दे को झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र में भी उठाने का प्लान तैयार किया है। हांलाकि, सत्ताधारी दलों ने भी संथाल परगना में बंगलादेशी घुसपैठियों को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। सत्ताधारी दलों के नेताओं ने कहा है कि बीएसएफ केंद्र के अधीन आता है। संथाल में यदि घुसपैठ हो रही है तो इसके लिये केंद्र सरकार जिम्मेवार है। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने तो कहा है कि भाजपा बेवजह बंगलादेशी घुसपैठ के मुद्दे को गरम कर रहा है। इस तरह की कोई बात संथाल में अभी तक सामने नहीं आया है। भाजपा को हिन्दू-मुस्लिम करने की आदत बन गयी है। अब इसको लेकर इंडिया गठबंधन दल के नेता भाजपा को घेरने की तैयारी में हैं। हालांकि भाजपा इन दिनों बंगलादेशी घुसपैठ जैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्दे को लेकर काफी हमलावर है। भाजपा लगातार कह रही है कि राज्य में महागठबंधन की सरकार में वोट की राजनीति की वजह से आदिवासियों की जनसंख्या घटी है और मुस्लिमों की आबादी बेतहाशा बढ़ी है। इतना ही नहीं, भाजपा का आरोप है कि घुसपैठियों का नाम इलेक्टोरल शीट पर चढ़ाकर चुनावी नतीजों को भी प्रभावित किया जा रहा है। लेकिन संथाल में डेमोग्राफी चेंज और बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर भाजपा के आक्रमक तेवर का जवाब उसी की भाषा में देने की रणनीति झामुमो और कांग्रेस ने बनाई है। रणनीति के तहत कांग्रेस और झामुमो के नेता बांग्लादेशी घुसपैठियों के देश में प्रवेश को मोदी सरकार और गृह मंत्रालय की विफलता बता रहे हैं। इसके साथ दोनों दलों नें भाजपा के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर भी सीधा हमला करने की रणनिति बना रहे हैं। इतना ही नहीं असम की ओर भी से हो रहे घुसपैठ का मुद्दा उठाकर महागठबंधन के नेता राज्य की जनता को यह संदेश देने का काम करेंगे कि भाजपा सिर्फ राज्य का माहौल बिगाड़ने के लिए इसे मुद्दा बना रही है। बंधु तिर्की ने साफ कर दिया है कि पार्टी सिर्फ संथाल ही नही बल्कि राजधानी रांची, बोकारो, जमशेदपुर और अन्य इलाकों में कम होती आदिवासियों की आबादी और उसके जिम्मेवार की पहचान का मुद्दा उठाकर भाजपा के चुनावी मुद्दे को कुंद करने की तैयारी कर ली है।

बंधु तिर्की ने कहा कि बाबूलाल मरांडी और अन्य भाजपा नेता सिर्फ जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज की डेमोग्राफिक चेंज के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार बता रहे हैं लेकिन इसके असली जिम्मेदार बीएसएफ है। 10 साल से केंद्र में किसकी सरकार है। इसका जवाब भाजपा को देना चाहिये।

वहीं, झामुमो ने संथाल के कई जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से हो रहे डेमोग्राफिक चेंज के लिए भाजपा की केंद्र सरकार को ही जिम्मेदार करार दिया है। ऐसे में घुसपैठ रोकने की जिम्मेदारी भाजपा की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की है। दूसरी ओर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी हर रोज संथाल में घुसपैठ और आदिवासियों की जनसंख्या कम होने का राग अलाप रहे हैं। इसके लिए गठबंधन सरकार की तुष्टिकरण नीति को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने सीएम को पत्र लिख कर बंगलादेशी घुसपैठ और आदिवासियों की डेमोग्राफिक चेंज को गंभीरता से लेने की चर्चा की है। उन्होंने साफ किया है कि मॉनसून सत्र में आदिवासियों की घटती आबादी के सवाल पर सदन को गरम किया जायेगा।

# सड़क किनारे खोदी नाली, लग रहा जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सड़क किनारे की जा रही खुदाई से आम लोग परेशान हैं। नाली खोदने के कारण सड़क तंग होने से ट्रैफिक वन-वे हो गया है जिससे अत्यधिक जाम की समस्या हो रही है। गुरूवार को मोराबादी टैगोर हिल रोड़, कचहरी रोड, कांटाटोली, लालपुर में सड़क खुदाई के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। ट्रैफिक पुलिस को यातायात बहाल रखने के लिए खूब पसीना बहना पड़ा। जाम का मुख्य कारण राजधानी में चल रही सड़क किनारे खुदाई है या फिर खुदाई के बाद बने गड्ढे हैं। गाड़ियां फंस रही हैं, पैदल चलने वाले गिर रहे हैं, बाइक सवार परेशान हैं और राहत कहीं से मिल नहीं रही।

**तीन योजनाओं के लिए गड्ढे की खुदाई**

- गैस पाइप लाइन के लिए
- ड्रेनेज निर्माण के लिए
- नल-जल योजना

राजधानी के लगभग हर मुख्य सड़क और मोहल्लों की सड़कों को खोदकर या तोड़कर छोड़ दिया गया है। सड़क के अंदर पाइप, तार बिछाने से लेकर नाला निर्माण के लिए नगर निगम ने इन सड़कों को खोदने की मंजूरी दी है। बरियातू के देवराज सिंह ने बताया कि नल-जल योजना के तहत पानी पहुंचाने के एक माह पहले ही पाइप डाला गया है। उसके बाद नाली के पानी निकासी करने के लिए चैंबर बनाया गया है लेकिन उसके बाद सड़क की मरम्मत नहीं हुई।





> कोई भी कंपनी सड़क को खोद कर अंदर पाइप या तार बिछाता है तो उसके लिए नगर निगम से एनओसी लेना पड़ता है। सभी कंपनी एनओसी लेकर काम कर रहे हैं। काम खत्म होने के बाद उसे मरम्मत भी करना है। यह एग्रीमेंट में है। ढलाई सड़क है तो ढलाई या पिच है तो पिच सड़क की मरम्मत करनी है। अगर सड़क मरम्मत करने पर देरी होती है तो संबंधित एजेंसी पर निगम कार्रवाई भी करती है।
>
> **अर्जुन यादव, पूर्व पार्षद**

# डेढ़ लाख रुपये में बिकनेवाली थी नवजात, पुलिस ने बचाया

**तीन महिला गिरफ्तार**

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। नवजात बच्चे को डेढ़ लाख में बेचने से पहले रांची पुलिस ने तीन महिला को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सीमा देवी, पिंकी देवी और पूनम देवी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस को 24 जुलाई को जानकारी मिली थी कि रांची रेलवे स्टेशन के सीढ़ी पुल के नीचे से छह माह के नवजात बच्चे की चोरी कर ली गयी है। सूचना मिलने के बाद एक टीम का गठन किया गया। टीम ने बच्चे की सकुशल बरामद कर लिया। नवजात को धुर्वा थाना क्षेत्र से बरामद किया गया।

**डेढ़ लाख में हुआ था बच्चे का सौदा :** एसएसपी ने बताया की पूछताछ में गिरफ्तार महिला पिंकी कुमारी द्वारा यह बताया गया कि बच्चे को उनके द्वारा डेढ़ लाख में पूनम देवी और सीमा देवी को 25 जुलाई की शाम में बेचने की योजना बनाई गई थी। जिसके पूर्व ही छापामारी कर इस योजना को विफल कर दिया गया। पूछताछ में यह भी बात पता चली कि सीमा देवी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति से बच्चा बेचने की बात तय की गयी था। इसके पूर्व ही घटना का पर्दाफाश हो गया।

## दवा के मेले में उमड़ी भीड़, खूब हुई शृंगार और घरेलू सामान की बिक्री



**डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने लगाया आइएमए परिसर में मेला**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आईएमए परिसर में शनिवार को डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन द्वारा लगाये गए मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। छुट्टी का दिन होने से लोग परिवार संग मेले में पहुंच कर पूरा आनंद लिया। इससे दुकानदारों के भी चेहरे खिल उठे। इस दौरान लोगों ने जमकर खरीदारी भी की और लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। महिलाएं श्रृंगार व घरेलू सामान की खरीदारी में व्यस्त दिखीं।

**मेला का उद्घाटन डॉक्टर शोभा चक्रवर्ती एवं मीरा मुंडा ने किया**

मेला का उद्घाटन डॉक्टर शोभा चक्रवर्ती एवं मीरा मुंडा ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अजय कुमार सिंह, डॉ काजल (प्रेसिडेंट आईएमए) मौजूद थे। इस मौके पर चेयरपर्सन विनीता शरण एवं फाउंडर एंड को-चेयरपर्सन झूमा सरकार, श्रीला चौधरी (अध्यक्ष) अमृता वैद्या (सचिव) मोनीदीपा दास गुप्ता (कोषाध्यक्ष) रिंकू चौधरी, अंजू कुमारी सिंह, पल्लवी शरण, नीलम शेखर, बिंदू प्रसाद मौजूद थी।

**मेले में लगी खान-पान की दुकानों पर काफी भीड़ रही :** दुकानदारों की बल्ले-बल्ले रही। मेले में लोगों ने जलेबी व छोला तो खाया ही साउथ इंडियन डिश पर भी अधिक झुकाव दिखाया। दुकानों पर परंपरागत छोला, जलेबी बर्गर, चाउमीन तक लोगों की पसंद बनी रही।

## 29 जुलाई को दिल्ली के जंतर मंतर से राष्ट्रव्यापी आंदोलन

# नारी न्याय की मांग को लेकर आंदोलन में शामिल होंगी महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता

**9 और 10 अगस्त को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा आयेंगी झारखंड, प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कर नारी न्याय एवं विधानसभा चुनाव पर बनायी जाएगी रणनीति**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव सुंदरी तिर्की ने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा की अगुवाई में 29 जुलाई सोमवार को दिल्ली के जंतर मंतर से एक राष्ट्रीय व्यापी आंदोलन की शुरूआत करने जा रही है। इस आंदोलन में शामिल होने के लिए झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में हजारों महिलाएं शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों में दिल्ली से नियुक्त पर्यवेक्षक की उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी की बैठक की जा रही है। इसके बाद 9 एवं 10 अगस्त को अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा का झारखंड आगमन होगा और प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कर नारी न्याय एवं विधानसभा चुनाव पर रणनीति बनायी जाएगी। सुन्दरी तिर्की शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रही थी। इस अवसर पर मेरी तिर्की, नीलम सहाय, मीनू सिंह, उमैरा खातून, ललिता देवी मौजूद थीं।

श्रीमती तिर्की ने कहा कि इस नारी न्याय आंदोलन की तीन बड़ी और महत्वपूर्ण मांगे केंद्र सरकार से रहेंगी। इसके तहत महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण और भागीदारी के तहत महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू करने करने की मांग। आर्थिक सशक्तिकरण के तहत देश की आधी आबादी को राहत देने के लिए नारी न्याय के तहत महालक्ष्मी योजना के अनुसार हर गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपया या हर महीने 8,500 रुपए की आर्थिक सहायता सीधा उनके बैंक खातों में दिये जाने की मांग के साथ सामाजिक न्याय और सुरक्षा का अधिकार की मांग शामिल है।

सन्दरी तिर्की ने कहा कि यह आंदोलन भारत की राजधानी दिल्ली से होते हुए हर राज्य की राजधानी, हर बड़े शहरों और जिलों तक में तब तक जारी रहेगा जब तक आधी आबादी की मांगो को मान नहीं लिया जाता और उन्हें उनके हक -अधिकार और सुरक्षा नहीं दे दी जाती। अंत में उन्होंने कहा कि यह आंदोलन न्याय का हक मिलने तक यूँ ही जारी रहेगा।

### खबर एक नजर में

## रांची के हिंदपीढ़ी में ठेकेदार ने की आत्महत्या

रांची। राजधानी के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के इमली चौक के पास रहने वाले एक व्यक्ति सत्यजीत सरकार ने आत्महत्या कर ली। वह पेशे से ठेकेदार था। गोली चलने की आवाज सुनने के बाद पड़ोसियों ने उनकी पत्नी को फोन किया। पत्नी ने पूरे मामले की जानकारी दी। परिजन जब फ्लैट के बाहर पहुंचे तब दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम दरवाजे को तोड़कर अंदर पहुंची तो सोफा पर सत्यजीत सरकार का शव मिला। उनके हाथ में पिस्टल था। रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामला आत्महत्या का है। फिलहाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। सत्यजीत सरकार ठेकेदारी करते थे। घटना के समय उनकी पत्नी और बच्चे मायके गए हुए थे। मामले की तफ्तीश के लिए एफएसएल की टीम ने वहां से साक्ष्य एकत्रित किया और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## आरोपी विनोद सिंह की एबीपी पर आंशिक सुनवाई

रांची। बड़गाई अंचल से जुड़े 8.86 एकड़ जमीन घोटाले में चार्जशीटेड आर्किटेक्ट बिनोद कुमार सिंह की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को पीएमएलएल कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने समय की मांग की। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 5 अगस्त निर्धारित की है। उन्होंने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए अदालत से अग्रिम जमानत की गुहार लगाई है। इसके लिये उनके अधिवक्ता ने 15 अप्रैल को याचिका दाखिल की है।

## दुष्कर्म व हत्या के दोषी को 20 साल की कैद

रांची। नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में दोषी करार लापुंग के परसा गांव निवासी युवक प्रदीप सिंह को पोक्सो की विशेष अदालत ने शुक्रवार को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने उक्त आरोप में 20 जुलाई को दोषी करार दिया था। दूसरे आरोपी नीलू लोहरा को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। प्रदीप सिंह ने 19 जून 2021 को 14 वर्षीय नाबालिग को सुनसान जगह पर ले जाकर दुष्कर्म किया था। इसमें उसका दोस्त नीलू लोहरा ने सहयोग दिया था। नीलू का आरोप अदालत में साबित नहीं हो सका। पीड़िता घर लौटकर मामले की जानकारी परिजनों को दी थी। अगले दिन 20 जून 2021 को नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

## धमकी देने के आरोपियों की एबीपी खारिज

रांची। जान मारने की नियत से हमला करने के नामजद आरोपी मोहित राज उर्फ मोहित कुमार, निखिल कुमार एवं अनिकेत कुमार को अदालत से झटका लगा है। अपर न्यायायुक्त संजीव झा की अदालत ने तीनों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। तीनों पर नगड़ी थाना अंतर्गत मेराल गांव निवासी सोनू पटेल और उसका छोटा भाई अमन पटेल पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। सूचक की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने जमानत देने का जबरदस्त विरोध किया। साथ ही, घटना में लगी गंभीर जख्म का फोटोग्राफ अदालत के समक्ष रखा था। घटना को अंजाम 18 जून की रात दलादली चौक पर दिया गया था। घटना के तीसरे दिन 21 जून को उसके पिता धर्मदेव पटेल ने नगड़ी थाना, दलादली टीओपी में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें रिशु कुमार, राज सिंह, विशाल कुमार, सुजल कुमार एवं प्रशांत कुमार का नाम शामिल है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि निखिल कुमार ने शादी में वीडियो और फोटोग्राफ बनाने के नाम पर बुलाया और स्टील रॉड, पत्थर और डंडा से मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। रिची अस्पताल में इलाज के भर्ती कराया गया था।

## प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के कार्यालय प्रभारी बने राजू राम



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन केदार पासवान ने रांची महानगर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजू राम को प्रदेश कार्यालय प्रभारी का अतिरिक्त जिम्मेवारी सौंपी है, जो तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा। केदार पासवान ने राजू राम के प्रति आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने कर्त्तव्यों का निर्वाहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक करते हुए अनुसूचित जाति के हितों के लिए कार्य करेंगे। साथ हीं साथ कांग्रेस की नीति-सिद्धान्तों को जन-जन तक पहुंचाकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हाथों को मजबूती प्रदान करेंगें तथा अनुसूचित जाति विभाग में अधिक से अधिक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए संगठन की मजबूती में अपना महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।

## नयी ट्रैफिक व्यवस्था का विरोध करेंगे व्यवसायी, 28 को होगी बैठक



रांची। नगर निगम की ओर से लघुभार माल वाहकों के लिए नई व्यवस्था लागू की गयी है। जिसके विरोध में रांची गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने नगर आयुक्त और ट्रैफिक एसपी से मिले। जहां अधिकारियों को एसोसिएशन की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें तय किया गया कि पुलिस अधीक्षक से मिलकर चैंबर ऑफ कॉर्मस, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन समेत अन्य व्यवसायिक संगठन एक साथ इस पर चर्चा करेंगे। वहीं, आने वाले 28 जुलाई को एसोसिएसन सदस्यों की बैठक बुलायी गयी है। जिसमें शहर की यातायत व्यवस्था से जुड़ी समस्या पर विचार विमर्श किया जायेगा। परिवहन व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जयसवाल, कांके विधायक समरी लाल, भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू उपस्थित रहेंगे।

**महिला सशक्तिकरण और रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रख कर बनायी गयी है योजना**

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जोड़ी जायेंगी राज्य की 48 लाख महिलायें

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हेमंत सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक नई योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत शुरूआती दौर में अड़तालीस लाख महिलाओं को जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है।

**क्या है योजना :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना हेमंत सरकार का महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुये 1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। योजना के तहत प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।

**किसे मिलेगा लाभ :** इस योजना के तहत लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखंड की निवासी हो। उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम की हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल एकल बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है, वे भी योजना का लाभ दिसंबर 2024 तक उठा सकतीं हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना, पीला रंग का राशन कार्ड, पूर्वविक्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड, गुलाबी रंग का राशन कार्ड, सफेद रंग का राशन कार्ड, हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

> **क्या है सरकार की मंशा :** हेमंत सरकार ने हाल के दिनों में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिये कई योजनाओं को पेश किया। इन योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु थी और उनके आर्थिक उन्नयन का का विशेष ख्याल रखा गया था। स्कूल जाने वाली बच्चियों के लिए योजना थी, साथ ही घरेलू महिलाएं जो छोटे-मोटे कामकाज करना चाहती थी उन्हें भी कैसे सहायता मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया था।
>
> **महिला सशक्तिकरण और उनसे केंद्रित हेमंत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं :** सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में आठवीं से बारहवीं कक्षा तक की तथा 18-19 वर्ष की बेटियों को आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के तहत 40 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलती है।

## एचइसी पर मुख्यमंत्री का बयान स्वागत योग्य : इंडी गठबंधन



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। इंडी गठबंधन के घटक दलों ने मुस्ताक आलम जिला अध्यक्ष झामुमो की अध्यक्षता एचईसी के मुद्दे को लेकर बैठक आयोजन किया गया। इस बैठक का संचालन इंडिया गठबंधन के संयोजक सह सीपीआई कार्यालय सचिव अजय सिंह ने किया। बैठक का उद्देश्य एचईसी के मुद्दों को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रभात तारा मैदान में दिए गए बयान पर सहमति जताना था। परिचर्चा में सभी पार्टियों के साथी नेताओं ने मुख्यमंत्री द्वारा एचईसी पर की गई घोषणा, अगर केंद्र सरकार एचइसी को चलाने में सक्षम नहीं है तो राज्य सरकार को सौंप दे, इसका स्वागत सभी घटक दलों के लोगों ने किया और केंद्र सरकार से मांग की कि झारखंड सरकार को सभी प्रक्रिया पूरी कर एचईसी को सौंप दें। राज्य सरकार एचईसी को सुचारू रूप से चलायेगी। एचईसी कर्मियों को भाजपा के सांसद, विधायक एवं केंद्रीय मंत्री बरगलाना बंद करें। कर्मचारियों को बकाया वेतन भुगतान करें, सप्लाई कर्मियों की पुनः उनकी सेवा बहाल करे।

# हेमंत सरकार में पांचवें डीजीपी बने अनुराग गुप्ता, रहेंगे प्रभार में

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। झारखंड में एक बार फिर डीजीपी बदल गये हैं। 1989 बैच के अजय कुमार सिंह की जगह सीआईडी के महानिदेशक अनुराग गुप्ता को अगले आदेश तक डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। 1990 बैच के अनुराग गुप्ता के पास पहले से एसीबी के महानिदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार है। अजय कुमार सिंह को पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बना दिया गया है, जबकि 1992 बैच के आईपीएस प्रशांत सिंह को पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन से स्थानांतरित कर संचार एवं तकनीकि सेवा का पुलिस महानिदेशक बनाया गया।

**सीडी प्रकरण में चर्चा में आये थे आईपीएस अनुराग गुप्ता :** 1990 बैच के अनुराग गुप्ता 2016 के राज्य सभा चुनाव के वक्त चर्चा में आए थे। तब जेवीएम सुप्रीमो रहे बाबूलाल मरांडी ने साल 2017 में एक सीडी जारी की थी। उसमें पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और तत्कालीन एडीजी रहे अनुराग गुप्ता के बीच हुई बातचीत का जिक्र था। बाबूलाल मरांडी का आरोप था कि कांग्रेस विधायक निर्मला देवी को वोट देने से रोकने के लिए धमकी दे रहे थे। इसी मामले में चुनाव आयोग ने अनुराग गुप्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को कहा था। उनके खिलाफ 29 मार्च 2018 को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। 14 फरवरी 2020 को हेमंत सरकार ने अनुराग गुप्ता को निलंबित कर दिया था। वह करीब 26 माह तक निलंबित रहे थे। हालांकि बाद में कैट यानी सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल ने सुनवाई के बाद राज्य सरकार को निलंबन वापस लेने का आदेश दिया था। कैट ने अपने फैसले में कहा था कि नियमानुसार दो साल से ज्यादा अवधि तक निलंबित नहीं रखा जा सकता। इसके बाद विभागीय कार्रवाई चली और अनुराग गुप्ता को क्लीन चिट मिल गया।

**झारखंड में बदलते रहे डीजीपी :** 2019 के विस चुनाव के बाद हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी थी। उस वक्त 1986 बैच के आईपीएस कमल नयन चौबे डीजीपी थे, लेकिन सरकार बनने के तीन माह के भीतर केएन चौबे को हटाकर 1987 बैच के आईपीएस एमवी राव को राज्य के डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया था। राज्य सरकार के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका के जरिए चुनौती भी दी गई थी। वह एक साल भी इस पद पर नहीं रह पाए। उनकी जगह 11 फरवरी 2021 को 1987 बैच के आईपीएस नीरज कुमार को नियमित डीजीपी बनाया गया। नीरज सिन्हा 31 जनवरी 2022 को ही सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन राज्य सरकार ने एक साल सेवा विस्तार दे दिया। नीरज सिन्हा का कार्यकाल पूरा होने के बाद 1989 बैच के अजय कुमार सिंह को फरवरी 2023 में डीजीपी बनाया गया था। इससे पहले वह पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सीएमडी थे।

> **हेमंत सरकार में किस डीजीपी का रहा कितना कार्यकाल**
>
> कमल नयन चौबे- जून, 2019 से 14 मार्च 2020 तक, एमवी राव- 15 मार्च 2020 से 12 फरवरी 2021 तक, नीरज कुमार- 11 फरवरी, 2021 से 11 फरवरी 2023 तक, 1989 बैच के अजय कुमार सिंह- 15 फरवरी 2023 से 26 जुलाई 2024

## ऑपरेशन मुस्कान से कई बच्चियों को दी नयी जिंदगी...

**अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में मिला था झारखंड पुलिस को विशेष सम्मान**

कुबेर सिंह

रांची। अनुराग गुप्ता झारखंड पुलिस में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। गढ़वा, हजारीबाग एसपी और रांची के एसएसपी के पद पर रहते हुए उन्होंने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है। इसके अलावा बोकारो रेंज के डीआईजी के पद पर भी लंबे समय तक कार्यरत रहे। झारखंड पुलिस मुख्यालय में अनुराग गुप्ता को एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद का लंबा अनुभव है। सीआईडी डीजी रहते हुए उन्होंने कई साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर अपनी योग्यता सिद्ध की है।

**एलएलबी के लिए मांगी थी राज्य सरकार से इजाजत :** झारखंड कैडर के 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता एडीजी प्रशिक्षण थे, तब उन्होंने एलएलबी की पढ़ाई करने के लिये हेमंत सोरेन सरकार से इजाजत मांगी थी। वे रांची स्थित इक्फाई विश्वविद्यालय में पार्ट टाइम क्लास कर एलएलबी की पढ़ाई पूरी करने के लिए राज्य सरकार से अनुमति मांगी थी। मूल रूप से पंजाब के रहने वाले अनुराग गुप्ता ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की। जब अनुराग गुप्ता पर राज्यसभा चुनाव-2016 में हार्स ट्रेडिंग का आरोप लगा और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू हुई, तब वे राज्य सरकार को लगातार पत्राचार कर एक सरकारी पदाधिकारी की मांग करते रहे। उन्होंने विभाग को बताया था कि उन्हें विभागीय कार्रवाई के कानूनी पहलुओं की बहुत जानकारी नहीं है, इसलिए उनका पक्ष रखने व उन्हें सहयोग करने के लिए एक सरकारी पदाधिकारी दिया जाय। उन्हें सहयोग तो नहीं मिला लेकिन अंततः वे आरोपों से मुक्त हो गए।

> **स्कोच सम्मान दिलाने में है अहम भूमिका**
>
> प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता का सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उठाये गये कदमों व नयी कोशिश में पहल करने में अग्रणी हैं। स्वतंत्र पेशेवर संस्था स्कोच फाउंडेशन की ओर से स्कोच अवार्ड में देश में आईटी परियोजनाओं इंडियाज बेस्ट-150 की सूची में ऑडर ऑफ मेरिट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। जब झारखंड पुलिस को यह सम्मान मिला, अनुराग गुप्ता पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग में थे। उन्होंने मानव तस्कर गिरोह की कमर तोड़ कर रख दी थी। अनुराग गुप्ता ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत कई बच्चों को बरामद कर नयी जिंदगी प्रदान की।

# कोयला उद्योग के चार बड़े यूनियन सीटू, इंटक, एटक और बीयुएमएस की बैठक आयोजित

## बैठक में कोयला मंत्रालय को देने के लिए मांग पत्र किया गया तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोयला उद्योग के तमाम केंद्रीय संगठन सीटू, इंटक, एटक, बीयुएमएस के अध्यक्ष सचिव और उनके प्रतिनिधि की बैठक पूर्व सांसद और वरिष्ठ यूनियन लीडर रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को सर्किट हाउस रांची में हुई। बैठक में भारत सरकार के कोयला मंत्री और कोयला राज्य मंत्री से कोयला उद्योग की समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र तैयार किया गया। इस मौके पर बेरमो विधायक और इंटक नेता अनूप सिंह ने कहा कि कोल इंडिया देश के अंदर दो भाग में काम करता है एक कोयला मंत्रालय और दूसरा कोल इंडिया काम करती है। राष्ट्रीय हित पर कोयला मंत्रालय के मंत्री और राज्य मंत्री को एक मांग पत्र सौंपेंगे।

**बैठक में तय की गयी मांग :** कोयला उद्योग के निजीकरण को पूरी तरह से रोका जाए। एमडीआर एक्ट के अनुसार कोयला मंत्रालय कम करें। कोयला रिवेन्यू शेयरिंग पर कोल माइनिंग का आवंटन कॉल इंडिया कर रही है, जिसमें कोयला बेचने उसका दाम तय करने का अधिकार भी उसी कंपनी को दिया जा रहा है इसे तुरंत रोका जाए। कोयला उद्योग के सीएसआर फंड में कोल इंडिया के यूनियन की भागीदारी तय हो। सिक्स्थ टर्म एम्पलाई पूरी तरह से बंद हो,और कोयला उद्योग के रिक्त पदों में स्थाई नियुक्ति किया जाए। ठेका मजदूरों को उसके एक माह के सैलरी के बराबर बोनस की सुविधा दी जाए। कोयला उद्योग के मजदूर जो किसी कारण से अस्वस्थ हो जाते हैं उनके परिवार के आश्रित आश्रितों को नौकरी देने का प्रावधान था, जिसे बाद में बंद कर दिया गया उसे फिर से चालू किया जाए। कोल इंडिया देश का एक नवरत्न रहा है कोल इंडिया के निर्माण में यूनियन, सरकार, रैयतों और विस्थापितों का बड़ा योगदान रहा है लेकिन उनकी नौकरी को बढ़ावा नहीं दी जाती है उसे नौकरी दी जाए। भारत सरकार ने मजदूर विरोधी लेबर कोर्ट बनाया है उसे पूरी तरह से खत्म किया जाए। कांटेक्ट मजदूर जिनकी मौत होती है उन्हें मुआवजा के अतिरिक्त 40 लाख का भुगतान किया जाए। कांटेक्ट सिस्टम में ठेका मजदूर वही रहना चाहिए भले ही ठेकेदार बदल जाए मजदूर नहीं बदला जाना चाहिए। 1 जनवरी 2017 से ग्रेजुएटी लागू किया जाए। कोयला उद्योग में जितने मजदूर पूरे देश में शामिल है सभी को सीएमपीएफ के सदस्य बनाया जाए। जेबीसीसीआई कोल इंडिया के अलावा कोयला कोयला उद्योग में जितनी भी कंपनियां है उसको इसमें शामिल किया जाए। इंडियन नेशनल माइंस वर्कर्स फेडरेशन जो इंटक से एफिलेटेड है उसके प्रतिनिधि को सभी कोयला उद्योग की कमेटी, सब कमेटी में शामिल किया जाए। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व सांसद रविंद्र कुमार और विधायक अनूप सिंह ने कहा कि अगर कोयला मंत्रालय हमारी मांगों को मानती है तो ठीक है और नहीं तो पूरे देश के कोयला उद्योग में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस मना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने कारगिल विजय दिवस मनाने के लिए शुक्रवार को एक विशेष सभा का आयोजन किया। छात्रों ने सैनिकों की बहादुरी और देशभक्ति पर प्रकाश डालने वाले गीत, नाटक, कविता पाठ और भाषण प्रस्तुत किए। यह कार्यक्रम भारतीय सशस्त्र बलों के शहीदों को एक विनम्र श्रद्धांजलि थी। प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को भारतीय सेना की वीरता के बारे में याद दिलाया और राष्ट्रीय गौरव के महत्व और साहस और बलिदान के पाठों पर जोर देते हुए एक भावपूर्ण संदेश दिया।

# बाल श्रम और यौन शोषण अपराध : राजेश सिंह

## बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण के विरूद्ध जागरूकता कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण के विरूद्ध शुक्रवार को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन सिन्दुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से डालसा सभागार में किया गया।

मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय- 2 ने कहा कि यह कार्यशाला बच्चों के संरक्षण से संबंधित कानून के बारे में आप सभी को जागरूक करने के लिए है, ताकि आप कस्बों, गांवों, सुदुरवर्ती क्षेत्र में जाकर लोगों को जागरूक कर सकें और बच्चों के अधिकारों के बारे में बता सकें। कार्यशाला को एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, सी.डब्ल्यू.सी. के सदस्य विनय कुमार, डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रियरंजन, दुर्गा शंकर साहू, बचपन बचाओ आंदोलन के ब्रजेश कुमार मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## खबर एक नजर में

# आकाश का एंथे, एईएसएल की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा 19 से 27 अक्टूबर तक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) शुक्रवार को कक्षा सातवीं से बारहवीं के छात्रों के लिए 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति और नकद पुरस्कार की योजना एंथे लॉंच की। यह राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा 19 से 27 अक्टूबर तक ऑनलाइन और ऑफलाइन होगी। इस योजना के तहद 100 फीसदी तक छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध; कक्षा 7 से 9 में शीर्ष 100 छात्रों और कक्षा 11-12 में शीर्ष 50 छात्रों के लिए नकद पुरस्कार दिया जायेगा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के सीईओ और एमडी दीपक मेहरोत्रा ने बताया कि आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) ने अनगिनत छात्रों की आकांक्षाओं और क्षमताओं के बीच अंतर को पाटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि एंथे एक घंटे की परीक्षा होगी, जिसमें कुल 90 अंक होंगे और 40 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जो छात्रों की उनकी कक्षा और विषय विचारों के आधार पर होंगे।

# रीबॉक ने नयी एक्सक्लूसिव दुकान का किया उद्घाटन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रीबॉक (आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल) ने रांची में अपनी नई एक्सक्लूसिव दुकान का उद्घाटन शुक्रवार को किया। इस दुकान का उद्घाटन सुदेश महतो ने किया। कंपनी के ऋषभ, सचिन शर्मा और नीलम ने बताया कि दुकान में आपको रनिंग, वॉकिंग, ट्रेनिंग, स्पोर्ट्स फुटवियर और कपड़ों की एक विस्तृत श्रृंखला मिलेगी। साथ ही, रीबॉक के नए एडिशन मैक्सफोम को रनिंग कैटेगरी में और डीएमएक्स कम्फर्ट+ को वॉकिंग कैटेगरी में शामिल किया गया है। ये दोनों इनोवेटिव प्रोडक्ट्स आपके अनुभव को और भी बेहतर बनाएंगे।

# शहीद भगत सिंह सम्मान समारोह की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा 28 जुलाई, रविवार को कृष्णा नगर कॉलोनी, रातू रोड स्थित गुरु नानक भवन में आयोजित शहीद भगत सिंह सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर जत्था की एक विशेष बैठकशुक्रवार को हुई। गुरु नानक सेवक जत्था के सूरज झंडई की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समारोह से संबंधित जिम्मेदारियां सभी सदस्यों के बीच बांटी गई। संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश ने बताया कि शहीद भगत सिंह सम्मान समारोह में झारखंड के प्रत्येक जिले से चिन्हित लगभग 70 मानवतावादी लोगों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए जत्था द्वारा शहीद भगत सिंह सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ जी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। प्रख्यात मधुमेह विशेषज्ञ एवं चिकित्सक डॉ अजय छाबड़ा विशिष्ट अतिथि होंगे। बैठक में जत्था के पीयूष मिढ़ा, करण अरोड़ा, रौनक ग्रोवर, हरविंदर सिंह मिढ़ा, आयुष पपनेजा, रुद्र गिरधर, हर्ष सरदाना, इनीश काठपाल एवं वंश डावरा, आकाश पपनेजा, कशिश नागपाल, गीतांशु गांधी, हर्षित बजाज, आयुष गांधी एवं गीतांशु तेहरी समेत अन्य उपस्थित थे।

# नीरजा सहाय में कारगिल विजय दिवस मना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत समूह गान द्वारा हुई, उसके बाद मुख्य अतिथि आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट शैलेश कुमार ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित किया। डिप्टी कमांडेंट ने अपने भाषण में बच्चों को समर्पण तथा मेहनत से काम करने की सीख दी,उन्होंने कहा जो पानी से नहाता है वह लिबास बदलता है, लेकिन जो पसीने से नहाता है वह इतिहास बदलता है। इस मौके पर प्राचार्या किरण यादव मौजूद थी।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में मना कारगिल विजय दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में 25वें कारगिल विजय दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रांगण स्थित कारगिल शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। प्राचार्य डॉ. तापस घोष के नेतृत्व में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कारगिल युद्ध से जुड़ी सैनिकों के शौर्य गाथा को साझा किया गया। प्राचार्य ने कहा कि हमारे सैनिक अति विषम परिस्थितियों में भी देश की रक्षा व सुरक्षा में अदम्य साहस का परिचय देते हैं। हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं। इस मौके पर सैनिकों के सम्मान में विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए।

# पासवा का छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह लोहरदगा में : आलोक दूबे



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पब्लिक स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने अपने लोहरदगा दौरा के दौरान शुक्रवार को संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि बहुत जल्द विधानसभा सत्र के बाद अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन एक विशाल छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने जा रही है जो लोहरदगा का अब तक का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पासवा के राष्ट्रीय संयोजक रोहित उरांव समारोह के गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे।

# झारखंड के शिक्षकों ने सीसीआरटी दिल्ली में बिखेरी झारखंडी संस्कृति की झलक



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दिल्ली में स्थित सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र में 16 राज्यों से आए 96 शिक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है।

जिसमे प्रशिक्षण के दौरान झारखंड राज्य के 9 शिक्षकों ने अपनी संस्कृति का प्रदर्शन सभी राज्यों के समक्ष किया। उन्होंने झारखंड राज्य का इतिहास, वहां की समृद्ध कलाकृति, यहां की जीवन शैली, प्रमुख पर्यटन स्थल, मुख्य खानपान, उद्योग परंपरागत, वाद्य यंत्र से अन्य राज्य के लोगों को परिचित कराया। यह प्रस्तुति पूरे 1 घंटे चली, जिसमें उन्होंने झारखंडी झूमर,सरहुल पर होने वाले गीत पेश की। ज्ञात हो कि झारखण्ड के ये 9 शिक्षक 18 जुलाई से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और 27 जुलाई तक करेंगे । शुक्रवार को कार्यक्रम प्रस्तुत करने में मुख्य रूप से रांची जिले के सफदर ईमाम, चंचला कुमारी पांडे, कुंदन कुमार, सैयद इबरार हसन, लातेहार जिले के बृजेश कुमार, राजेश कुमार, अनिमा लकड़ा, धनबाद जिला की सुनीता कुमारी तथा पूर्वी सिंहभूम की हेमा भट्टाचार्य ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# आइएएस आदित्य रंजन के खिलाफ शिक्षकों में आक्रोश

## पूरे शिक्षक समाज को चप्पल से मारने की धमकी देने वाले परियोजना निदेशक को हटाने की मुख्यमंत्री से मांग, ज्ञापन सौंपा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने शुक्रवार को परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के खिलाफ रोष प्रकट किया। दरअसल, आदित्य रंजन द्वारा शिक्षको के प्रति आपत्तिजनक एक वीडियो एवं एक ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

इस वायरल वीडियो से उनके द्वारा हवाई चप्पल पहनने वाले शिक्षकों को चप्पल से मारने की बात कही जा रही है। वीडियो में शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत राशि से विद्यालय का कार्य कराने की धमकीपूर्ण बात कही जा रही है। वह दोनों कथनों के में कही हुई दिखाई गई हवाई चप्पल में वहीं चप्पल से मारेंगे। संघ के अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राममूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने विरोध जताया है।

उन्होंने कहा कि 27 जुलाई को प्रदेश के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकध शिक्षिकायें हवाई चप्पल में ही स्कूल पहुंच कर पहुंच कर पठन-पाठन कार्य करेंगे। साथ ही झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद से जुड़े कार्यों के बहिष्कार की घोषणा करने की संभावित बाध्यता है।

विरोध करने वाले धीरज कुमार धीरज कुमार सुनील कुमार अनूप केसरी राममूर्ति ठाकुर रसगुल्ला नसीम अहमद दीपक दत्ता वाल्मीकि कुमार हरे कृष्णा चौधरी अजय कुमार सिंह राकेश कुमार अजय ज्ञानी राजेश गुप्ता विभूति कुमार निरंजन प्रसाद सलीम साहब कृष्ण शर्मा प्रवीण कुमार संजय सिंह मणि उराव शंभू शर्मा मानिक प्रसाद सुदामा मांझी संजय कंडोला आभा लकड़ा रामचंद्र खेरवार सुरंजन प्रेम कुमार शर्मा संजय कुमार टुडू सागवान यदुनाथ मनोरंजन कुमार आनंद रजक राधाकांत शाह सुधीर दुबे अमरेश सिंह सुनील दुबे दिलीप श्रीवास्तव आदि लोग शामिल थे।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में मना कारगिल दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कारगिल युद्ध के नायकों के सम्मान में शुक्रवार को शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से शहीदों को याद किया। मुख्य अतिथि आर. के. सिंह (सी.ई.ओ.) पी.वी.यू.एन.एल., पतरातू ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति को जगाना उन्हें महसूस करवाना कि हम यदि आज अपने घरों में सुरक्षित हैं तो इन वीरों की वजह से। इस मौके पर नीरज रॉय (ए.जी.एम.), विद्यालय के डायरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजन, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप, प्राचार्या जसमीत कौर, दीपा बंका एवं शिक्षकगण तथा छात्र उपस्थित थे।

# सीसीएल को राजभाषा कार्यान्वयन के लिए मिला प्रथम पुरस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआईएल द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम (रांची) की छमाही बैठक में वार्षिक पुरस्कार योजना, 2023-24 के अंतर्गत राजभाषा कार्यान्वयन के लिए सीसीएल रांची को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

सीसीएल की ओर से हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल ने पुरस्कार ग्रहण किया। उक्त आयोजन में सीसीएल के महाप्रबंधक राजभाषा, प्रबंधक (सचि./रा.भा.)/ उप प्रबंधक राजभाषा एवं सहायक प्रबंधक (रा.भा.) ने भाग लिया। विगत छमाही में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति उपक्रम (रांची) के विभिन्न सदस्य कार्यालयों के द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में सीसीएल के 3 विजयी प्रतिभागियों को भी सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा राजभाषा 'हिंदी' का अधिक से अधिक प्रयोग करने हेतु समय-समय पर विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित किये जाते हैं, जिससे प्रेरित होकर सीसीएल के सभी कार्मिक अपने कार्यालयीन कार्य का निष्पादन हिंदी में करते हैं।

# सीएमपीडीआई में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के कांफ्रेंस हॉल में शुक्रवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम)-नराकास, रांची की बैठक का आयोजन निदेशक शंकर नागाचारी की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक हर्ष नाथ मिश्रा, आरडीसीआईएस (सेल) के कार्यपालक निदेशक संदीप कर तथा सीएमपीडीआई की उप महाप्रबंधक सुमन रस्तोगी सहित रांची शहर स्थित लगभग 26 पीएसयू के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री नागाचारी ने कहा कि नराकास की परिकल्पना एक ऐसे संयुक्त मंच के रूप में की गई है, जहां आपसी विचार-विमर्श से राजभाषा कार्यान्वयन को गति दी जा सके और इसकी प्रगति के मार्ग में आने वाली बाधाओं को पारस्परिक प्रयासों से दूर किया जा सके। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सीएमपीडीआई द्वारा नराकास की बैठकों का नियमित आयोजन किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि राजभाषा से संबंधित संवैधानिक और वैधानिक प्रावधानों के साथ साथ हिंदी में पत्राचार, राजभाषा अधिनियम की धारा, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में यदि किसी समस्या का सामना करना पड़ता है तो नराकास के इस मंच का हमें उपयोग करना चाहिए। साथ ही अन्य भारतीय भाषाओं व क्षेत्रीय भाषाओं के साथ हिंदी के आदान-प्रदान, संस्थागत और व्यक्तिगत प्रयासों, तकनीकी नवाचारों तथा मिशन मोड के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन को गति प्रदान की जा सकती है।

बैठक में नराकास की वार्षिक पुरस्कार योजना 2023-24 के अंतर्गत सीसीएल-रांची को प्रथम, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को द्वितीय और हिंदुस्तान पेट्रोलियम को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही साथ मेकॉन और गेल द्वारा आयोजित राजभाषा प्रश्नोत्तरी और हिन्दी निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन सदस्य सचिव, नराकास रास बिहारी ने किया।



# कारगिल विजय दिवस पर संत जेवियर्स कॉलेज में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन छात्रों के द्वारा किया गया। आइक्यूएसी के तहत, 1/3 कंपनी एनसीसीका के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 50 एनसीसी कैडेट ने भाग लिया। नुक्कड़ नाटक कैप्टन मनोज पांडे, परम वीर चक्र के जीवन से प्रेरित था। यह कार्यक्रम कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि थी और इसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और राष्ट्रवाद की भावना जगाना था। इस मौके पर लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव मौजूद थी।

स्पीड न्यूज

## जमीन देने के नाम पर 29 लाख फर्जीवाड़ा के आरोपी को जेल



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना पुलिस शुक्रवार को थाना क्षेत्र के भुसूर निवासी अमाल खान को जेल भेज दिया। अमाल खान पर जमीन देने के नाम पर रांची के डॉ शाब्दिका लाल से 29 लाख रुपए ठगने का आरोप है। बताया गया कि अमाल खान ने एक अन्य जमीन को दिखाकर डॉक्टर से 29 लाख रुपए ठग लिए थे। डॉक्टर द्वारा जमीन मांगने पर बार-बार टालमटोल कर रहा था। इसके बाद डॉक्टर ने 17 जुलाई को सिकिदिरी थाना में अमाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इससे पूर्व भी अमाल खान ने कई लोगों से जमीन देने के नाम से पैसे ठगे हैं।

## ट्रांसफारमर जलने से नहर टोली गांव में 15 दिन से अंधेरा

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में पिछले 15 दिनों से विद्युत ट्रांसफार्मर के जलने से पूरा गांव अंधरे में डूबा हुआ है। इसकी सूचना बिजली विभाग को दे दी गई है। फिर भी अभी तक ट्रांसफारमर नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों ने नया ट्रांसफारमर लगाने की मांग की है। बिजली नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। एक तरफ बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। वहीं लोगों की मोबाइल की बैट्री चार्ज नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने विभाग से यथाशीघ्र ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

## किसानों के बीच 12 क्विंटल बीज वितरित

**खलारी।** प्रखंड कार्यालय के कृषि तकनीकी सूचना केंद्र भवन खलारी में बिरसा फसल विस्तार योजना 2024-25 के तहत खरीफ फसल का वितरण किया गया। इस योजना के तहत ब्लॉक चैन के माध्यम से कृषकों के बीच संकुल प्रत्यक्षण के लिए मूंगफली, उरद एवं मक्का मिलाकर कुल 12 क्विंटल 20 केजी बीज किसानों के बीच वितरण किया गया। बीज वितरण जिप सदस्य पश्चिमी सरस्वती देवी द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित कृषि मित्र छोटू पाहन, राजेन्द्र महतो, जयवीर यादव, सुनीता देवी, उषा देवी, हरी पाहन, आशीष उरांव, सरस्वती देवी, कौशल्या देवी, मनीता देवी, शाका कुमार पाहन आदि उपस्थित थे।

## नीरजा सहाय में मना कारगिल विजय दिवस

**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय में आज कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट शैलेश कुमार तथा उनके सहयोगी थे। कार्यक्रम की शुरूआत समूह गान द्वारा हुई। उसके बाद शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित किया गया। देश भक्ति से भरपूर एक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कक्षा सातवीं की अनम अपनी कविता में तथा कक्षा आठवीं की समीक्षा ने अपने भाषण में शहीदों को याद किया तथा उनकी कुबार्नी ने सभी की आंखें नम कर दी। डिप्टी कमांडेंट शैलेश कुमार ने अपने भाषण में बच्चों को समर्पण तथा मेहनत से काम करने की सीख दी। प्राचार्या श्रीमती किरण यादव ने शॉल ओढ़ाकर सभी अतिथियों का सम्मान किया।

# जैविक उद्यान की तेंदुआ 'रानी' की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी की रानी तेंदुआ की मौत शुक्रवार को हो गई है। उसकी मौत का कारण हृदय गति रूकना बताया गया है। 16 वर्षीय तेंदुआ पिछले कुछ दिनों से बीमार थी। उसने भोजन कम कर दिया था। उसका उपचार उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओपी साहू द्वारा किया जा रहा था। मौत के बाद शव का पोस्टमार्टम रांची पशु चिकित्सालय के एचओडी डॉ एमके गुप्ता के नेतृत्व में तीन सदस्यी पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। साथ ही शव के विभिन्न अंगों का सेंपल सुरक्षित रख लिया गया। चिकित्सकों की टीम ने रानी की मौत का करण बच्चेदानी में इंफेक्शन और ओवर ऐज के कारण हृदय गति रूकने की बात कही। बताया गया कि मृत्यु की गहनता से जांच के लिए सेंपल रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय व आईवीआरआई बरेली भेजा जाएगा। बाद में रानी तेंदुआ के शव को जैविक उद्यान के शवदाह गृह में जला दिया गया। मौके पर सहायक वन संरक्षक अशोक कुमार सिंह, उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओपी साहू, वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार, जीव विज्ञानिक विवेकानंद कुमार, पार्थ सरथी मंडल, वनरक्षी ललन कुमार, राकेश अवस्थी, मुकेश कुमार, अमित कुमार व जैविक उद्यान के पशुपालक व कर्मी उपस्थित थे।



तेंदुआ रानी की फाइल फोटो।

### दो वर्ष में दो तेंदुआ की मौत

रानी तेंदुआ की मौत के बाद अब बिरसा जैविक उद्यान में तीन नर तेंदुआ प्रकाश, मिर्जा व हरि और एक मादा तेंदुआ ज्योति सहित मात्र सात तेंदुआ बचे हैं। इससे पूर्व पिछले वर्ष जुलाई माह में ही तेंदुआ राधा की भी मौत हुई थी। राधा-रानी दोनो तेंदुआ 2017 में एक साथ बाजीद अलीपुर चिड़ियाघर लखनऊ से लाया गया था। वहीं फरवरी 2024 को जैविक उद्यान के शेर बीरू व तीन दिसंबर 2023 को बाघिन सरस्वती की भी मौत हो गई है। इसके अलावा इन दो वर्ष में जैविक उद्यान के कई वन पशुओं की मौत हुई है। जिनकी मौत के संबंध में पहले भी उद्यान प्रशासन द्वारा ज्यादातर की मौत कुछ दिनों से बीमार रहने और भोजन कम कर देने के बाद हृदय गति रूकने से मौत का कारण बताया गया है।

## कारगिल विजय दिवस पर इटकी में कैंडल मार्च



**इटकी।** भाजपा इटकी मंडल ने शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस मनाया। मौके पर कारगिल युद्ध के 25 वर्ष पूरे होने पर कैंडिल मार्च निकाला गया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कैंडिल मार्च कोइरी टोला से निकल कर देवी मंडप पहुंची जहां दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। कैंडिल मार्च में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, कृष्णा तिवारी, राजकुमार महतो, नंदलाल महतो, वंदना देवी, सीता देवी, सुशील प्रसाद ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।

**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रूप ऑफ इंस्टिट्यूशन में शुक्रवार को अधीन कारगिल बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध में भारत के विजय एवं भारतीय जवानों के बहादुरी पूर्ण कारनामों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजली देते हुए शहीद जवानों के चित्र पर पुष्प समर्पित किया गया।

# इटकी रेलवे फाटक बंद करने पहुंचे अधिकारी बैरंग लौटे

### ग्रामीणों ने किया विरोध, डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी रेलवे स्टेशन स्थित समपार फाटक को शुक्रवार को बंद करने पहुंचे रेलवे के अधिकारियों को ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद बैरंग लौटना पड़ा। समपार फाटक बंद करने को लेकर रेलवे प्रशासन का आरपीएफ महिला पुरुष बल के साथ इटकी स्टेशन पहंचने की भनक लगते ही दर्जनों गांवों के ग्रामीण एकजुट हो गये और फाटक बंद करने का विरोध करने लगे। ग्रामीण समपार फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग और फाटक बंद करने का विरोध कर रहे थे। इसके बाद रेलवे स्टेशन के समीप पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अगुवाई में अधिकारियों व ग्रामीणों की एक बैठक हुई। पूर्व मंत्री बन्धु तिर्की ने रेलवे प्रशासन से विधि व्यवस्था की समस्या को देखते 15 दिनों तक कार्य को स्थगित करने की बातें कही। इस मामले को लेकर स्थानीय जन प्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी व जिला प्रशासन के साथ बैठक के बाद रेल प्रशासन को जनपेक्षाओं से अवगत कराया जाएगा। आजसू जिला सचिव मुरतेजा आलम द्वारा ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन डीआरएम के नाम सौंपी गई।



### महिला-पुरुष और बच्चों ने किया प्रदर्शन

फाटक के दोनों ओर महिला-पुरुष, स्कूली छात्र-छात्राएं भीड़ लगा कर विरोध प्रदर्शन किये थे, तब आलाधिकारियों के साथ वार्ता के बाद आगे की कारवाई का आश्वासन मिलने पर ग्रामीण शांत हुए थे। ग्रामीणों का आरोप है की रेलवे विभाग द्वारा बनाई गई अंडर पास सबवे बड़ी गाड़ियों के आवागमन के अनुरूप नहीं है, साथ ही बरसात के दिनों में सबवे पर दो फीट पानी जम जाता है। जिसके कारण आम जनों, स्कूली छात्र छात्राओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से भी सबवे ठीक नहीं है, विशेष कर महिला व स्कूली छात्राओं के लिए। बैठक में पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, रेलवे प्रशासन, इटकी सीओ विजय कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, आजसू जिला सचिव मुर्तजा आलम, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष वसीम इकबाल सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# आड्रे हाउस में है जनजातीय जीवन शैली का अनूठा संगम

### लेडी केसी रॉय के छात्रों ने प्रदर्शनी का उठाया आनंद, पेंटिंग देख हुये भावविभोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** टेंडर स्थित लेडी केसी रॉय मेमोरियल कक्षा दस और ग्यारह के छात्रों को ऑड्रे हाउस, कांके का परिभ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने राज्य के लोक और जनजातीय समुदायों की जीवन शैली और पारिस्थितिक परिदृश्य नामक कला प्रदर्शनी का आनंद उठाया। इसका आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत), रांची ने पर्यटन, कला और संस्कृति, खेल और युवा विभाग के सहयोग से किया गया है। इसमें ख्याति प्राप्त कलाकार रामानुज शेखर, हिमाद्रि रमानी, हेमलता दत्ता, सीआर हेम्ब्रम और डॉ भारती के संग्रह से पेंटिंग प्रदर्शित की जा रही है। इन कला कृतियों ने झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया है और इसके विविध आदिवासी समुदायों की जीवन शैली और प्रकृति के साथ उनके गहरे बंधन को उजागर किया जा रहा है।

### छात्रों ने क्यूरेटर से पूछे सवाल

छात्र ललित कला विभाग की प्रदर्शनी, सुंदर ब्रश स्ट्रोक और चित्र की विचारोत्तेजक और संवेदनशील प्रकृति से मंत्रमुग्ध हो गये। वह इस बात से आश्चर्य चकित थे कि कलाकारों ने सबसे सूक्ष्म विवरणों को भी कितनी बारिकी से देखा था, जिन्हें आम इंसान नहीं देख पाता है। कलाकारों की निपुणता ने छात्र- छात्राओं को आश्चर्यचकित कर दिया। छात्रों ने क्यूरेटर से सवाल भी पूछे।



# हिप्पो लिली ने दरियाई घोड़ा को दिया जन्म

### बिरसा जैविक उद्यान में हिप्पो की संख्या हुई आठ

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** बिरसा जैविक उद्यान के दरियाई घोड़ा (लिली) हिप्पो ने एक बच्चे को जन्म दी है। नन्हे मेहमान के आने के बाद अब जैविक उद्यान में हिप्पों की संख्या आठ हो गई है। गुरूवार को जन्म दिए मां लिली को 2013 में उड़िसा के नंदकानन-जू से लाया गया था। वहीं नर हिप्पो लालू को मैसूर-जू से लाया गया है। इसके अलावा एक और मादा हिप्पो नैना को गजरात-जू से लाया गया है। सबसे पहले जैविक उद्यान में 2014 में हिप्पो विजय का जन्म हुआ था। वहीं 2017 में अजय का जन्म हुआ।



जैविक उद्यान में नन्हा हिप्पो।

### नन्हा हिप्पो को देखना मुश्किल

नवजन्मे नन्हे हिप्पो फिलहाल अपनी मां लिली के साथ केज में बने पानी के टब में ही रहता है। भोजन के लिए जब मां पानी से बाहर आती है तो पीछे-पीछे नन्हा हिप्पों भी चला आता है। तभी नन्हा हिप्पो के देखा जा सकता है। अभी ज्यादतर समय हिप्पो पानी में ही रहते हैं। जिसके कारण सैलानी नन्हे हिप्पो को देख नही पाएगें। कुछ समय बाद थोड़ा बड़ा होने के बाद सैलानी नन्हे हिप्पो को भी आसानी से देख सकेंगे। उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओमप्रकाश साहू ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि लिली व नन्हा हिप्पो दोनो स्वस्थ्य हैं। मां लिली को हरा भोजन के साथ मौसमी फल व दुध बढाने के लिए विटामिन व पौषक तत्व भी दिए जा रहे हैं। वहीं उद्यान के निदेषक जबर सिंह के अनुसार बिरसा जैविक उद्यान कुदरती चिड़ियां घर की तरह है। यहां रहने वाले पशु पक्षियों की भी विशेष देखभाल व सुविधा दी जाती है।

# हत्या से लाल झंडे को कमजोर नहीं किया जा सकता

### दलादिली में कॉमरेड सुभाष मुंडा की मनी पहली पुण्यतिथि

- संकल्प सभा में उमड़ा सैलाब
- सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू/नगड़ी।** अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सीपीआई पोलित ब्यूरो के सदस्य डॉ अशोक ढावले ने कहा कि 34 साल का उत्साही आदिवासी युवा, जिसने रांची के रातू, नगड़ी व मांडर के गरीब और आदिवासियों को गोलबंद कर आंदोलन किया। राजनीतिक सक्रियता से माफिया पस्त थे। साजिश के तहत उनकी हत्या कर दी गयी। लेकिन, लाल झंडे को कमजोर करने का षडयंत्र कभी सफल नहीं होगा। रक्त बीज की तरह समर्थक बढ रहे हैं। वह शहीद मुंडा की पहली पुण्यतिथि पर दलादिली में आयोजित संकल्प सभा में बोल रहे थे। अध्यक्षता और संचालन नगड़ी लोकल कमेटी के सचिव और प्रमुख मधुवा कच्छप ने की। धन्यवाद ज्ञापन शहीद की मां छोटन देवी ने दिया। जबकि, पार्टी के जिला सचिव सुखनाथ लोहरा ने शोक प्रस्ताव पेश किया। इससे पूर्व आक्रोश रैली निकाली गयी।

### सभा में लिया हिस्सा

संजय पासवान, शिवना उरांव, ज्ञानी उरांव, बुधराम उरांव, मंगलेश्वर टाना भगत, प्रो रंथु उरांव, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, क्षेत्रीय पड़हा समिति के अजीत उरांव, अमित मुंडा, प्रकाश टोप्पो, पार्षद पुष्पा तिर्की, वीणा लिंडा, जोहार पार्टी के कुशवाहा विजय कुमार महतो, प्रफुल्ल लिंडा, समीउल्लाह मंसुरी व शंकर उरांव सहित काफी संख्या में गांव सहित आसपास क्षेत्र के लोग शामिल थे।



### इन्होंने भी रखी अपनी बातें

जनवादी नौजवान सभा के पूर्व अखिल भारतीय महासचिव तापस सिन्हा, पार्टी के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, सुभाष मुंडा की पत्नी कृति सिंह मुंडा, झामुमो के एनके मेहता, मुस्ताक आलम, आदिवासी आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव व शहीद के पिता ललित मुंडा आदि। इससे पूर्व सैकड़ों लोगों ने सुभाष मुंडा चौक में स्थापित शहीद मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूंटी।
चाईबासा रोड, खूंटी, पिन-835210फोन नं०-06528-299928
(Email Id – eedwsd.khunti@gmail.com)

पत्रांक............................/ दिनांक........................../

**—:: अति अल्पावधि भाव आमंत्रण सूचना ::—**
(प्रथम आमंत्रण)

अधीक्षण अभियंता कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल रांँची के पत्रांक 476 दिनांक 26.06.2024 के अनुपालन में जिला स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला के NABL का NC (Non Conformites) बंद करने हेतु Chemical एवं CRM/SRM का क्रय किया जाना है। उक्त सामग्री का निम्न अंकित Specification के अनुरूप निबंधित दुकानदार/ डिलर से आपूर्ति करने हेतु भाव पत्र (कोटेशन) आमंत्रित किया जाता है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्रीयों के दर के साथ भाव पत्र से दिनांक 02.08.24 को 01:00 बजे अपराहन तक बंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा की जाएगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा उनके कार्यालय कक्ष में जमा सभी बन्द लिफाफों को दिनांक – 02.08.2024 को 04:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोला जाएगा। इस कार्य हेतु अधीक्षण अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता, रांँची अंचल रांँची का निर्देश प्राप्त है।

| Sl. No. | Specification of CRM/SRM to be supply | Qty | Quoted Rate by Bidder In per Unit with taxes | | Date of Opening of Quatation |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Rate in Figure | Rate in Words | |
| 1. | **Turbidity 400 NTU CRM -** Turbidity (CRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UCM) validty period at least 2 years with certificate) - 400 NTU - Standard 100 ml/ bottle ISO 17034 certified | 01 | | | 02.08.2024 को 04:00 बजे अपराहन |
| 2. | **PH Buffer Solutions 7.00 -** PH Buffer Solutions (CRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UCM) validty period at least 2 years with certificate) - 7.00 (500 ml/ bottle ) ISO 17034 certified | 01 | | | |
| 3. | **Colour STD -** Potassium Chloreplatnate Solutions (CRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UCM) validty period at least 2 years with certificate) - 7.01 (500 ml/ bottle ) ISO 17034 certified | 01 | | | |
| 4. | **Calcium Carbonate CaCo3 -** Calcium Carbonate CaCo3 (CRM must be NIST Traceable with Uncertainty of Measurement (UCM) validty period at least 2 years with certificate) - 7.01 (500 ml/ bottle ) ISO 17034 certified | 01 | | | |

नोट:- इस नोटिस से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी के सूचना पट्ट एवं विभागीय वेबसाईट अथवा वेबसाईट www.dwsd.Jharkhand.gov.in लिन्क http://112.133.209.136:8000/dwsd/home.aspx पर देखा एवं किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR 330807 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)



**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER**
**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

**e-Procurement Notice No. 07 / 2024-25**

Letter No.- CE/3731/689 Date: 25.07.2024

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT07/ 2024-25 | Construction of Kitchen for High Security Jail at Hazaribagh in the district of Hazaribagh | 9808963.00 | 10000.00 | 197000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 2 | JPHCL/ GR02/ NIT07/ 2024-25 | Construction of Para Medical Residence for High Security Jail at Hazaribagh in the district of Hazaribagh | 13416573.00 | 10000.00 | 269000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 3 | JPHCL/ GR03/ NIT07/ 2024-25 | Construction of Computer Clerk Residence for High Security Jail at Hazaribagh in the district of Hazaribagh | 13416573.00 | 10000.00 | 269000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 4 | JPHCL/ GR04/ NIT07/ 2024-25 | Construction of A- Type Quarter (Block 1) at Mandal Kara, Dhanbad in the district of Dhanbad | 25749230.00 | 10000.00 | 258000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 5 | JPHCL/ GR05/ NIT07/ 2024-25 | Construction of A- Type Quarter (Block 2) at Mandal Kara, Dhanbad in the district of Dhanbad | 25749230.00 | 10000.00 | 258000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 6 | JPHCL/ GR06/ NIT07/ 2024-25 | Construction of Administrative Building for High Security Jail at Hazaribagh in the district of Hazaribagh | 47679205.00 | 10000.00 | 477000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 7 | JPHCL/ GR07/ NIT07/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 1) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 8 | JPHCL/ GR08/ NIT07/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 2) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 9 | JPHCL/ GR09/ NIT07/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 3) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 10 | JPHCL/ GR10/ NIT07/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 4) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 11 | JPHCL/ GR11/ NIT07/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 5) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 12 | JPHCL/ GR12/ NIT07/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 6) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 13 | JPHCL/ GR13/ NIT07/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 7) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |
| 14 | JPHCL/ GR14/ NIT07/ 2024-25 | Construction of 225 Bedded Barrack (Block 8) at Deoghar Police Line in the District of Deoghar | 48806024.00 | 10000.00 | 489000.00 | 365 Days | Contractors registered / interested in registration | Item rate/ SBD |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in from 30.07.2024 at 11:00 AM to 09.08.2024 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal http://jharkhandtenders.gov.in on or before 5:00 PM on 09.08.2024. Bids received online will be opened at 17:00 PM on 10.08.2024.
3. Estimated Cost may vary.
4. Bids of contractors registered / working with JPHCL, who have delayed start / execution / completions of any construction work for reasons of delay attributable to them, will be rejected at the time of evaluation of technical bid.
5. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/- Chief Engineer, JPHCL, Ranchi

## बच्चों की सुरक्षा

बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उनकी रक्षा करने की जिम्मेदारी सरकार और समाज दोनों की है। दुनिया के कई देशों में जिस प्रकार बच्चों को कोरोना डस रहा है उससे देश में भी गंभीर तैयारी की आवश्यकता है। लॉकडाउन ने वित्तीय संकट और गरीबी को जन्म दिया है, इसलिए यह परिवारों को हताशा में डाल रहा है और उन्हें अपने बच्चों को तस्करी के लिए धकेलने के लिए अतिसंवेदनशील बना रहा है। वर्तमान स्थिति पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) के लिए एक सन्देश है, जिसमें पंचायतों को गांवों के भीतर और बाहर बच्चों के आंदोलनों की निगरानी के लिए एक प्रवास रजिस्टर बनाए रखने के लिए अनिवार्य किया जाए। माइग्रेशन रजिस्टर को नियमित रूप से ब्लॉक अधिकारियों द्वारा जांचा और सत्यापित किया जाना चाहिए।आसपास के गांवों में सूक्ष्म स्तर की निगरानी के लिए सिस्टम बनाने की जरूरत है, ताकि लॉकडाउन से प्रभावित परिवारों के बच्चों को बाल श्रम के रूप में काम करने से रोका जा सके,,पंचायतें, अन्य ग्रामीण स्तर के अधिकारी साथ ही ब्लॉक के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए कि बच्चे काम न करें और स्कूलों में बरकरार रहें। लॉकडाउन के बीच में कुछ राज्यों द्वारा श्रम कानूनों की कमजोर पड़ने की समीक्षा की जानी चाहिए और तुरंत बचाव करना चाहिए क्योंकि महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों के साथ बाल श्रम और बाल तस्करी की घटनाओं में वृद्धि हो सकती है। विशेषकर झारखंड बनने के बाद भी इस स्थिति में नियंत्रण नहीं हो पाया है क्योंकि राज्य के ग्रामीण इलाकों मेंअ ाज भी विकास की किरण और रोजगार के साधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। जहां तक बच्चों की स्थिति का सवाल है इनका मुद्दा कभी चुनावी मुद्दा भी नहीं बनता है जबकि देश का भविष्य तय करता है।

## झारखंड को लाभ

देश की शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया है कि किसी भी राज्य के खनिजों पर देय रॉयल्टी एक कर नहीं है। साथ ही स्पष्ट किया कि राज्यों के पास खानों, खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने की विधायी क्षमता निर्धारित है। दरअसल, इस सारे विवाद के मूल में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 रहा है। इस अधिनियम का हवाला देते हुए केंद्र सरकार की दलील थी कि केवल संसद ही खनिजों पर कर लगा सकती है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की बैंच ने इस बाबत फैसला सुनाया कि कानून राज्यों को खानों और खनिज विकास पर कर लगाने से प्रतिबंधित नहीं करता है। निश्चित रूप से इस फैसले से प्राकृतिक संपदा से संपन्न गरीब राज्यों मसलन झारखंड और ओडिशा को विशेष रूप से लाभ होने की उम्मीद जगी है। ये राज्य केंद्र द्वारा खानों और खनिजों पर लगाये गए हजारों करोड़ों रुपये के करों की वसूली की मांग करते रहे हैं। निस्संदेह, यदि केंद्र सरकार राज्यों की माली हालत के मद्देनजर उनकी जरूरतों तथा आकांक्षाओं के प्रति संवेदनशील होती तो निश्चित रूप से इस विवाद को बातचीत के जरिये सुलझाया भी जा सकता था। जब लंबे समय तक इस मामले का निस्तारण नहीं हो सका तो अन्ततः देश की शीर्ष अदालत को गतिरोध तोड़ने के लिये हस्तक्षेप करना ही पड़ा। इसमें दो राय नहीं है कि केंद्र और राज्यों के बीच कई मुद्दों पर टकराव कोई नई बात नहीं है। लेकिन देखने में आया है कि हाल के वर्षों में यह विवाद आम बात हो चला है। निश्चित रूप से किसी भी राष्ट्र की संघीय व्यवस्था के लिये ये टकराव व विवाद कोई शुभ संकेत तो कदापि नहीं हैं। इसमें दो राय नहीं कि कुछ मुद्दे सहमति, सामंजस्य और संवेदनशीलता से भी सुलझाए जा सकते हैं। जिससे राज्यों के आर्थिक संकट को भी दूर किया जा सकता है।

# इकोसिस्टम का जवाब अब जुमला नहीं, समूल नाश होना चाहिए





\- शिवानंद उपाध्याय

**संसद** मे बहस के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेसियों और उनके वैचारिक पोषक वामपंथियों के इकोसिस्टम को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि वो देशविरोधी साजिशें रचने से बाज आए वरना उसे अब उसी की भाषा में जवाब दिया जाएगा। लेकिन 2014 के बाद का रिकार्ड उनकी इस चेतावनी के कही भी अनुकूल नहीं है` पिछले 10 वर्षों में जमीनी स्तर पर हम ऐसा कहीं भी कुछ होते देख नही रहे। इसके विपरीत कांग्रेस और कांग्रेस से मिले खाद-पानी से पला-बढ़ा 70 वर्षों का इकोसिस्टम ऐसा कोई भी अवसर गंवाया नहीं है, जिससे देश की विकास यात्रा को रोक दिया जाय, देश को सामाजिक और साम्प्रदायिक विद्वेष की आग में झोंक दिया जाय, देशविरोधी साजिशों और ताकतों को बढ़ावा दिया जाय` यहाँ तक कि सुप्रीम कोर्ट को भी अपने फैसले में कहना पड़ा कि, ह्लऐसा लगता है इस महान देश की प्रगति पर संदेह प्रकट करने, उसे कम करने और हरसंभव मोर्चे पर उसे कमजोर करने का एक ठोस प्रयास किया जा रहा है। इस तरह के किसी भी प्रयत्न या प्रयास को आरंभ में ही रोक दिया जाना चाहिए।

लेकिन क्या मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों में पूर्ण बहुमत के बावजूद इस देशद्रोही, और समाजद्रोही इकोसिस्टम की जड़ों में मट्ठा डालकर समूल नाश करने जैसी कोई कार्रवाई की है ? अगर कार्रवाई की होती तो आज चेतावनी देने की जरुर नहीं पड़ती` कार्रवाई करना तो दूर, मोदी सरकार के समर्थकों और कोर वोटरों का एक बड़ा वर्ग इसी बात से नाराज है कि 10 वर्षों के मोदी शासन में कोई राष्ट्रवादी इकोसिस्टम नहीं बनाया गया। ह्यसरकार बदली है, सिस्टम तो हमारा ही हैह्ल की पंचलाइन भी इसी इकोसिस्टम की है, जो उन्हें भरोसा देता है कि वे अपने नैरेटिव एवं एजेंडे का खुल्लम-खुल्ला प्रचार कर पाने में सक्षम होते है हर संस्था पर, हर संस्थान पर, हर जगह-संसद से सड़क तक, शिक्षण-संस्थानों से सुप्रीम कोर्ट तक, बॉलीवुड से व्यवसाय तक, साहित्य से लेकर इतिहास तक, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक-उन्होंने ऐसी पकड़ बना रखी है कि सरकार के बदलने के बाद भी वे अपनी हरकतों से बाज नहीं आते है` ये लोग स्वयं को लिबरल बताते हैं, जबकि इनसे ज्यादा असहिष्णु, कट्टर, और तानाशाही प्रवृत्ति के लोग आपको ढूँढने से भी नहीं मिलेंगे। हर जगह ये अपने तरह के विचारों को ही सेकुलर और लोकतांत्रिक मानते हैं, और उसे ही सही मानते है` अगर आपने उसके अलावा किसी और विचार या नैरेटिव का समर्थन कर दिया, तो आपको सांप्रदायिक और फासिस्ट कह कर खारिज कर देंगे। ये अपने वर्चस्व को बनाये रखने के लिए उन समस्त प्रतीकों को खारिज करते है या उनका भौंडा मजाक बनाते है, जिसका सम्बन्ध देश की सनातन संस्कृति से है, लोकतांत्रिक अस्मिता से है, राष्ट्रीय संप्रभुता से और संवैधानिक संरक्षा से है कभी प्रभु श्री राम को काल्पनिक बताते है, कभी सनातन को डेंगू, मलेरिया और कैंसर कहकर मजाक उड़ाते हैं, कभी चार पड़ोसी इस्लामिक देशों के धार्मिक उत्पीड़न के शिकार लोगों को नागरिकता देने का कानून सीएए को देश विरोधी बताकर देश को सुलगाने की पूरी व्यवस्था करते है, गुजरात कभी नहीं भूलते नहीं, लेकिन गोधरा की चर्चा नहीं करते है नारी सशक्तीकरण का पुरोधा बनेंगे, लेकिन बुरका, तीन तलाक और हलाला की अमानवीय प्रथा को मजहब का अंदरूनी मामला बताएँगे` ये अपने ही देश की सेना के जवानों की नृशंस हत्या, देश को तोड़ने की बातें, आतंकियों के लिए रातोरात सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खुलवायेंगे, घुसपैठियों को शरण देने और चुने गए नेता को मारने की योजना बनाते हैं` गरीबों और किसानों के नाम पर दलालों और विदेशी एजेंटों को मसीहा बताएँगे और गरीबों और किसानों लगातार सरकारी योजनाओं से, विकास से दूर रखने की कोशिश करते है` है। जरूरत पड़ी तो तुमने उन्हीं गरीबों को ढाल बना कर सुरक्षाबलों के आगे कर दिया।

> कही ऐसा न हो कि इकोसिस्टम को उन्ही की भाषा में जवाब देने की चेतावनी 15 लाख वाली बात की तरह जुमला साबित हो जाये जनता ने 15 लाख वाली बात को कभी गंभीरता से नहीं लिया था, लेकिन आपकी चेतावनी के बावजूद पिछले 10 वर्षों में इकोसिस्टम को तहस-नहस नहीं करने को लेकर आपकी पोलिटिकल करेक्टनेस की नीति से जनमानस पहले से ही उत्साहित नहीं है।

इसलिए इस इकोसिस्टम को चेतावनी देने से काम नहीं चलने वाला है, समूल नष्ट करना जरुरी है अन्यथा ये इस चेतावनी का भी ऐसा मजाक बनायेंगे कि स्वयं प्रधानमंत्री मोदी भी हास्यास्पद हो जाएंगे। मोदी ने यदि अपनी चेतावनी के मुताबिक इन पर सख्त कार्रवाई नहीं की, तो जनमानस में निराशा बढ़ेगी, जिसका कुछ असर लोकसभा चुनावो में देखा जा चुका है जहां 400 का नारा जनमानस में वह उत्साह नहीं जगा पाया, जो 56 इंच के सीने के लिए उठ खड़ा हुआ था। इकोसिस्टम की प्रोपेगेंडा फैक्ट्री ने चुनावों के दौरान संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का फर्जी वीडियो गाँव-गाँव फैला दिया था, लेकिन मोदी जी का प्रशासन आत्ममुग्ध बना रहा। कही ऐसा न हो कि इकोसिस्टम को उन्ही की भाषा में जवाब देने की चेतावनी 15 लाख वाली बात की तरह जुमला साबित हो जाये जनता ने 15 लाख वाली बात को कभी गंभीरता से नहीं लिया था, लेकिन आपकी चेतावनी के बावजूद पिछले 10 वर्षों में इकोसिस्टम को तहस-नहस नहीं करने को लेकर आपकी पोलिटिकल करेक्टनेस की नीति से जनमानस पहले से ही उत्साहित नहीं है।

अब वह करने की जरुरत है जिसके लिए जनता ने 2014 और 2015 में भारी बहुमत देकर मोदी सरकार को पर्याप्त समय दिया था` अब संविधान की प्रति हाथों में लहराकर सरकार को चुनौती देने वालों को संविधान को माथे से लगा लगा कर जवाब देने का समय नहीं है` सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का परिणाम देख लिया ` अब इसका समय नहीं है` अब देश का विकास जरुरी है और इस विकास की टांग खींचने वाले इकोसिस्टम की टांग काट देने की जरुरत है।

खास बात

## बढ़ी जिंदगी का राज

**प्रशांत कुमार झा**

एक ताजा शोध में वैज्ञानिकों ने दीर्घ आयु से जुड़ी कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों की पहचान की है। इन्हें सिनर्जिस्टिक सेलुलर पाथवे भी कहा जाता है। ये संकेत मार्ग ह्यसी एलिगेंसनामक पारदर्शी नेमेटोड कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि कर सकते हैं।

बुढ़ापा-रोधी शोध में इस कीड़े का उपयोग एक मॉडल के रूप में होता है। इसके कई जीन मनुष्य से मिलते-जुलते हैं। इसका जीवनकाल औसतन तीन हफ्ते का होता है। कीड़े के जीवनकाल में पांच गुना वृद्धि मनुष्य के चार सौ या पांच सौ वर्ष तक जिंदा रहने के बराबर है। वैज्ञानिकों की शोध मुख्य रूप से सी एलिगेंस कीड़े में आयु-वृद्धि को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख संकेत-मार्गों पर आधारित हैं। ये संकेत मार्ग विकास-क्रम के दौरान मनुष्यों को हस्तांतरित हुए हैं। वैज्ञानिक काफी समय से कोशिकाओं के इन संकेत मार्गों पर गहन शोध कर रहे हैं।

इस खोज से ज्यादा प्रभावी बुढ़ापा-रोधी दवाएं विकसित करने में मदद मिलेगी। अमेरिका की ह्यएमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबोरेटरी, कैलिफोर्निया में नोवाटो स्थित बक इंस्टीट्यूट फॉर शोध ऑन एजिंग और चीन की नानजिंग यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने मिलकर के साथ मिलकर कोशिकाओं के संकेत-प्रेषण मार्गों का पता लगाया है।

बक इंस्टीट्यूट के भारतीय मूल के वैज्ञानिक पंकज कपाही के मुताबिक, संकेत-मार्गों में सामूहिक रूप से होने वाली अंतर-क्रिया की खोज से मनुष्य का जीवनकाल बढ़ाने के लिए मिश्रित चिकित्सा विधियां अपनाई जा सकती हैं। वैज्ञानिकों ने दीर्घ जीवन में एक खास प्रोटीन की भूमिका का पता लगाया है।

एमडीआइ बॉयोलॉजिकल लेबेरेटरी की शोध टीम के प्रमुख जेरोड ए रॉलिंस के मुताबिक, हमने देखा कि कुछ कीड़े यदि पी 62 नामक प्रोटीन को अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न करते हैं तो वे अधिक समय तक जीते हैं। यह प्रोटीन दरअसल कोशिका के विषाक्त प्रोटीन को पहचान लेता है। सेनफर्ड बर्नहम प्रीबिस मेडिकल डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोज का पूरा ब्योरा नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

## आत्मा और भगवान

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यसंगानंद सरस्वती**

**एक** बार मैंने श्री स्वामी जी से पूछा, क्या आत्मा की दृष्टि, आत्मा की दृष्टि, जैसा कि किताबों में लिखा है? उन्होंने कहा, हाँ, बेशक.मैंने पूछा, रास्ता क्या है? उसने कहा, रास्ता सेवा, प्यार और देना है ।

उन्होंने नहीं कहा कि योग पर अधिक ग्रंथों का अध्ययन करें, या अधिक आसन और प्राणायाम करें, या योग पर अधिक पुस्तकें लिखें, या योग पर अधिक सेमिनार दें । नहीं! इसके बजाय उसने हमें हमारे कर्मों को सतकरमा में बदलने के लिए कहा । अपनों के लिए काम करने के बजाय दूसरों के लिए काम करो । पूरी दुनिया को अपना परिवार ही रहने दो । प्रकाश को व्यापक और दूर फैलने दो! ईशावास्य उपनिषद का कहना है कि एक ही धागा सबके माध्यम से चल रहा है । आप इसे कुछ भी कह सकते हैं: आत्मा, भगवान, परमात्मा, जागरूकता ।

आप सभी के लिए यही संदेश है । इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ से हैं, आपको आत्मा की झलक और चमक वापस लेना होगा और इसे दूसरों के साथ साझा करना होगा । जलती हुई रोशनी को अपने भीतर ले जाना है और जहाँ भी जाना है उसे फैलाना है ।

जनादेश 'दे' का महत्व यह है कि आप इसे शेयर जरूर करें । आज का आदमी एक जमावड़ा है । कुछ शेयर नहीं करना है ज्ञान भी नहीं । आप असुविधाजनक हैं, आप एक दूसरे को आसानी से संवाद नहीं करते हैं । आप खुद से संवाद भी नहीं करते । आखिर अपने आप को भूल कर आप किसको याद करते हैं?

**मोदी गारंटी**

निश्चय और आपके सांसद निशिकांत दुबे का पुराना है नाता । देवतुल्य जनता के लिए उपहार, इस पुल के निर्माण से जनता का सामाजिक - आर्थिक विकास के साथ- साथ व्यापार में वृद्धि होगी । गोड्डा बना पिछड़ा से प्रथम, प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन ।

**– निशीकांत दूबे, सांसद**

### आपके ट्वीट

**वन,** पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा झारखण्ड विधानसभा परिसर में आयोजित 75वें राज्यव्यापी वन महोत्सव में शामिल हुआ।कभी ऐसा भी वक्त था जब इस राज्य में वृक्षारोपण की आवश्यकता नहीं होती थी।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





कारगिल विजय दिवस हमें बताता है कि राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान और देश की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वालों के नाम अमिट रहते हैं।

**–नरेन्द्र मोदी**

## आरएसएस पर आए न्यायालयीन दिशा-निर्देश सबक हैं सभी सरकारों के लिए

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

केंद्र की भाजपा नीत एनडीए की मोदी सरकार ने अपने एक आदेश के माध्यम से शासकीय सेवा में कार्यरत कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटाने का जो काम किया है, अब न्यायालय ने भी उसके इस कार्य पर अपनी मुहर लगा दी है। न्यायालय ने कोर्ट में प्रस्तुत सभी तथ्यों के आधार पर माना है कि यह रा.स्व. संघ पर लगाया गया बैन तत्कालीन सरकार ने बिना किसी उचित कारण के लगाया था। किंतु इसके साथ ही न्यायालय की ओर से जो टिप्पणियां की गई हैं, वे आज बहुत महत्व रखती हैं । ये सभी टिप्पणियां हर उस सरकार के लिए महत्व रखती हैं जोकि इस तरह से असंवैधानिक नियम और बिना किसी जांच के सिर्फ अपनी जिद या अहंकार की पूर्ति करते हुए समय-समय पर देखी जाती रही हैं। आगे इस तरह की जिद की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए यह निर्णय बहुत महत्वपूर्ण हो गया है।

वस्तुतः मप्र उच्च न्यायालय में यह याचिका केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त अधिकारी पुरुषोत्तम गुप्ता ने वर्ष 2023 में दायर की थी, जिसमें उन?होंने मांग की थी कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा की जाने वाली सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों से प्रभावित होकर एक सक्रिय सदस्य के रूप में संघ में शामिल होना चाहते हैं, किंतु वे ऐसा इसलिए नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि रास्वसंघ को प्रतिबंधात्मक संगठन की सूची में डालकर रखा गया है। जबकि संघ गैर राजनीतिक संगठन है और हर भारतवासी को अन्य संगठनों की तरह इसकी गतिविधियों में शामिल होने का अधिकार है। संगठन अपने जीवन काल से ही देश सेवा के कार्य में जुटा हुआ है। जिसके बाद न्यायालय ने केंद्र सरकार से इस संबंध में पूछा और उसके परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रतिबंधात्मक सूची से बाहर कर दिया गया। किंतु क्या यह मामला एक खबर में सिमट जाना चाहिए

समाज

वास्तव में न्यायालय का संघ पर आया यह निर्णय एक समाचार से कहीं ज्यादा है, जिसकी गहराई को प्रत्येक भारतवासी को समझने की आवश्यकता है। न्यायाधीश सुश्रुत धर्माधिकारी एवं गजेन्द्र सिंह द्वारा 1966 में केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रवेश लेने पर लगाए गए प्रतिबन्ध के आदेश को निरस्त करते हुए साफ कहा है कि आरएसएस जैसी गैर सरकारी संस्थाओं पर पड़ने वाले इसके व्यापक प्रभाव को देखते हुए न्यायालय को यह उचित लगता है कि इस विषय पर अपनी टिप्पणियां दी जाएं।

आने वाले समय में कोई सरकार अपनी सनक और मौज के चलते राष्ट्रीय हितों में कार्यरत किसी स्वयंसेवी संस्था को सूली पर न चढ़ा दे, जैसा कि गत पांच दशकों से आरएसएस के साथ होता आया है। केंद्र सरकार द्वारा 1966, 1970 और 1980 के आदेशों के माध्यम से केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर आरएसएस ने प्रवेश को यह बताते हुए प्रतिबंधित कर दिया था कि आरएसएस एक धर्मनिरपेक्षता विरोधी और सांप्रदायिक संगठन है।

अब प्रश्न यह उठता है कि आरएसएस को किस सर्वेक्षण या अध्ययन के आधार पर सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्षता विरोधी घोषित किया गया था किस आधार पर सरकार इस नतीजे पर पहुंची थी कि सरकार के किसी कर्मचारी के, सेवानिवृत्ति के पश्चात भी, संघ परिवार की किसी गतिविधि में भाग लेने से समाज में सांप्रदायिकता का संदेश जाएगा न्यायालय को, बारंबार पूछे जाने के बावजूद, इन प्रश्नों के कोई उत्तर प्राप्त नहीं हो सके। ऐसी दशा में न्यायालय यह मानने के लिए बाध्य है कि ऐसा कोई सर्वेक्षण, अध्ययन, सामग्री या विवरण है ही नहीं।

कार्टून वर्ल्ड

तालिबान से बचाओं...



साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉट कॉम

### नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**– रितु लकड़ा, कांके रांची**

### चिंताजनक स्थिति

**कोरोना** महामारी ने जनजीवन को बहुत प्रभावित किया है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर एवं वैज्ञानिक इस महामारी से निजात दिलाने के लिए दिन-रात वैक्सीन लगाने में लगे हुए है। इस महामारी से देश की जनता मानसिक तनाव में है। आये दिन आंकड़ों का बढ़ना भी चिंता का विषय है। पहले की तुलना में आकड़ें कम अवश्य हुआ है लेकिन मामला नियंत्रिण नहीं है।

**–अवंतिका राज, लोहरदगा**

## कारगिल विजय दिवस के शहीदों को नमन

शौर्य

एक जवान चादर ओढ़े हुये लेटा था उसने सामान पकड़ा नहीं, हमने विस्तर के साईड टेबल पर सामान रखा और आगे बढ़ने लगे तभी डॉक्टर ने कहा कि माईन ब्लास्ट में इस वीर सैनिक के दोनों हाथ और दोनों पैर चले गये थे । हम फिर मुड़े और पूछा, बहुत दर्द होता होगा, सैनिक ने उतर दिया, कल शाम से नहीं हो रहा है । हमने पूछा क्या कोई (पेन किलर) दर्द निवारक दवाई ली या टीका लगा ? उसने उतर दिया ह्यह्यनहीं, कल शाम (4 जुलाई को) टाईगर हिल वापस ले लिया और तिरंगा फहरा दिया, मेरा दर्द चला गया । राष्टभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को शत शत नमन ।

आजकल एक और विवाद मीडिया में देखने को मिला यहां शहीद की नौजवान विधवा ने मरणोपरान्त मिलने वाले सम्मान को शहीद के मॉ-बाप के साथ सांझा करना उचित नहीं समझा । ऐसी समस्यायें आप्रेशन विजय के बाद भी आई थीं, अधिकतर विधवायें नवविवाहिता थीं और उनका पुनर्विवाह होना स्वभाविक और न्यायोचित भी था परन्तु बजुर्ग मॉ-बाप का सहारा भी तो शहीद जवान ही होता था इसलिये पुनर्विवाह के समय प्रदेश और केन्द्र सरकार की ओर से मिली सारी की सारी अनुदान राषि, पैट्रोल पम्प या गैस एजैन्सी आदि सभी को साथ ले जाना मॉ-बाप के साथ अन्याय था क्योंकि अधिकतर मामलों में गरीब मॉ-बाप ने अपना पेट काट कर बेटे को पाला पोसा होता था और बुढ़ापे में नौजवान बेटे की शहादत और बहु का सब कुछ अपने साथ ले जाना उनके लिये दोहरा अघात होता था । इसलिये हमने प्रदेश कैबिनेट की बैठक में सारी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुये निर्णय लिया कि अगर तो पुनर्विवाह उसी परिवार में होता है तो सभी कुछ वैसे ही रहेगा लेकिन यदि वीर नारी कहीं दूसरी जगह शादी करती है तो सरकार की ओर से मिली राषि दो हिस्सों बांट दी जायेगी । आधी राषि उस युद्व विधवा को और आधी राषि बूढ़े मॉ-बाप को दी जायेगी और यदि शहीद के बच्चे षिक्षा ग्रहण कर रहे हों और मॉ तथा दादा-दादी से अलग रहते हों तो राषि तीन भागों में बांटी जायेगी और एक तिहाई बच्चों को दी जायेगी । इस निर्णय से सभी की समस्या का समाधान हो गया ।

राष्ट्रभक्ति के साथ साथ एक दूसरे के प्रति सम्बेदनशीलता के भी कई उदाहरण देखने को मिले, शामिला जिले का एक अनुसूचित जाति से सम्बन्ध रखने वाला जवान शहीद हुआ था, घर की अर्थिक स्थिति भी कमजोर थी । जब हमने अनुग्रह राषि उन्हें दी तो उस गरीब परिवार ने कहा हमें आधी राषि ही दीजिए, अभी युद्व चल रहा है और शहीद हो रहे हैं और आपको कई और परिवारों की सहायता करनी है, हमें आधी राशाि दे दो बाकि किसी और परिवार के काम आ जायेगी । शहीद की शहादत को तो नमन था ही पर गरीब परिवार की सम्बेदनशीलता और दूसरों के प्रति समर्पण की भावना से हम सभी द्रवित हो गये और उन्हें धन्यवाद देते हुये हमने कहा कि राषि आपके लिये ही है और आवश्यकता होगी तो लोग योगदान दे ही रहे हैं ।पालमपुर में तो जहां एक ओर प्रथम परमवीर चक्र विजेता, मेजर सोमनाथ शर्मा वहीं कारगिल युद्व के नायक कै0 विक्रम बतरा, परमवीर चक्र विजेता का भी घर है, उस दिन हम कै0 विक्रम बतरा के पार्थिव शरीर का इन्तजार कर रहे थे वहीं पर कारगिल युद्व के प्रथम शहीद कै0 सौरभ कालिया की माता जी, विजय कालिया और कै0 विक्रम बतरा की माता जी साथ साथ बैठी थीं । विजय कालिया श्रीमति बतरा को ढांढस बंधा रही थीं, एक महान मां दूसरी महान माता को साहस बंधा रही थी, शायद यही जीवन है ।

इसी प्रकार जिला बिलासपुर की एक बहादुर मां, कौषल्या देवी जी जब मिली तो अन्होंने कहा, ह्लह्लधूमल जी कल मंगल सिंह की अर्थी को डेढ किलो मीटर मैंने कंधा दियाह्लह्ल। मैंने पहली बार सुना कि शहीद की मॉ ने अपने शहीद सुपुत्र की अर्थी को कंधा दिया हो । शहीद की शहादत और मॉ की हिम्मत को सलाम ।

जिला हमीरपुर के बमसन क्षेत्र में पहाड़ी के ऊपर एक बगलू गांव है यहां से राज कुमार सुपुत्र खजान सिंह शहीद हुये थे । चढ़ाई चढ़ते मैं सोच रहा था कि शहीद के बजुर्ग पिता जी से कैसे बात करूंगा ।

# आम नागरिक भी कानून की जानकारी जरूर रखें : खुराना

- गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सेमिनार शुरू
- रीसेंट रिफॉर्म इन ज्यूडिशियल सिस्टम विषय पर अतिथियों ने रखे अपने विचार
- जिला विधिक सेवा प्राधिकार कर रहा है विशेष सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग में शुक्रवार को दो दिवसीय आंतरिक सेमिनार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सिविल जज सह जिला विधिक प्राधिकार सेवा (डालसा) हजारीबाग के सचिव गौरव खुराना ने किया। उन्होंने रीसेंट रिफॉर्म इन ज्यूडिशियल सिस्टम पर विस्तार से जानकारी रखी। उन्होंने कहा कि न्यायिक, प्रशासनिक और पुलिस सेवा से जुड़े अधिकारियों व कर्मियों के साथ आम नागरिकों को भी कानून की जानकारी जरूर रखनी चाहिए। इसलिए कानून से संबंधित पुस्तकें अवश्य पढ़ें और खुद को अपने अधिकार और देश के विधान के बारे में अपडेट रखें। उन्होंने इसी साल एक जुलाई से बदले कुछ कानून व्यवस्था के बारे में बताया। उन्होंने ₹भारतीय न्याय संहिता-2023₹ पर अपने विचार रखते हुए कहा कि पहले इंडियन पैनल कोड था अब आइपीसी की जगह बीएनएस हो गया है। नया सेक्शन बदला है, नामकरण बदले हैं, विभिन्न प्रावधान के तहत धाराएं बदली हैं, तो बिना अध्ययन के इसे जान पाना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि कैसे इसमें नई तकनीक का इस्तेमाल कर बदलते युग में खुद को एडवांस करें। उन्होंने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं के सवालों को जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया। उन्होंने साइबर क्राइम, विभिन्न अपराधों से जुड़ी धाराओं, प्राथमिकी दर्ज कराने और सजा के प्रावधान समेत न्यायिक प्रणाली से जुड़े तमाम पहलुओं की जानकारी दी। बतौर विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता सह मध्यस्थ डालसा और वरिष्ठ पत्रकार गौरव सहाय ने इंडियन पैनल कोड के बदले स्वरूप पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि नई कानून व्यवस्था के तहत ज्यूडिशियल और पुलिस सिस्टम के साथ सेक्शन में कैसे परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने इसे नए सिरे से अध्ययन की बात कही। उन्होंने जिला विधिक प्राधिकार सेवा (डालसा) के कार्यों के बारे में बताया कि कैसे वह बेसहारों को सहयोग प्रदान करता है। उन्होंने भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी। डालसा के सहयोग से आयोजित सेमिनार आईक्यूएसी की ओर से कराया जा रहा है। सेमिनार में अतिथियों का स्वागत सह सम्मान प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव और आइक्यूएसी की को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी ने किया। अतिथियों ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर सेमिनार का शुभारंभ किया। मंच संचालन बीएड की प्रशिक्षु श्वेता कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रीय गान के साथ पहले दिन के सेमिनार का समापन हुआ। प्रशिक्षुओं ने स्वागत गीत गाया। मौके पर सभी सहायक प्राध्यापक, प्रशिक्षु और शिक्षकेत्तरकर्मी मौजूद थे।

# सयाल में दर्जनों महिलाएं आजसू में शामिल

## रिमा वर्मा बनीं पतरातु प्रखंड उपाध्यक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल स्थित यूनियन कार्यालय में शुक्रवार को आजसू पार्टी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बिनोद कुमार ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अथिति बड़कागांव विधान सभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा उपस्थित थे। बैठक के दौरान रीमा वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों महिलाओं ने आजसू पार्टी का दाम थामां। सभी नये सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करते हए मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा की महिलाओं के जुड़ने से संगठन कोयलांचल में और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी में सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है, यही कारण है कि दिन-प्रतिदिन भारी संख्या में लोग आजसू में शामिल हो रहे हैं। रोशन लाल चौधरी ने रिमा वर्मा को आजसू पार्टी का पतरातू प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनित करते हुए उन्हें बधाई दी। रिमा वर्मा के प्रखंड उपाध्यक्ष बनाने जाने पर महिलाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। रिमा वर्मा ने कहा कि आजसू के कार्यों व क्रिया-कलापों से प्रभावित होकर दर्जनों महिलाओं ने मेरे नेतृत्व में पार्टी का दामन थामां है। आजसू के नीति-सिद्धांतों को जन-तन तक पहुंचाने कार्य हमसभी मिलकर करेंगे। सदस्यता ग्रहण वालो में सयाल की जानकी देवी, गीता देवी, सुधा देवी, मोनिका देवी, उर्मिला देवी, प्रभा देवी, सूचित देवी, कोशल्या देवी, गीता देवी, प्रेमलता देवी के सहित दर्जनों महिलाएं शामिल है। बैठक में संतोष ठाकुर, शंकर सिंह, रणधीर साव, जितेंद्र करमाली, मनोज सिन्हा, मनीष कुमार, शंकर कुमार, हरिश्चंद्र झा, रामकृपाल मालाकार, सनी कुमार आदि मौजूद थे।

## शिव मंदिर व छठ घाट के रास्ते से हो रहा बालू उठाव

**बरही।** कोल्हूआकला में इन दिनों बालू माफियाओं का आतंक चल रहा है। कोल्हुआकला में बालू माफियाओं ने शिव मंदिर घाट, छठ घाट का रास्ता सहित शमशान घाट का बालू उठाव कर पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। उक्त जानकारी कोल्हुआकला पंचायत के मुखिया मंगलदेव यादव ने दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अभी एनजीटी लगा हुआ है जिसके तहत किसी भी बालू घाट से अब बालू नही उठाना है, लेकिन बालू माफियाओ को बालू के पैसों का ऐसा लोभ लगा है कि सभी सरकारी नियमो को धत्ता बताते हुए बालू का उठाव कर रहे है, इनको बालू का लोभ ऐसा लगा है कि शिव मंदिर घाट, छठ घाट का रास्ता सहित शमशान घाट आदि सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों को भी नही छोड़ रहे है। उन्होंने बताया की घटना के विषय में अंचलाधिकारी को अवगत करवाया गया है, बावजूद इसके यह बालू का खेल नहीं रुक रहा है।

# राजनीति में सोशल मीडिया प्रमुख हथियार : मनोज यादव



**बरही।** श्री परिवार होटल बरही में भाजपा का विधानसभा स्तरीय आईटी सेल की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, आईटी सेल के प्रदेश टीम से अभय विश्वकर्मा, प्रमोद महतो, गोपी प्रजापत्ति, ज्योति लाल सोरेन, प्रदीप कुमार, सुनील यादव, विवारण महतो, इन्द्रर शर्मा शामिल हुए। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि राजनितिक क्षेत्र में मनोवैज्ञानिक लड़ाई लड़नी है। उसमें सोशल मीडिया आपका प्रमुख हथियार है। आप सभी युवा सक्रिय होकर सोशल मोडिया के माध्यम से भाजपा के नीति सिद्धान्तों को प्रमुखता से रखें। सोशल मीडिया पर तर्क संगत अपनी बातों से विरोधियों को जवाब दें। प्रदेश आईटी टीम ने युवाओं को सोशल मीडिया से जुड़ी कई अहम जानकारी दी। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण यादव, रामस्वरूप पासवान, नारायण यादव, अवध यादव, राजेश यादव, अरविन्द कुमार, गुरुदेव गुप्ता, रामावतार यादव, संजय वर्नवाल आदि उपस्थित थे।

## सफलता के लिए खुद को तैयार करें: प्रधान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को बैंकिंग और मार्केटिंग कौशल विषय पर सेमिनार हुआ। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि वर्तमान समय में मार्केटिंग और बैंकिंग बड़े क्षेत्र में शुमार है। इसमें करियर की व्यापक संभावनाएं होती है। लेकिन इस क्षेत्र में सफल होने के लिए हमें खुद को तैयार करना होगा। उन्होंने मार्केटिंग कौशल पर कहा कि इस फील्ड में बेहतर करने के लिए ग्राहकों से जुड़ाव, उत्पाद की बेहतर प्रस्तुति, प्राप्त आपत्तियों पर सुधार, ग्राहक वर्ग की पहचान, बाजार का अनुसंधान, कम्युनिकेशन स्किल जैसे बिंदुओं पर एक्सपर्ट बनना होगा। इसी प्रकार बैंकिग कौशल में भी व्यवहारिक ज्ञान, निर्णय लेने की क्षमता, जोखिम प्रबंधन, टीमवर्क के मामले में दक्ष होना होगा।

## किशोरी राणा ने मुंडा टोला में किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

कटकमसांडी। आराभूसाई पंचायत के ग्राम लवाकुदर के मुंडा टोला में पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने 63 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। श्री राणा नें कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में राहत मिलेगी व सिंचाई करने में सुविधा होगी। श्री राणा आराभुषाई में आयोजित वार्षिक सात दिवसीय यज्ञ प्राण प्रतिष्ठा का कलश यात्रा में शामिल हुए .इस कलश यात्रा में 511 युवती व महिलाएं भक्तिभाव में लीन होकर गेरुवा और पीला वस्त्र धारण कर श्रद्धा और भक्ति भाव से माथे पर कलश उठाकर आराभूषाई देवी मंडप के प्रांगण से आराभूषाई नदी के लिए जल उठाने को निकली ।सभी कलश यात्रा में शामिल महलियाएं व युवती को बधाई देकर रवाना किए।गाजे- बाजे और भगवा ध्वज, महाबीरी पताके संग चरणबद्ध तरीके से भगवत जयकारे लगाते हुए सभी अनुसाशित तरीके से कतारबद्ध होकर चल रहे थे इस कारवां को देख जहाँ ग्रामीणों ने अपने घर से बाहर खुद-ब-खुद खड़े हो कर वहीँ लोगों ने हाथ हिलाकर और हाथ जोड़कर सभी श्रद्धालुओं का अभिन्दन कियो पुरे क्षेत्र के नर-नारियाँ, बच्चे- बूढ़े व नौजवान इस धार्मिक आयोजन को लेकर भक्तिमय वातावरण में रम गया। इसके बाद पंचायत डांटो खुर्द में आयोजित महिलाएं के द्वारा किया जा रहा शिव चर्चा में शामिल हो कर के महिलाएं को शुभकामना दिये।

# आइलेक्स पब्लिक स्कूल में मना विजय दिवस

- सैनिकों ने अद्भूत वीरता, साहस व देशभक्ति की मिशाल कायम की है : शैलेश कुमार



**बरही।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल में कारगिल के वीरों को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आईलेक्स पब्लिक स्कूल की शाखा पंचमाधव, गोरियाकरमा, बड़कागांव, गाड़िकला, बरकट्ठा, पाण्डेबारा में कारगिल दिवस मनाया गया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। एसेम्बली के दौरान बच्चों को बताया गया कि 26 जुलाई को कारगिल दिवस या विजय दिवस के नाम से भी जाना जाता है। हर भारतीय के लिए कारगिल दिवस बहुत ही गर्व की बात है लेकिन साथ ही इस बात का मलाल भी है कि कितने हीं वीरों को अपनी जान गवांनी पड़ी। 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद भी कई दिन सैन्य संघर्ष होता रहा। इतिहास के मुताबिक दोनों देशों द्वारा परमाणु परीक्षण के कारण तनाव और बढ़ गया था। स्थिति को शांत करने के लिए दोनों देशों ने फरवरी 1999 में लाहौर में घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए। जिसमें कश्मीर मुद्दे को द्विपक्षीय वार्ता द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से हल करने का वादा किया गया था लेकिन पाकिस्तान ने अपने सैनिकों और अर्ध-सैनिक बलों को छिपाकर नियंत्रण रेखा के पार भेजने लगा और इस घुसपैठ का नाम ऑपरेशन बद्र रखा था। इसका मुख्य उद्देश्य कश्मीर और लद्दाख के बीच की कड़ी को तोड़ना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से हटाना था। पाकिस्तान यह भी मानता है कि इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार के तनाव से कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने में मदद मिलेगी। प्रारम्भ में इसे घुसपैठ मान लिया था और दावा किया गया कि इन्हें कुछ ही दिनों में बाहर कर दिया जाएगा लेकिन नियंत्रण रेखा में खोज के बाद इन घुसपैठियों के नियोजित रणनीति के बारे मे पता चला जिससे भारतीय सेना को एहसास हो गया कि हमले की योजना बहुत बड़े पैमाने पर की गई है। इसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय नाम से 2,00,000 सैनिकों को कारगिल क्षेत्र मे भेजा। यह युद्ध आधिकारिक रूप से 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। इस युद्ध के दौरान 527 सैनिक हुए शहीद और 1400 घायल हुए थे। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने कारगिल में अपने अपने शौर्य और पराक्रम का जो परिचय दिया है, वह अद्भुत एवं अविस्मरणीय है। हमें इतिहास सीख देता है। हर ऐतिहासिक घटना हमें प्रेरित करती है अपनी मंजिल को पाने की। विद्यार्थियों को भी उन जवानों की तरह वो जिद, वो भक्ति, वो जूनून लाना होगा तभी वो अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

स्पीड न्यूज

## कारगिल विजय दिवस पर ब्लू प्लेनेट स्कूल में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**रामगढ़।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को ब्लू प्लेनेट स्कूल में टारगेट के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। रंजन फौजी ने कहा कि देश में किसी भी सेवा से बड़ी राष्ट्र की सेवा होती है और एक सैनिक अपना घर परिवार छोड़कर सरहद पर अपनी ड्यूटी करता है। ताकि भारत वासी अपने घर में चैन की नींद सो सके। कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अभूतपूर्व वीरता का परिचय देते हुए दुनिया की कठिनतम लड़ाई में से एक में विजय प्राप्त किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व सैनिक चतुर्भुज कश्यप ने कहा कि कारगिल युद्ध के वक्त वह सेना के सिग्नल कोर में तैनात थे। उन्होंने उस युद्ध में अपना भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी अर्धांगिनी उस वक्त जम्मू कश्मीर के बेस कैंप में थी और प्रतिदिन भारतीय सेना के विजय की प्रार्थना करती थी।

## आर्मी पब्लिक स्कूल में मना विजय दिवस



**रामगढ़।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट ने भारतीय सैनिकों की वीरता और बलिदान को याद करने के लिए कक्षा 1 से 5 तक के छोटे छात्रों के लिए एक ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजन किया गया। कलाकारों ने देशभक्ति और कारगिल युद्ध से संबंधित विषयों को उत्साहपूर्वक चित्रित किया। कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने भारतीय सेना की बहादुरी को श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्रीय गौरव और एकता के महत्व पर जोर देते हुए व्यावहारिक और कल्पनाशील पोस्टर बनाया।

## आरकेएमयू ने की प्रबंधन से वार्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन (आरकेएमयू) के मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को रिजनल प्रबंधन के साथ वार्ता की। इस दौरान यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव देवेंद्र कुमार सिंह एवं एरिया वेलफेयर सदस्य बिमल बिहारी श्रीवास्तव के नेतृत्व में क्षेत्रीय कर्मशाला (ब) भुरकुंडा प्रबंधन परियोजना पदाधिकारी अजहर खान एवं परियोजना अभियंता गुप्ता के उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में मजदूरों के विभिन्न समस्याओं से यूनियन ने प्रबंधन को अवगत कराया। इस पर प्रबंधन ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

## कृषक मित्रों का बैठक संपन्न

**विष्णुगढ़।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजनायें जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, वर्षा पात खरीफ मौसम में फसलों का अच्छादन रिपोर्ट प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पीएम किसान मिट्टी जांच नमूना संग्रह वितरण एवं फसल विस्तार योजना खाद एवं पोषण सुरक्षा योजना मक्का धान एवं मूंग एक्सटेंशन रिफॉर्म योजना अंतर्गत कृषक पाठशाला जिला स्तरीय प्रशिक्षण कृषक परिभ्रमण किसान कॉल सेंटर आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार एवं संचालन प्रखंड तक नीति प्रबंधक उमेश कुमार राणा ने किया।

## वैश्य सम्मेलन के लिए समिति गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर स्थित मुकेशलाल सिंदुरिया के आवास में शुक्रवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदुरिया एवं संचालन महासचिव भुनेश्वर साव ने किया। 9 अगस्त को वैश्य क्रांति सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक हुई। सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसमें मुकेशलाल सिंदुरिया, भुनेश्वर साव, कैलाश साव, उपेन्द्र गुप्ता, राजाराम प्रसाद, महेश्वर केशरी, अशोक साव, भरत केशरी, गीता देवी राणा, गोपाल केशरी एवं पिंटू कुमार गुप्ता को सदस्य बनाया गया है। महेश्वर साहु ने कहा कि बिना संघर्ष किए कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता है। वैश्य मोर्चा ने संघर्ष के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त को वैश्य एवं ओबीसी की मांगों को लेकर बड़ी लड़ाई की घोषणा की जायेगी।

## इंटर कॉलेज में बने खेल मैदान : बद्री यादव



**बरही।** इंटर महाविद्यालय के पास इंटर कॉलेज के खाली भूमि पर खेल मैदान बनाने की मांग बद्री यादव ने की है। बद्री यादव ने कहा कि महाविद्यालय के जमीन को सुरक्षित एवं सत्यापित कर उसे खेल मैदान के रूप में विकसित किया जाए, ताकि भूमाफियाओं का खेल समाप्त हो और आस पास के खिलाड़ियों को एक बेहतर खेल मैदान मिल सके। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान को लेकर वह जल्द ही उपायुक्त हजारीबाग से मिलेंगे।

## कई समस्याओं को लेकर भाजपा ने कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**कुजू।** भाजपा नगर परिषद के एक प्रतिनिधि मंडल नप अध्यक्ष मनोज गिरि के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर रामगढ़ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बोंगवार दुर्गा मंडप के सामने राजेश प्रजापति के घर के पीछे से लेकर बीना देवी के घर तक सड़क का निर्माण, पोल का तार लाइट मरम्मती, जोगियाटाड़ में ऋषि सीमेंट के पीछे से लेकर अजय करमाली के घर तक पीसीसी पथ निर्माण, 1000 फीट बोंगावार जीवन रेखा अस्पताल से लेकर दिगवार रेलवे हॉल्ट तक पीसीसी पथ एवं कालीकरण निर्माण, लगभग 3 किलोमीटर दिगवार एनएन 33 फोरलेन से लेकर परमेश्वर महतो के दुकान तक पथ निर्माण, दिगवार दुर्गा मंदिर के सामने पेवर ब्लॉक का निर्माण, प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना मंदिर गेट से लेकर टूटी झरना मंदिर तक पीसीसी पथ एवं कालीकरण का मरम्मती, रेफरल अस्पताल टूटी झरना का सुंदरीकरण करने आदि की मांग की गयी।

एक नजर में

## भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के समर्थन में बैठक



कटकमदाग। प्रखंड में उप प्रमुख विमल गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से कटकमदाग के मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे। सभी ने एक स्वर से प्रदीप प्रसाद को समर्थन दिया। वहीं समर्थकों ने प्रदीप प्रसाद के सामाजिक सेवा को विस्तार पूर्वक बताया, कि इनके द्वारा हरियाली महोत्सव के निमित्त 85 हजार से भी अधिक पौधों रोपण एवं पौधा का वितरण किया जा चुका है। कई सामाजिक कार्य 365 दिन श्री प्रसाद के द्वारा किया जाता है। उप प्रमुख विमल गुप्ता ने कहा कि सामाजिक सेवा में सदैव समर्पित रहते हैं प्रदीप प्रसाद । मौके पर उप प्रमुख विमल गुप्ता,मंडल अध्यक्ष काविन्द्र यादव, खपरियावां मुखिया व प्रखंड संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता,पसई मुखिया प्रमेश्वर यादव, निरंजन यादव, सहित सैकडों लोग उपस्थित थें।

२६ है पी २ : बैठक में शामिल लोग

## खैरा कटकमदाग प्रबंधन समिति का गठन

**टाटीझरिया ।** खैरा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय में बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज,टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल,प्रवेक्षक नवीन कुमार वर्मा, मुखिया कुमारी माधुरी की उपस्थिति में विद्यालय प्रांगण में एमडीएम भोजन ,विद्यालय में पढ़ रहे छात्र छात्राओं के हित सरकारी योजनाओं से लाभान्वित और विद्यालय विकास को सुचारू रूप से सरकार के नियमावली निर्देशानुसार चलाने को लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। सर्व समिति से वि. प्र. समिति के अध्यक्ष राजू कुमार साव , प्रीति देवी उपाध्यक्ष , बिनीता देवी संयोजिका , मो. सुनीता देवी को रसोइया के पद से मनोनित किया गया। मौके पर अरविंद केशरी, पसंस विनय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा, शिक्षकों में उच्च खंड में मोनुलाल गुप्ता मध्य खंड शिक्षक नरेश रजक संग सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## झुंड से विछड़ा हाथी ने झरपो में मचाया उत्पात

**टाटीझरिया ।** हाथियों से झुंड से विछड़ा हाथी ने झरपो पंचायत में गुरुवार रात्रि खूब उत्पात मचाया। झरपो निवासी मो शांति, पति स्व बालेश्वर साव का दोनों तरफ का बाउंड्री को ध्वस्त किया और लगा हुआ मकई के फसल को बर्बाद किया और राधेश्याम कुशवाहा का बारी का बाउंड्री को ध्वस्त किया । अनिल कुमार वर्नवाल और सुधीर साव का दुकान में लगा दरवाजा को धकेल कर खोल दिया दुकान में रखा हुआ तीन पैकट चावल ,आलू और यहां तक कि कुरकुरे भी चट कर गया। रंजित यादव के टेंपा में रखा किसान का खीरा भी खा गया। गजराज रात को आवाज होने पर सभी टोला के लोग जाग और अपने आप को सुरक्षित करने के लिए रवि यादव ,गणेश माली ,अनिल कुमार , रंजित यादव ,विनय पांडेय , मशाल जलाकर रात भर जागकर गांव से बाहर बहुत ही मस्कत पर बाहर निकाला।

## विष्णुगढ़ के उरगी में ग्राहक सेवा केंद्र खुला

**विष्णुगढ़।** पंचायत भेलवारा के ग्राम उरगी में गिरिजा नायक पब्लिक स्कूल के सामने बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के खुल जाने से लोगों को कई प्रकार की बैंकिंग सुविधा प्रदान होगी। यहां से लोग अपनी सुविधा के अनुसार बैंक खाता खोलने राशि का रजमा तथा निकासी समेत कई कार्य होंगे ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेड़ा हरियारा पंचायत के मुखिया रामचंद्र यादव, विजय प्रसाद दीपक कुमार, आयुष कुमार, बादल कुमार, गुरु प्रसाद साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आश्वासन के बाद मुखिया संघ का धरना समाप्त



**इचाक।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, अफसरो की मनमानी एवं मनरेगा के सभी कार्य पंचायत सचिवालय से निष्पादन की मांग को लेकर पिछले पांच दिनों से चल रहे । मुखिया संघ का अनिश्चितकालीन धरना एसडीओ शैलेश कुमार से वार्ता के बाद शुक्रवार को समाप्त हुआ। एसडीओ शैलेश कुमार शुक्रवार को इचाक प्रखंड मुख्यालय पहुंचे इसके बाद मुखिया संघ के प्रतिनिधि मंडल से आंदोलन के मुद्दे पर बातचीत किया। मुखिया संघ के द्वारा सात सूत्री मांगों को रखा। इसके बाद सहमति बनी। मुखिया संघ के अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालय में बिना रिश्वत का कोई भी कार्य नहीं होता है ,इससे इचाक के जनता त्रस्त है। एसडीओ शैलेश कुमार ने कहा कि पदाधिकारी हो या जनप्रतिनिधि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार कार्य करना चाहिए ।वही मनरेगा के सभी कार्य का निष्पादन पंचायत सचिवालय में किया जाएगा। इस दौरान मुखिया नन्द किशोर मेहता, चौहान महतो, अशोक राम, सिकंदर राम, मोदी कुमार, काजल देवी, निशु कुमारी मीना देवी बीना देवी सीता कुमारी किरण देवी मंजू देवी संगीता देवी किरण देवी उमेश मेहता सुनीता देवी एवं उनके प्रतिनिधि शामिल थे।

## बिछड़े हांथी ने लाइन होटल में की तोड़फोड़

दारू। हाथियों के झुंड से बिछड़े एक हाथी ने शुक्रवार के दोपहर 4 बजे करीब एनएच 522 पिपचो प्रधान लाइन होटल में अचानक घुस गया। हाथी ने होटल के केश काउंटर का स्टील का दरवाजा और फ्रीज तोड़ दिया । होटल के दो दरवाजा , लोहे की जाली और टेबल कुर्सी भी तोड़ डाला । होटल के बाहर खड़े बाइक मोहम्मद इरफान, मोहम्मद मुख्तार और होटल संचालक राजू पासवान की बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया । अचानक हाथी के होटल में प्रवेश के समय होटल में भोजन कर रहे कुछ ग्राहक हाथी को देखकर अपनी जान बचाते हुए भोजन छोड़कर होटल से निकल गए । होटल संचालक राजू पासवान ने बताया कि हाथी के द्वारा मेरे होटल का काफी सामानों का नुकसान किया गया है । जिसकी कीमत लगभग 1 लाख रुपये से अधिक है । हाथी का काफी देर तक एन एच सड़क पर होने के कारण दोनों तरफ गाड़ियों की काफी लंबी कतार लग गयी थी ।

## रेनबो स्कूल में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**बरही।** शिवपुर गडलाही में संचालित रेनबो स्कूल बरही में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध 1999 में शहीद हुए मेजर सौरभ कालिया एवं 500 से अधिक सिपाहियों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों ने दो मिनट का मौन धारण किया। सभी शिक्षक, छात्रों और निर्देशक ने संयुक्त रूप से उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान स्कूल संचालक सिकंदर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि सैनिक किसी भी देश की सबसे बड़ी संपत्ति में से एक हैं। वे राष्ट्र के संरक्षक हैं और हर कीमत पर अपने नागरिकों की रक्षा करते हैं। इसके अलावा वे बहुत ही नि:स्वार्थ लोग हैं जो देश के हित को अपने व्यक्तिगत हित से ऊपर रखते हैं। एक सैनिक की नौकरी दुनिया में सबसे कठिन कामों में से एक है। इसलिए हमें अपने भारत देश के सैनिकों पर गर्व महसूस होता है। कहा कि भारत ने 26 जुलाई, 1999 में पाकिस्तानी सेना को खदेड़ते हुए कारगिल में विजय पताका फहराया था। मौके पर स्कूल शिक्षक में गौरी शंकर, प्रवीण यादव, सतीश कुमार, रिंकी, रिफत, फैजिया खातून, कुमारी स्वाति, शिवानी, मानसी, अंशु, स्वेता, उषा यादव, सुधा यादव, प्रीति कुमारी सहित स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिका शामिल थे।

# स्कॉलरशिप

## जर्मनी में पढ़ना है? इन टॉप स्कॉलरशिप के लिए करें आवेदन

**जर्मनी** तेजी से दुनिया भर के छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। जर्मनी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जाता है। इससे दुनिया भर के छात्र बेस्ट एजुकेशन डेस्टिनेशन के तौर पर जर्मनी को देख रहे हैं।

जर्मनी तेजी से दुनिया भर के छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। जर्मनी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया जाता है। इससे दुनिया भर के छात्र बेस्ट एजुकेशन डेस्टिनेशन के तौर पर जर्मनी को देख रहे हैं। साल दर साल के हिसाब से जर्मनी में भारतीय छात्रों की संख्या 7 फीसदी के हिसाब से बढ़ रही है। जर्मनी की ओर आर्किषत होने के कई कारण हैं जिनमें से कुछ हायर एजुकेशन की कम फीस, पढ़ने के बाद आसानी से वर्क परमिट मिलना आधि शामिल हैं।

### एचडब्ल्यूके फेलोशिप

एचडब्ल्यूके स्कॉलरशिप काफी योग्य वैज्ञानिकों को दी जाती है। फेलोशिप प्रॉजेक्ट के



आधार पर जर्मनी में पढने के लिए रेग्युलेर फेलोशिप और जूनियर फेलोशिप तीन और 10 महीने के लिए दी जाती है।

### मैनहीम यूनिर्विसटी डॉचलैंड स्कॉलरशिप

यह स्कॉलरशिप मैनहीम यूनिवर्सिटी द्वारा शुरू की गई है। यह मेरिट आधारित स्कॉलरशिप है। ग्रैजुएशन, पोस्ट ग्रैजुएशन आदि की पढ़ाई करने वाले छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। करीब 24,000 रुपये हर महीने स्कॉलरशिप के तौर पर मिलते हैं।

### जीएसएलएस फेलोशिप, विर्जवर्ग यूनिर्विसटी, जर्मनी

तीन सालों के लिए यह फेलोशिप विर्जवर्ग यूनिर्विसटी, जर्मनी द्वारा पीएचडी फेलोज को दी जाती है। इस स्कॉलरशिप के लिए लाइफ साइंस के किसी भी विषय में डिग्री जरूरी होनी चाहिए। इस फेलोशिप में हर साल करीब 4 लाख रुपये रिसर्च के खर्च, यात्रा आदि पर खर्च के लिए दिए जाते हैं।

### साइंस और इंजिनियरिंग में डीएडी इंटर्नशिप

इस इंटर्नशिप के साथ जर्मनी में मौजूदा रिसर्च परियोजनाओं के हिस्से के तौर पर डॉक्टोरल स्टूडेंट्स, साइंटिस्ट्स या प्रफेसरों के साथ काम करने का मौका मिलता है। मैथमेटिक्स, इंजिनियरिंग और साइंस के स्टूडेंट फाइनल इयर में या उससे पहले साल में इन इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें ट्रैवल अलाउंस के तौर पर हर महीने में करीब 50 हजार रुपये मिलता है।

### हमबोल्ड रिसर्च ट्रैक स्कॉलरशिप

यह स्कॉलरशिप उन पीएचडी आवेदकों के लिए हैं जो जर्मनी में पढ़ना चाहते हैं। किसी भी डिसिप्लिन में मास्टर डिग्री धारक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें 6 महीने तक करीब



63 हजार रुपये तक मिलते हैं। करीब 32 हजार रुपये हर महीने चुने हुए स्कॉलर के बच्चों के खर्च के लिए दिए जाते हैं।

### बोहरिंगर इंगेलहिम फोंड्स पीएचडी फेलोशिप

भारत के जूनियर साइंटिस्ट बायॉमेडिकल रिसर्च के लिए इस स्कॉलरशिप का फायदा उठा कते हैं। वे जर्मनी के हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट में पीएचडी कर सकते हैं। स्कॉलरशिप के तहत साइंटिफिक रिसर्च और लैब/फील्ड एक्सपेरिमेंट्स के लिए फंड दिया जाता है। इस स्कॉलरशिप के तहत करीब 1.20 लाख रुपये मासिक भत्ता, करीब 12 हजार रुपये अनुसंधान भर्ता और 24 महीने की अवधि के लिए पत्नी और बच्चों के अन्य भत्ते दिए जाते हैं।

### आइंस्टाइन फेलोशिप, जर्मनी

आइंस्टाइन फोरम और डैमर ऐंड बेंज फाउंडेशन भारत के 'मैनिटीज, सोशल साइसेंज या नैचरल साइसेंज के छात्रों को ये फेलोशिप देता है। फेलोशिप के तहत छात्रों को मासिक भत्ता और रिसर्च फंड मिलता है। इस फेलोशिप के लिए छात्रों के पास पीएचडी डिग्री होना जरूरी नहीं है। इस फेलोशिप में करीब 8 लाख रुपये स्टाइपेंड एक ही बार दिया जाता है। इसके अलावा 5-6 महीनों के लिए यात्रा का रीइम्बर्समेंट और आवास की सुविधा मुहैया कराई जाती है।

# चार्टर्ड अकाउंटेंसी: वित्त क्षेत्र में संभावना

**सीए रंजीत सिंह**



**चार्टड** एकाउंटेंट यानी सीए का क्षेत्र वित्त और फिनांस में सबसे बेहतर क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। प्रोफेशनल कोर्सों के बढ़ते क्रेज में कॉमर्स छात्रों के लिए सीए एवरग्रीन है। सफल चार्टर्ड एकाउंटेंट यानी सीए बनना हर कॉमर्स के छात्र का पहला सपना होता है। आज अधिकतर कॉमर्स के छात्र सीए की लाइन में जाना चाहते हैं। लेकिन कुछ ही छात्र अपने सपनों को पूरा कर पाने में समर्थ रहते हैं। सीए करने के बाद आप अपनी कंपनी भी खोलकर उसमें कार्य कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप कई तरह के फर्म के साथ जुड़ कर काम कर सकते हैं।

किसी भी संस्थान में चार्टर्ड अकाउंटेंट अथवा सीए का काम बेहद सम्मानजनक एवं चुनौतीपूर्ण होता है। वे उस संस्थान अथवा कंपनी से जुड़े सभी अकाउंट एवं फाइनेंस संबंधी कार्यों के प्रति उत्तरदायी होते हैं। इसके अलावा इनका कार्य मनी मैनेजमेंट, ऑडिट अकाउंट का एनालिसिस, टैक्सेशन तथा फाइनेंशियल एडवाइज उपलब्ध कराने से भी संबंधित है। कोई भी छात्र जिसने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कॉमर्स स्ट्रीम में बारहवीं पास किया हो, सीए में करियर बना सकता है। अमूमन छात्र सीए की लाइन में जाने के लिए बारहवीं कक्षा से ही तैयारी शुरू कर देते हैं, लेकिन कुछ छात्र सीए की दौड़ में भाग लेने के लिए अपनी शुरुआत ग्रेजुएशन के बाद भी करते हैं। सीए कोर्स की लंबी अवधि के कारण सीए की शुरुआत का सही समय बारहवीं पास करने के बाद का ही होता है। सीए की तैयारी के लिए छात्रों को पहले अपना एकाउंटिंग बेस मजबूत करना चाहिए। ये ग्याहरवीं और बारहवीं कक्षा में गहन अध्ययन के दौरान ही हो सकता है। एक छात्र में मैनेजमेंट और फाइनेंसियल क्षेत्र में एक्सपर्ट नॉलेज के साथ एक्सपर्ट व्यू का होना बहुत जरूरी है। सीए में करियर बनाने के लिए इसकी शुरुआत कॉमन प्रोफिसिएंसी टेस्ट (सीपीटी) से होती है जिसे पास करने के बाद ही छात्र अपने लक्ष्य के पहले पड़ाव को पार कर दूसरे पड़ाव पर पहुंच सकता है। सीए में सीपीटी पास कराने में मदद के लिए बहुत सारे कोचिंग सेंटर खुले हुए हैं, स्कूलों में ट्यूशन की आदत होने से छात्रों को सीपीटी पास करने के लिए भी कोचिंग की आवश्यकता पड़ ही जाती है। लेकिन मेरा मानना यह है कि लगन, कड़ी मेहनत और सेल्फ स्टडी सीपीटी ही नहीं बल्कि सीए पास करने का मूल मंत्र है।

### फीस की रूपरेखा

सीए की तीनों ही परीक्षाओं में फीस की रूपरेखा अलग-अलग है। सीपीटी में जहां छात्रों को प्रॉस्पेक्टस, रजिस्ट्रेशन, जर्नल आदि के रूप में 6700 रुपए देने होते हैं, वहीं आइपीसीसी 10600 रुपए तथा फाइनल कोर्स की फीस 12,250 रुपए तय की गई है। इसके अलावा आर्टिकलशिप ट्रेनिंग फीस 2000 रुपए, 100 घंटे के इंफार्मेशन टेक्नोलॉजी टेस्ट (आइटीटी) की फीस 4000 रुपए, 35 घंटे के ओरिएंटेशन प्रोग्राम की फीस 3000 रुपए तथा जीएमसीएस की फीस 4000 रुपए तय की गई है। सभी कोर्स व प्रोग्राम को मिला कर यह राशि 42,450 रुपए के करीब बैठती है।

### संभावनाओं का खुला आकाश

सीए का काम अत्यंत चुनौतीपूर्ण व सम्मानजनक है। इसके प्रोफेशनल्स के रूप में देश-विदेश की कंपनियों में फाइनेंस, अकाउंट्स एवं टैक्स डिपार्टमेंट में फाइनेंस मैनेजर, अकाउंट्स मैनेजर, फाइनेंशियल बिजनेस एनालिस्ट, ऑडिटिंगटरनल ऑडिटिंग, स्पेशल ऑडिट्स सहित चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर, सीईओ, फाइनेंस डायरेक्टर, फाइनेंशियल कंट्रोलर, चीफ अकाउंटेंट, चीफ इंटरनल ऑडिटर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर काम कर सकते हैं। इसके साथ ही उनके लिए प्राइवेट प्रैक्टिस व कंसलटेंसी में रोजगार के अवसर मिलते हैं। अधिकांश सीए कॉरपोरेट घरानों को बिजनेस एडवाइज देने तथा प्रोजेक्ट प्लानिंग का काम भी करते हैं। विदेशों में भी भारतीय प्रोफेशनल्स को अवसर मिल रहे हैं। सभी सरकारी व प्राइवेट बैंक, पब्लिक लिमिटेड कंपनियां, ऑडिटिंग फर्म्स, फाइनेंशियल कंपनियां, म्यूचुअल फंड, पोर्ट फोलियो मैनेजमेंट कंपनी, इनवेस्टमेंट हाउस, स्टॉक ब्रोकिंग फर्म्स, लीगल फर्म्स व हाउस आदि में नौकरियां सृजित हो रही हैं।

सीपीटी के बाद सीए के सफर में और किन किन स्तरों से मंज कर एक छात्र को अपना लक्ष्य तय करना होता है?

सीए के करियर बनाने के लिए कॉमर्स से जुड़े एक छात्र को ये चार पड़ाव पार करने होते हैं:

1. **कॉमन प्रोफिसिंसि टेस्ट**
2. **इनटीग्रेटिड प्रोफेशनल काम्पिटेन्स कोर्स )**
3. **एकाउंटिंग टेक्निशियन कोर्स**
4. **फाइनल कोर्स**

इन चार पड़ावों से गुजर कर एक छात्र अपने सीए के सफर को पूरा कर सफलता की बुलंदियों को छू सकता है। सीए के इस रण में सबसे अधिक महत्वपूर्ण भाग इसकी ट्रेनिंग का है, क्योंकि ट्रेनिंग के दौरान ही छात्र ये सीख सकते हैं कि सीए की असली भूमिका क्या होती है। किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ट्रेनिंग के दौरान ही छात्र चुनौतियों से रूबरू होकर एक्सपर्ट बन सकते हैं।

### वेतनमान

जूनियर लेवल पर 15,000-20,000 रुपए प्रतिमाह तथा सीनियर लेवल पर 30,000-35,000 रुपए प्रतिमाह मिलता है। दो तीन साल का अनुभव होने पर यही राशि 55,000-60,000 रुपए प्रतिमाह के करीब पहुंच जाती है। विदेशी कंपनियां इन्हें लाखों के पैकेज पर रख रही हैं। अनुभव बढ़ने के साथ-साथ इनकी सेलरी बढ़ती जाती है। कंपनी एक्ट के अनुसार केवल सीए ही भारतीय कंपनियों में बतौर ऑडिटर नियुक्त किए जा सकते हैं। इसका फायदा देख कर ही कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में कदम रख रही हैं। देश की इकोनॉमी को नियंत्रित करने, इससे जुड़े सिस्टम का ऑडिट और उसे सर्टिफाई करने का काम सीए के जिम्मे होता है। बैंक भी अपना सालाना ऑडिट सीए से कराते हैं। यदि किसी संस्था या व्यक्ति को लोन दिया जाता है तो बैलेंस सीट सीए ही देखता है। शेयरों की खरीद-फरोख्त में भी बैलेंस शीट देखी जाती है। विभिन्न टैक्सों के भुगतान का हिसाब-किताब भी सीए के जिम्मे होता है।

**(लेखक चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं )**

### रांची में सीए संस्थान

रांची में सीए का सेंटर मुक्ति शरण लेन लालपुर चौक में स्थित है।

रांची में 1999 से सीए की परीक्षा आंरभ हुई। रांची में छात्रों का प्रदर्शन बेतहर है और 20 प्रतिशत छात्र सफल होते हैं जो देश में बेहतर है।

ई मेल: ranchi@icai.org

फोन : 0651-2206471

## विवेक मन्त्र



आत्मा के लिए असंभव कुछ भी नहीं है। हमारा कर्तव्य है कि अपने ही सर्वोच्च विचार पर खरा उतरने के लिए उनके संघर्ष में हर एक के लिए प्रोत्साहित करते रहें। एक विचार ले लो। एक विचार के लिए अपने जीवन को समर्पित कर दें। सपना, इस विचार के साथ रहता है। मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों, आपके शरीर के हर हिस्से, में विचार भरा हो, ओजस्वी बनने के लिए हर समय प्रयासरत हों।

हर इंसान श्रद्धा से मंदिर में खड़ा होता है। लेकिन हर खड़ा इंसान भी ईश्वरतुल्य है और ईश्वर के तुल्य सम्मान पाने योग्य है।

**स्वामी विवेकानंद**

## जॉब एलर्ट



**सवाल: क्या रेलवे में ढाई लाख से ज्यादा पद रिक्त है। साथ ही केन्द्र में सात लाख पद रिक्त हैं। रवि प्रकाश, रांची**

जवाब:सरकारी जॉब की तलाश कर रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। काफी दिनों के बाद भारतीय रेलवे इतनी बड़ी संख्या में भर्ती करने जा रहा है। भारतीय रेलवे ने असिस्टेंट लोको पायलट और टेक्निशियन के लाखों खाली पदों पर भर्ती की घोषणा की है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी एक से ज्यादा आवेदन नहीं दे सकेंगे और ऐसा करने पर उनको भर्ती प्रक्रिया से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

**सवाल: सीए को आंरभिक वेतन कितना मिलता है। अनीसा हजारीबाग**

जबावः जूनियर लेवल पर 25,000-30,000 रुपए प्रतिमाह तथा सीनियर लेवल पर 40,000-50,000 रुपए प्रतिमाह मिलता है। दो तीन साल का अनुभव होने पर यही राशि 55,000-60,000 रुपए प्रतिमाह के करीब पहुंच जाती है। विदेशी कंपनियां इन्हें लाखों के पैकेज पर रख रही हैं। अनुभव बढ़ने के साथ-साथ इनकी सेलरी बढ़ती जाती है। कंपनी एक्ट के अनुसार केवल सीए ही भारतीय कंपनियों में बतौर ऑडिटर नियुक्त किए जा सकते हैं।

## मोटिवेशन: जब जागो तभी सवेरा

**क**या आप जानते हैं कि आपका सबसे बड़ा दुश्मन कौन है? आप अपने आप का सबसे बड़ा दुश्मन हैं। यकीन मानें, यह सच हैं।

हमारी हर असफलता, बीमारी, पतन और दुख का कारण हम स्वयं हैं। अगर हम ध्यान से मेहनत करते हुए पढ़ाई करें तो संभवतः किसी भी परीक्षा में असफल नहीं होंगे।

**कुछ आदत जो हमारी ऊर्जा को सकारात्मक बनाती हैं**

हम सुबह सूर्योदय के पहले उठ कर व्यायाम करें, टहल लें, पानी पीयें। क्या ऐसा करना असंभव या कठिन है? क्या इसमें कोई बड़ी राशि खर्च होती है। युवाओं के लिए यह रामवाण है। आज से ही प्रयास करें।

**खुश रहना:** किसी अन्य की मदद के लिए हर समय तैयार रहना, दूसरों की सफलता पर दिल खोलकर बधाई देना और खुश होना, यानी खुश मिजाज होना। क्या इसके लिए कोई विशेष प्रयास की आवश्यकता है। आप के पास अब भी संभावना है, आप प्रसन्न रहने के लिए कुछ करें।

**जब जागो तभी सबेरा:** हम स्वयं का शुत्रु न बनें। अपने को स्वस्थ रखें। मानसिक रूप से स्वयं को मजबूत बनायें। जीवन में सदैव अपने को आगे बढ़ाने और अन्य को भी आगे ले जाने की बात सोचें। स्वयं को अनावश्यक क्लेश, विवाद, लड़ाई झगड़ा से बचायें। हर बात पर गुस्सा की बुरी आदत से बचें। गुस्सा से संबंध खराब होते हैं और ऊर्जा कम होती जाती है।

**युवाओं का देश:** भारत को युवाओं के देश के रूप में पहचाना जा रहा है। युवा लगातार हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। लेकिन



एडी बाधवा

सीएमए सह मोटिवेटर

कई बार युवा अपनी योग्यता पहचानने में भूल करते हैं। किसी भी सफलता के लिए उपरोक्त बातों का जीवन में बेहतर ढंग से उपयोग कर सकते हैं। इन बातों पर अमल से अहंकार कम होता है आत्म अनुशासन आता है, जो समाज की बड़ी पूंजी है।

**राष्ट्रीय नुकसान :** सड़क दुर्घटना या अन्य अराजक कारणों से असामयिक निधन से देश को भारी नुकसान होता है। आप अपने आप को राष्ट्रीय संपत्ति समझें। विश्व के विकसित देशों से प्रतिस्पर्धा में अपनी अहमियत स्वीकारें और तन, मन और धन के परिप्रेक्ष्य में गंभीर प्रयास करें। आप अधिक से अधिक काम कर सकते हैं।

## इंटरव्यू में रखें इन बिंदुओं का ध्यान

**सुधांशु कुमार**



**प्रारंभ** किसी भी व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करना बहुत बड़ी बात होती है। हर कोई चाहता है कि वह एक अच्छी और बड़ी कंपनी में बेहतर सैलरी वाली नौकरी करे। अच्छी नौकरी उस व्यक्ति को मिलती है जिसके पास अच्छी क्वालिफिकेशन हो और साथ ही इंटरव्यू में जिसने बेहतरीन प्रदर्शन दिया हो। आपका इंटरव्यू ही इस बात का फैसला लेता है कि आप उस कंपनी में काम करने के उपयुक्त हैं या नहीं। इंटरव्यू में आपका प्रदर्शन ही आपको अच्छी सैलरी वाली अच्छी नौकरी दिला सकता है लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपका इंप्रेशन इंटरव्यू लेने वाले पर काफी अच्छा हो। आज हम आपको बताएंगे ऐसी ही कुछ बातों के बारे में जिन्हें इंटरव्यू में बोलने से आपकी नौकरी कंफर्म हो जाएगी। उसे आपसे कोई नहीं छीन सकता।

**कम बातें करना**

इंटरव्यू में जितना बोलना जरूरी हो उतना ही बोलना चाहिए। किसी भी बात को बढा-चढाकर बोलने की कोशिश न करें। ऐसा करने से नुकसान हो सकता है। कई बार आपका इंटरव्यू ले रहे लोगों को यह समझ में नहीं आता कि आप क्या सही बोल रहे हैं और क्या गलत। इससे आपका इंप्रेशन खराब होता है। जरूरी है कि आप सोच समझकर सिर्फ जरूरी बातें करें।

**जितना काम कर सकें उतना ही बोलें**

कुछ कैंडिडेट्स सोचते हैं कि यदि वह यह बोल देंगे कि उन्हें सारे काम आते हैं तो उनका सिलेक्शन आसानी हो जाएगा लेकिन यह बिल्कुल गलत है। ऐसा बोलने से आपका इंप्रेशन गलत पड़ता है। आपको सिर्फ उतना ही बोलना चाहिए जितना आप कर सकते हैं। जितना काम कर सकें उतने के बारे में ही चर्चा करें।

**अपने बारे मे सच कहें**

कुछ कैंडिडेट्स इंटरव्यू में बैठकर अपनी तारीफ शुरू कर देते हैं। वह अपने आप को परफेक्ट साबित करने के लिए कुछ भी कहने लगते हैं। कई बार ऐसा करने के लिए झूठ भी बोल देते हैं जो कि गलत है। अपने बारे में हमेशा सच ही कहें। इंटरव्यू में कोई भी बात बोलने से पहले कई बार सोच लें।

**अपनी कमजोरियों नहीं मजबूतियों का जिक्र करें**

किसी भी कैंडिडेट को अपने इंटरव्यू में अपनी कमजोरियों और किसी भी तरह की परेशानियों का जिक्र कभी नहीं करना चाहिए। उन्हें सिर्फ अपने स्ट्रॉन्ग प्वाइंट के बारे में ही बताना चाहिए। आप भले ही कितने भी परेशान हों लेकिन अपनी इन परेशानियों के बारे में कोई बात न करें। ये किसी को जानने न दें कि आपको अपनी निजी जिंदगी में क्या प्रॉब्लम हो रही है।

**(सेंटर मैनेजर, केसीसी रांची, )**

## करियर जोन



**सवाल :** रेलवे साइको टेस्ट क्या होता है? यह क्यों आवश्यक है? **रवि, रांची**

**जवाब :** । रेलवे लोको पॉयलट के लिए बड़ी संख्या में नियुक्ति की सूचना प्रकाशित की गयी है। इसके लिए आइटीआइ सहित तकनीकी डिप्लोमा होल्डर युवा भी आवेदन कर सकते हैं। रेलवे में सिर्फ लोका पायलट के पद के लिये ही यह परीक्षा आयोजित की जाती है। उत्तीर्ण छात्र परीक्षा में भाग लेते हैं। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद साइको टेस्ट में भाग लेना अनिवार्य है।

**सवाल :एसएससी के माध्यम से जूनियर इंजीनियरिंग की भर्ती सूचना कब प्रकाशित होगी। प्रशांत, धनबाद**

**जवाब :** एसएससी के माध्यम से प्रकाशित होने वाली रिक्तियों की सूचना हर वर्ष जनवरी - फरवरी के अंत तक प्रकाशित होती है। इस वर्ष में चुनाव के कारण पूरी प्रकिया बाधित है। रोजगार समाचार का नियमित अध्ययन करते रहें।

**ई-मेल**

nkmurlidhar@gmail.com पर अपना सवाल भेज सकते हैं आपके सवाल का जवाब हम खबर मन्त्र में प्रकाशित करेंगे।

## स्वरोजगार के अवसर

**आ**जकल कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां रोजगार की असीम संभावना है और कम पूंजी से भी इन क्षेत्रों में रोजगार की संभावना है।

**खाना बचाकर कमाएं लाखों:** खाद्य प्रौद्योगिकी एवं प्रसंस्करण तकनीक के जरिए बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री का प्रसंस्करण कर उन्हें खराब होने से बचाया जा सकता है तथा बाजार में उपभोग हेतु सही चीजें उपलब्ध कराई जा सकती है। अगर आंकड़ों की मानें, तो इस क्षेत्र में प्रतिवर्ष लगभग ढाई लाख से अधिक रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। जी.बी.पंत एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखण्ड, इग्नू, मैदानगढ़ी, नई दिल्ली, नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, करनाल और सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ में कोर्स कराए जाते हैं।

**शहद बेचकर मोटी कमाई**: अगर आप शहद बेचकर अच्छी कमाई करना चाहते हैं, तो मधुमक्खी पालन का क्षेत्र भी आपके लिए उपयुक्त हो सकता है, लेकिन इसके लिए आपको इससे संबंधित कोर्स करने होंगे, जिससे आप इस क्षेत्र को बखूबी समझ सकें। मधुमक्खी पालन विभाग, कृषि भवन नई दिल्ली व खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, गांधी दर्शन, नई दिल्ली और स्मॉल स्केल इंडस्ट्री मंत्रालय, भारत सरकार, निर्माण भवन, नई दिल्ली में ये कोर्स कराए जाते हैं।



दूध में सेहत भी कमाई भी: डेयरी टेक्नोलॉजी भी प्रशिक्षित पेशेवरों के लिए कार्य के कई विकल्प उपलब्ध कराता है। यहां सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के कई विकल्प हैं। यहां प्रशिक्षित लोगों को डेयरी फार्म, कोऑपरेटिव सोसायटी, ग्रामीण बैंकों, मिल्क प्रोडक्ट्स प्रोसेसिंग व मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स में कार्य के मौके मिलते हैं। डेयरी तकनीक में दक्ष व्यक्ति चाहें तो अपना मिल्क प्लांट, क्रीमरी, आइसक्रीम यूनिट भी शुरू कर सकते हैं। नेशनल डेयरी रिसर्च इंस्टीट्यूट, करनाल और आनंद एग्रीकल्चरल यूनिर्विसटी, आनंद (गुजरात) में संबंधित कोर्स कराए जाते हैं।

**महकते फूलों में कमाई**: फूलों के उत्पादन के काम ने भी रोजगार के नए अवसर खोले हैं। इस क्षेत्र में फूलों के उत्पादन से लेकर उसकी पैकेजिंग व आपूर्ति तक का प्रबंधन शामिल है। फूल उगाने से लेकर फूलों का व्यापार, उत्पादन, पौधारोपण और उसके बीजों का संरक्षण जैसे कार्य फ्लोरिकल्चर में शामिल हैं। इस उद्योग में फार्म मैनेजर, पौधारोपण विशेषज्ञ, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर जैसे कई पद हैं। कुरूक्षेत्र यूनिर्विसटी, कॉलेज ऑफ हॉर्टी कल्चर एंड फॉरेस्ट्री, अरुणाचल प्रदेश, सर्टिफिकेट कोर्स इन फ्लोरिकल्चर, नालंदा ओपन विश्वविद्यालय, पटना और इलाहाबाद स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर, इलाहाबाद में कोर्स कराए जाते हैं।

**रूरल मैनेजमेंट में रोजगार के मौके:** रूरल मैनेजमेंट यानी ग्रामीण प्रबंधन में कृषि उत्पाद, उद्योगों तथा खादी ग्रामोद्योग पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए योग्यता स्नातक निर्धारित है। रूरल मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद आप एनजीओ, गवर्नमेंट डेवलपमेंट एजेंसी, को-ऑपरेटिव बैंक, इंश्योरेन्स सेक्टर आदि में भी नौकरी के लिए प्रयास कर सकते हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, जयपुर, इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली और एमिटी स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट, नोएडा में संबंधित कोर्स कराए जाते हैं।

स्पीड न्यूज

## जिला मुख्यालय पर भाजपा महिला मोर्चा का आक्रोश प्रदर्शन 14 को



जमशेदपुर। झारखंड में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, उत्पीड़न और अपराध के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने सड़क पर उतरने का एलान किया है। पूरे प्रदेश में लगातार हो रहे महिला अपराध, अत्याचार और वादाखिलाफी के खिलाफ 14 अगस्त को भाजपा जमशेदपुर महानगर एवं पुर्वी सिंहभूम महिला मोर्चा की कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना- प्रदर्शन कर घेराव करेंगी। आक्रोश प्रदर्शन को लेकर महिला मोर्चा जमशेदपुर महानगर एवं पुर्वी सिंहभूम जिले की संयुक्त बैठक साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यरूप से सिंहभूम की पूर्व सांसद सह कार्यक्रम के कोल्हान प्रभारी गीता कोड़ा, पूर्व सांसद आभा महतो, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, पूर्व विधायक मेनका सरदार, कार्यक्रम की कोल्हान सह प्रभारी गीता बालमुचू, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष कल्याणी शरण, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा एवं पुर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव मुख्यरूप से शामिल हुए। बैठक में आगामी 14 अगस्त को जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आक्रोश प्रदर्शन को लेकर व्यापक चर्चा कर रणनीति बनाई गई। बैठक में तय हुआ कि महिला अपराध और अत्याचार के खिलाफ माताएँ-बहनें जब संगठित होकर सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरेगी तो समाज जागेगा और मदहोश सरकार का भ्रम भी टूटेगा। बैठक को संबोधित करते हुए सिंहभूम लोकसभा की पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि वर्तमान गठबंधन सरकार में महिला अत्याचार, दुष्कर्म, महिला अपराध एवं अपराधिक घटनाएं लगातार घटित हो रही है। सत्ता के नशे में मुख्यमंत्री समेत पूरी केबिनेट और सरकार मदहोश हैं, उन्हें महिलाओं के हितों की कोई चिंता ही नहीं है। महिलाओं से कई वादे कर सत्ता प्राप्त करने वाली झामुमो- कांग्रेस गठबंधन सरकार ने महिलाओं से किया एक वादा भी अब तक पूरा नही किया। अब इस सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है।

## सविता महतो ने दिलायी रांगाडीह नाला पर पुल निर्माण को स्वीकृति

चांडिल। ईचागढ़ विधायक सविता महतो के पहल पर ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा चांडिल प्रखंड क्षेत्र के हेंसाकोचा में रांगाडीह से पारसीडीह के बिच रांगाडीह नाला पर 3 करोड़ 49 लाख 85 हजार 2 सौ रुपये की लागत से होने वाले पुल निर्माण का प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। वही हेंसाकोचा पंचायत के ग्रामीणों के बहु प्रतीक्षित मांग का प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से लोगों में हर्ष का माहौल है। उक्त बात की जानकारी विधायक के आप्त सचिव सह झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दी।

# श्री नीलकंठ महादेव संघ दूसरी सोमवारी को 25000 भक्तों को खिलायेगा भोग

### बाराद्वारी सब्जी मैदान में महादेव भक्तों को झुमायेंगी भजन गायिका शहनाज अख्तर, साथ में होंगे बक्सर के लिटिल आर्यन बाबू बिखेरेंगे भोजपुरी के रंग

खबर मन्त्र ब्यूरो



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते बाबा बर्फानी के भक्तगण।

**जमशेदपुर।** आठ वर्ष पूर्व बाबा बर्फानी का दर्शन करने अमरनाथ की यात्रा पर गए नगर के कुछ महादेव भक्तों ने बाराद्वारी सब्जी मैदान में बैठक कर भोग वितरण एवं भजन संध्या का आयोजन दूसरी सोमवारी को करने का संकल्प किया था। तब से हर वर्ष दूसरी सोमवारी को इस मैदान में भोग वितरण सह भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इस बार इस वार्षिक आयोजन का आठवां वर्ष है जिसमें भव्य भजन संध्या और आरती के साथ 25000 महादेव भक्तों को भोग खिलाने की व्यवस्था की जा रही है। भजन संध्या में इस बार मध्यप्रदेश के शहर जबलपुर की भजन गायिका शहनाज अख्तर और बक्सर के लिटिल आर्यन बाबू भक्तों को झुमाने आ रहे हैं। उक्त जानकारी आयोजन स्थल पर शुक्रवार की संध्या आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य पंकज कुमार ने दी। कुमार ने बताया कि दूसरी सोमवारी को भजन संध्या आयोजन का यह आठवां साल है।

कार्यक्रम : 29 जुलाई को संध्या छह बजे से महा आरती, शाम 7.00 बजे से भजन गायक लिटिल आर्यन बाबू प्रस्तुति के लिए मंच पर आयेंगे जबकि भजन गायकी की सुपर स्टार शहनाज अख्तर रात्रि 9.00 बजे से मंच पर प्रस्तुति देने आयेंगी। महा भंडारा के तहत भोग वितरण रात्रि 8.00 बजे से शुरु होगा।

**मुख्य अतिथि :** भोले बाबा की अनन्य भक्तिनी कृष्णा माता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगी। कृष्णा माता देवघर में हर साल सबसे पहले जलाभिषेक करती आ रही हैं, और वे भगवान शिव की परम भक्तिनी हैं।

**तैयारी :** दूसरी सोमवारी को हर वर्ष बाबा की कृपा से खूब बारिश होती है। ऐसे में बारिश से कार्यक्रम प्रभावित नहीं हो इसके लिए बाराद्वारी सब्जी मैदान में 100 गुणा 250 फीट पक्का पंडाल बनाया जा रहा है जिसके नीचे 5500 कुर्सियां और 700 सोफे लगाये जायेंगे।

**कार्यक्रम में निःशुल्क प्रवेश :** भजन संध्या कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश निःशुल्क है। कोई पास जारी नहीं होगा। पहले आओ, पहले बैठो की तर्ज पर व्यवस्था है।

**सुरक्षा व्यवस्था :** कार्यक्रम स्थल पर भक्तों को बैठाने के लिए 123 वोलेंटियर रहेंगे पुलिस के 30 जवान तैनात रहेंगे। पूरा आयोजन 70 सीसीटीवी की गहन निगरानी में होगा।

आयोजन स्थल पर दमकल विभाग की टीम भी तैनात रहेगी।

**विशेष :** मुख्य प्रवेश द्वार पर 16 फीट ऊंची बाबा महादेव की प्रतिमा रहेगी। इनके अलावा 10 फीट ऊंचा बाबा बफार्नी भी रहेंगे।

**स्क्रीन पर भी होगा प्रसारण :** जिन लोगों को पंडाल के भीतर जगह नहीं मिल पायेगी वे बाहर लगे पांच बड़े स्क्रीन पर कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे।

**भंडारा :** रात्रि आठ बजे से शुरु होने वाले महाभंडार के लिए महिला और पुरुष भक्तों के लिए अलग-अलग 10-10 भोग वितरण काउंटर लगेगा। हर काउंटर पर दो-दो यानी कुल 40 वेटर भोग वितरण में सहयोग करेंगे।

**संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित सदस्यगण :** बालकृष्ण प्रसाद, जितेंद्र साहू, अरविंद कुमार, मुनीम कुमार सिंह, रवि सिंह, मनोज कुमार, चंचल कुमार, सतीश अरोड़ा, अजीत कुमार, अधिवक्ता पवन तिवारी, नीलेश कुमार, विकास कुमार, संतोष शर्मा, अमित कुमार सिन्हा, देवाशीष मिश्रा भास्कर, अजय साहू, सुनील प्रसाद, उपेंद्र, राजू सानन आदि।

# चांडिल डैम के मछली पालन केज में वज्रपात से 2 की मौत





खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र के बोराबिंदा गांव में बज्रपात होने से चांडिल डैम के अंदर मछली पालन केज में गए दो लोगों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान बोराबिंदा गांव निवासी व मत्स्य मित्र 60 वर्षीय बनू टुडू एवं 55 वर्षीय कालीचरण बेसरा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बनू टुडू और कालीचरण बेसरा चांडिल बांध मत्स्यजीवी स्वावलंबी सहकारी समिति के सदस्य थे। वे समिति के तहत केज लेकर मछली पालन कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। अन्य दिनों की तरह आज शाम भी वे डैम में बनाये गए केज में पाली जा रही मछलियों को चारा देने गए थे।

वे चारा दे रहे थे तभी आसमान में बिजली कड़की, और वज्रपात से दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### सुखराम ने परिजनों का बंधाया ढांढस

घटना की सुचना मिलने पर चांडिल के समाजसेवी सुखराम हेंब्रम घटना स्थल पहुंचे घटना की जानकारी लिया तथा मृतक के परिजनों का ढांढस बंधाया। हेम्ब्रम में बज्रपात से मरे दोनों लोगों के परिवार को प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## केरला पब्लिक स्कूल में प्राइमरी बच्चों की प्रदर्शनी संपन्न



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को केरला पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्राइमरी बच्चों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी छात्रों में आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देता है यह सीखने की प्रक्रिया में न केवल छात्रों को जिज्ञासु और विश्लेषणात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित करते हैं बल्कि उन्हें सीखने में संलग्न होने के लिए उपयुक्त अवसर भी प्रदान करते हैं। इस प्रदर्शनी में हिंदी भाषा और साहित्य की समृद्धि का प्रदर्शन किया गया, विज्ञान की प्रदर्शनी में अवधारणाओं की खोज प्रयोग और नवाचारों को बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया गया। गणित की प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न सामग्रियों का उपयोग करके व्यावहारिक प्रदर्शन करने के माध्यम से विभिन्न गणित अवधारणाओं को सिखने के लिए प्रेरित करना है।

## एक नजर में

### रातू में आज से विशेष मतदाता अभियान दिवस

**शामिल किये जायेंगे नये वोटर, नाम और फोटो में होगा सुधार**

**रातू।** प्रखंड के सभी मतदान केंद्र में 27 और 28 जुलाई को विशेष मतदाता अभियान दिवस आयोजित किये जायेंगे। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ रवि कुमार ने बताया कि मतदाता जिस मतदान केंद्र में अपना वोट डालते हैं, वहां लगे शिविर में किसी भी तरह की त्रुटि का सत्यापन कराते हुये सुधार करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि वोटर कार्ड से संबंधित समस्याओं का तत्काल समाधान किया जायेगा। जिनकी उम्र 1 जुलाई 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो गयी हो, तो उनका वोटर कार्ड तत्काल बनाया जायेगा। वैसे मतदाता जिनके नाम और फोटो में त्रुटि है, तो आवेदक अपना आधार कार्ड और एक फोटो अपने साथ शिविर में लेकर जरूर आये। ताकि, उसका समाधान हो सके।

### राजाडेरा स्कूल परिसर में लगाये गये पौधे



**अनगड़ा।** प्रखंड के राजाडेरा स्कूल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमे अलग-अलग प्रजाति के करीब 50 से अधिक पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए । इन पौधों में शीशम गुलमोहर महोगनी सीमल कोयनार कदम कटहल आदि पौधे शामिल है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजाडेरा मुखिया सीमा देवी ने बच्चों के साथ पौधारोपण कर पेड़ बचाने का संकल्प लिया ।मौके पर महावीर महतो रिजवान अंसारी आभा मैडम पूर्व मुखिया मोतीराम मुंडा शिक्षिका तारा सुषमा लकड़ा शीला सिंह पद्मावती कुमारी सालेन तिर्की करुणा कुमारी निभा कुमारी रीता महतो अंजू कुमारी पल्लवी जोशी तसिया नाग श्वेता नायक आशा देवी (अध्यक्ष) पारो देवी (संयोजिका) एवं सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### ट्रक मालिकों की बैठक : एनके एरिया और खलारी के ट्रकों के साथ भेदभाव बंद हो



**खलारी।** केडी अंबेडकर चैक के समीप ट्रक मालिकों की बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष तनवीर आलम एवं संचालन विकास दुबे ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के संरक्षक राजन सिंह राजा उपस्थित थे। वहीं बैठक के माध्यम से माँग किया गया कि मगध आम्रपाली एवं अशोका पिपरवार क्षेत्र में एन.के. एरिया एवं खलारी के ट्रकों के साथ भेदभाव बंद किया जाये और सुचारू रूप से लोडिंग दिया जाये। बैठक में राजन सिंह राजा, तनवीर आलम, विकास दुबे, मदन सिंह, गुड्डू सिंह, कन्हैया झा, रणविजय सिंह, ललन सिंह, अजय सिंह, अमरेंद्र सिंह, विक्की सिंह, गुजरत अंसारी, फिरोज अंसारी, सोनू सिंह, शंभु मेहता, महावीर चैहान, राजेश चैहान, जीतेंद्र चैहान, अशोक मिस्त्री, जीतेंद्र यादव, प्रदीप पासवान, शमशाद अंसारी, सोनू गुप्ता, राजू अंसारी, राजा अंसारी, अजय कुमार, जीतेन्द्र सिंह, रविशेखर सिंह, एजाजुल अंसारी, अरूण यादव, प्रिंस सिंह आदि उपस्थित थे।

### राहे के ग्रामीणों ने जन सहायता शिविर में दिये योजनाओं से संबंधित आवेदन



**राहे।** प्रखंड कांग्रेस के द्वारा शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड मुख्यालय परिसर में जन सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कांग्रेसी कार्यकताओं ने सरकार ओर से जनहित के लिए चलाए जाने वाले सभी प्रमुख योजनाओं के बारे लोगों को जानकारी दी। शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांव से आए लोगों ने अलग अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए। शिविर से मिली जानकारी के मुताबिक सभी योजनाओं के लिए कुल 3262 आवेदन आए। हालांकि ऑन दि स्पॉट किसी भी योजना या शिकायत का निष्पादन नहीं हुआ। शिविर में जिला कांग्रेस कमेटी के डॉ राकेश किरण महतो, जगदीश महतो, एडवोकेट विनोद सिंह ,राहे प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर मुंडा, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो,नागेश्वर महतो, अल्पसंख्यक जिला सचिव मंजुर मोमिन,विकास रजक,राहे प्रखंड कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष त्रिलोचन महतो, ज्ञान अहीर, युवा अध्यक्ष कृष्ण अहीर ,उपेन्द्र गोंझू,ललित मुंडा ,राजेश्वर सिंह, मनोज यादव ,त्रिलोक सिंह,नित्यानंद महतो, रमजान अंसारी, महावीर महतो, आदि मौजूद थे।

## बेड़ो से शिवसैनिकों का पहला जत्था बाबा नगरी देवघर रवाना

**बेड़ो।** शिव सैनिकों का पहला जत्था बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में मांथा टेककर बाबा नगरी देवघर के लिए शुक्रवार को प्रस्थान किए। शिवसैनिकों में शिवसेना झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह उपप्रमुख संदीप मुखर्जी और लोहरदगा लोकसभा प्रभारी भोला उरांव ने अपने शिवसैनिक कार्यकताओं के साथ बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में माथा टेक कर देवघर के लिए रवाना हुए। जहां सभी शिवसैनिक शनिवार की अहले सुबह 6:00 बजे सुल्तानगंज के उत्तर वाहिनी गंगा में स्नान कर अपने अपने कांवर व पवित्र गंगा जल का वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर पवित्र गंगाजल को अपने कांवर में लेकर सभी शिवसैनिक शिव भक्त श्रद्धालु सुल्तानगंज से पदयात्रा कर बाबा नगरी देवघर के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं सोमवार को सभी शिवसैनिक पदयात्रा कर बाबा नगरी देवघर पहुंचेंगे। जिसके बाद सभी शिवसैनिक मनोकामना लिंग शिवलिंग में जलाभिषेक करेंगे। सभी शिव भक्त शिवसैनिकों को बजरंग गोप, ईश्वर दास, सुखलाल लोहरा ने सभी देवघर के लिए निकले शिवसैनिकों को शुभकामनाएं देकर बाबाधाम प्रस्थान कराया।

## जमशेदपुर के 91 साहित्यकारों को मिला सुभद्रा कुमारी चौहान साहित्यकार सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन / तुलसी भवन' द्वारा 'तुलसी जयंती समारोह' के अन्तर्गत संस्थान के मानस मण्डपम (ऊपरी तल) में 'काव्य कलश सह साहित्यकार सम्मान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिनमें साहित्य समिति के सदस्यों सहित नगर के कुल 91 साहित्यकारों को साहित्य के प्रति सेवा, समर्पण एवं संस्थान के कार्यक्रमों में उपस्थिति के लिए 'सुभद्रा कुमारी चौहान साहित्यकार सम्मान' प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका ने की। जबकि मंच पर न्यासी मुरलीधर केडिया, उपाध्यक्ष राम नन्दन प्रसाद, मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी, कोषाध्यक्ष बिमल जालान, कार्यकारिणी के प्रसन्न वदन मेहता एवं साहित्य समिति की मार्गदर्शिका डॉ रागिनी भूषण मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ रागिनी भूषण के सुमधुर सरस्वती वंदना हुई।

## झारखंड पब्लिक स्कूल डकरा में मना कारगिल विजय दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरआत में स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार चैहान ने शहीदों चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। वहीं उपस्थित शिक्षको ने भी बारी-बारी से शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कारगिल विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए एक से बढ़कर एक भाषण, शायरी एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। वहीं प्राचार्य अभिषेक कुमार चैहान ने बच्चों को देश भक्त बनने एवं देश के प्रति सच्ची श्रद्धा एवं निष्ठा की शपथ दिलवाई। वहीं कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग मे प्रथम पुरस्कार समृद्धि कुमारी एवं मिस्टी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार ब्यूटी कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार अर्णव कुमार और आफिया प्रवीण को दिया गया। वहीं सीनियर वर्ग से कुणाल कुमार को प्रथम स्थान, खुशी कुमारी द्वितीय एवं ज्वाला कुमारी एवं अश्विनी कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

## मांडर में मना संत अन्ना धर्म समाज का स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता




**मांडर।** मिशन स्थित संत अन्ना स्कुल परिसर में शुक्रवार को धूम धाम से संत अन्ना धर्म समाज का स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर संत अन्ना परिसर के संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज, संत अन्ना कान्वेंट स्कूल मांडर , संत अन्ना हाई स्कूल, और मिडिल स्कूल के छात्र- छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही पिछली परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र - छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। मौके पर संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज कि प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा कि संत अन्ना धर्म समाज कि स्थापना आज के ही दिन मांडर के सुदूरवर्ती गाँव सरगाव से होकर आज झारखण्ड सहित कई राज्यों में विस्तारित होकर शिक्षा के क्षेत्र में सेवा दे रहा है। यह एक धर्म बहनों का समाज है और हमारे लिए सौभाग्य है कि ईश्वर ने हमें इस सेवा कार्य के लिए चुना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में संत अन्ना कान्वेंट कि प्रचार्या अलैक्सीया बेक, हाई स्कूल कि प्रचार्या मैरी तिर्की, मिडिल स्कूल कि प्रचार्या ज्योति जसिंता मिंज, अनिल खलखो, सुमन तिर्की, बोनीफस एक्का, प्रीति कुजूर, सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# सिल्ली विधायक ने 835 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** प्रखंड क्षेत्र के डोमनडीह स्कूल मैदान में गूंज परिवार के तत्वावधान में मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 2024 में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले राहे प्रखंड के 835 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सह विधायक सुदेश महतो, बीडीओ मनोज महथा, बीईईओ शांति मुनि तिर्की एवं अन्य अतिथियों ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रमाण पत्र और पुरस्कार तथा प्रखंड टॉपर हाई स्कूल राहे के श्रुति कुमारी और पर्वतीय दुर्गम हाई स्कूल जाराडीह के धीरज कुमार महतो को टैबलेट देकर तथा उनके अभिभावकों को शॉल देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रखंड के सभी विद्यालयों में मैट्रिक एवं इंटर के टॉपर को उत्कृष्ट प्रमाण पत्र, पुरस्कार उनके अभिभावकों को शॉल देकर सम्मानित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों द्वारा शहर के बच्चों की तुलना में अपने आप को खड़ा करना एक चुनौती है। हमारे ग्रामीण परिवेश के छात्रों ने इन चुनौतियों को स्वीकार कर एक उदाहरण पेश किया है। तमाम बाधाओं के बावजूद क्षेत्र के होनहार विद्यार्थियों ने कामयाबी की नई कहानी लिखी है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। लेकिन हमें यहीं नहीं रुकना है। यह महज एक पड़ाव है, हमें ह्लपढ़ेगा सिल्ली बढ़ेगा सिल्लीह्व शिक्षा के महाअभियान को और आगे ले जाना है।बेहतर कल को आकार देने के लिए छात्रों की भूमिका अहम है। यहां के छात्रों में अपार क्षमता है। उनमें हर दिन नया सीखने आगे बढ़ाने और समाज के हालात बदलने की ललक है। वहीं उन्होंने कहा कि अपने मुकाम को पाने के लिए आप नए नजरिए से सोचें तथा नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ें। जहां जरूरत होगी वहां मैं खड़ा हूं। आप सभी कुछ ऐसा करें जो आपके लिए, आपके परिवार तथा समुदाय में परिवर्तन की नई पहल बने।ध्यान रखें कि आप अपने छोटे और प्रभावशाली कदमों के साथ समाज में बदलाव की नींव रख सकते हैं। झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं के द्वारा स्वागत नृत्य और गीत प्रस्तुत किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।




## भारत के मैच, 27 जुलाई का पूरा शेड्यूल

27 जुलाई से पेरिस ओलिंपिक की शुरूआत हो जाएगी। स्पर्धा के पहले दिन यानी शनिवार) को भारत बैडमिंटन, मुक्केबाजी, हॉकी समेत कुल सात खेलों में हिस्सा लेगा। भारत का सबसे पहला मैच सुबह साढ़े सात बजे बैडमिंटन में होगा तो आखिरी मैच रात 12 बजे बॉक्सिंग में होगा। पहले दिन ओलिंपिक में भारतीय दल का शेड्यूल कैसा है।

**बैडमिंटन** पुरुष एकल ग्रुप मैच: लक्ष्य सेन बनाम केविन कॉर्डन (ग्वाटेमाला) (शाम 7:10 बजे)
**पुरुष युगल ग्रुप मैच:** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी बनाम लुकास कोर्वी एवं रोनन लाबर (फ्रांस) (रात आठ बजे)
**महिला युगल ग्रुप मैच:** अश्विनी पोनप्पा एवं तनीषा क्रास्टो बनाम किम सो येओंग एवं कोंग ही योंग (कोरिया) (रात 11:50 बजे)

**मुक्केबाजी** महिलाओं के 54 किग्रा शुरूआती दौर का मुकाबला: प्रीति पवार बनाम थी किम अन्ह वो (वियतनाम) (रात 12:05 बजे)

**हॉकी** पूल बी मैच: भारत बनाम न्यूजीलैंड (रात नौ बजे)।

**नौकायन** पुरुष एकल स्कल्स: पंवार बलराज (दोपहर 12:30 बजे)

**टेबल टेनिस** पुरुष एकल पहला दौर: हरमीत देसाई बनाम जैद अबो (यमन) (शाम 7:15 बजे)।

**टेनिस** पुरुष युगल के पहले दौर का मैच: रोहन बोपन्ना एवं एन श्रीराम बालाजी बनाम एडवर्ड रोजर-वैसलीन और फैबियन रेबौल (फ्रांस) (दोपहर 03:30 बजे)।

**निशानेबाजी** 10 मीटर मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन: संदीप सिंह / इलावेनिल वालारिवन, अर्जुन बबूता / रमिता जिंदल (दोपहर 12:30 बजे)
**10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष क्वालिफिकेशन:** अर्जुन सिंह चीमा और सरबजोत सिंह (दोपहर दो बजे)
10 मीटर एयर पिस्टल महिला क्वालिफिकेशन: मनु भाकर और रिदम सांगवान (शाम चार बजे)।

# ओलंपिक का धमाकेदार सेरेमनी के साथ हुआ आगाज

## ओपनिंग सेरेमनी से पहले पीवी सिंधु ने कहा- 'भारत की ध्वजवाहक बनना सबसे बड़े सम्मानों में से एक

## भारतीय दल ने बिखेरा जलवा




**एजेंसी**

**पेरिस।** भारत की शीर्ष शटलर पी.वी. सिंधु ने शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक 2024 के उद्घाटन समारोह में देश की ध्वजवाहक बनने की अपनी खुशी साझा की और कहा कि यह उनके जीवन का 'सबसे बड़ा सम्मान' है। सिंधु पेरिस में सीन नदी के किनारे ऐतिहासिक आयोजन के लिए अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल के साथ देश के दो ध्वजवाहकों में से एक हैं। सिंधु ने एक्स पर इस शानदार समारोह के लिए तिरंगे से प्रेरित साड़ी में अपनी तस्वीरें भी पोस्ट की है। पेरिस में उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले सिंधु ने एक्स पर लिखा, पेरिस 2024 ध्वजवाहक- लाखों लोगों के सामने अपने देश का झंडा थामना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है।


**भारत के कुछ खिलाड़ी करेंगे आराम**

जिन्होंने ने भी उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। भारत शनिवार को प्रतियोगिता के पहले दिन निशानेबाजी, बैडमिंटन, टेनिस, नौकायन, तीरंदाजी और हॉकी में अपने अभियान की शुरूआत करेगा। इस बीच, एथलेटिक्स, भारोत्तोलन और कुश्ती दस्तों के सदस्य अभी पेरिस नहीं पहुंचे हैं और इसलिए वे उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे। अन्य सभी खिलाड़ी जो खुद को उपलब्ध करा चुके हैं, वे परेड का हिस्सा होंगे।

## भारतीय ध्वजवाहक सिंधु ने जताई खुशी

आपको बता दें कि दोनों खिलाड़ी खेलों के इतिहास में पहली बार होने वाले प्रतिष्ठित आउटडोर उद्घाटन समारोह में 12 खेलों के 78 खिलाड़ियों और अधिकारियों का नेतृत्व करेंगे। इस अनोखे समारोह में, हजारों ओलंपिक एथलीट लगभग 100 नावों पर यात्रा करेंगे, सीन नदी के किनारे यात्रा करेंगे और पेरिस के कुछ सबसे प्रतिष्ठित स्थलों जैसे नोट्रे डेम, पोंट डेस आर्ट्स और पोंट न्यूफ से गुजरेंगे। भारत ने 2024 ओलंपिक के लिए पेरिस में 117 खिलाड़ियों का दल भेजा है, जिसका लक्ष्य टोक्यो में पिछले संस्करण में जीते गए ऐतिहासिक सात पदकों को पार करना है। भारतीय एथलीट ओलंपिक खेलों के इस संस्करण में शामिल 32 खेलों में से 16 में प्रतिस्पर्धा करेंग। चूंकि दल के कई सदस्यों की शनिवार सुबह प्रतियोगिताएं हैं, इसलिए भारतीय ओलंपिक संघ ने तैयारी को प्राथमिकता देने और उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लेने के उनके निर्णय का सम्मान किया है। जिन लोगों को परेड में भाग लेने से छूट दी गई है, उनमें रोवर बलराज पंवार शामिल हैं, जिनकी शनिवार सुबह दौड़ है, एयर राइफल और एयर पिस्टल शूटिंग टीमों के सदस्य, जिनकी शनिवार को स्पधाएं हैं।





## बालाजी के साथ बोपन्ना ओलंपिक में आखिरी बार लगाएंगे जोर, एकल में नागल के सामने कड़ी चुनौती

**एजेंसी**

**पेरिस।** भारतीय ओलंपिक दल के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 44 वर्षीय रोहन बोपन्ना के पास पिछले ओलंपिक की तरह मजबूत जोड़ीदार नहीं है लेकिन पुरुष युगल में उनके साथ चुनौती पेश करने को तैयार अनुभवी एन श्रीराम बालाजी मुश्किल परिस्थितियों से लड़ना जानते हैं। ओलंपिक में भारत का पहला और एकमात्र टेनिस पदक 1996 में आया, जब लिएंडर पेस ने अटलांटा खेलों में एकल कांस्य पदक के साथ इतिहास रचा था। जब महान पेस और महेश भूपति ने एथेंस (2004) और बीजिंग (2008) में एक साथ प्रतिस्पर्धा की थी तब भी भारत ने ओलंपिक पदक नहीं जीता था। भारत को लंदन 2012 में भी पदक के सूखे का सामना करना पड़ा जब बोपन्ना ने दिग्गज भूपति के साथ जोड़ी बनाई थी। बोपन्ना 2016 रियो ओलंपिक में पुरुष युगल में पेस और मिश्रित युगल में सानिया मिर्जा के साथ खेले लेकिन उनका पदक का सपना तब भी पूरा नहीं हुआ। ये सभी भारतीय टेनिस के सबसे सफल नाम है और इन सबने देश के लिए कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।





## नोएडा में होगा अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट

**नयी दिल्ली।** अफगानिस्तान उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के अपने घरेलू मैदान पर सितंबर में न्यूजीलैंड के साथ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगा। यह अफगानिस्तान का कुल 10वां तथा वर्ष 2024 में तीसरा टेस्ट मैच होगा। इसके अलावा यह ग्रेटर नोएडा में भी पहला टेस्ट मैच होगा। यह टेस्ट मैच 9 से 13 सितंबर के बीच होने की संभावना है। इसके बाद केवल इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ही ऐसी टीमें बचेंगी, जिनके साथ अफगानिस्तान ने टेस्ट मैच नहीं खेला है। इसके लगभग एक महीने बाद 16 अक्तूबर से न्यूजीलैंड का भारत दौरा शुरू होगा, जहां मेहमान टीम को तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इन दोनों सीरीज के बीच में न्यूजीलैंड की टीम टेस्ट सीरीज खेलने श्रीलंका भी जाएगी। जिनकी तारीखों की घोषणा होनी अभी शेष है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अफगानिस्तान ने श्रीलंका और आयरलैंड के साथ दो टेस्ट मैच खेले हैं तथा दोनों ही मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा था।

## सूर्यकुमार और गंभीर के नए युग में दबदबा बरकरार रखने के लिए उतरेगा भारत



**एजेंसी**

**पालेकल (श्रीलंका)।** गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की नवनियुक्त कोच और कप्तान की जोड़ी के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी विशेष छाप छोड़ने की कोशिश करेगी। दो बार के विश्व कप विजेता गंभीर मुख्य कोच के रूप में जबकि टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार खेल के इस छोटे प्रारूप में कप्तान के रूप में अपनी नई पारी शुरू करेंगे। गंभीर आइपीएल में कप्तान और मेंटर (मार्गदर्शक) के रूप में काफी सफल रहे हैं। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिनके कोच रहते हुए भारत ने अच्छी सफलताएं हासिल की थी। द्रविड़ के मुख्य्य कोच रहते हुए भारत ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में तीनों प्रारूप के फाइनल में जगह बनाई तथा गंभीर को अब इन सफलताओं को नए मुकाम पर पहुंचाना होगा। सूर्यकुमार को कप्तान बनाना थोड़ा हैरानी भरा फैसला रहा क्योंकि रोहित शर्मा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद हार्दिक पंड्या को इस पद का प्रमुख दावेदार माना जा रहा था। चयन समिति ने सूर्यकुमार के कप्तान के रूप में कम अनुभव को नजरअंदाज करके उन्हें टीम की कमान सौंपी है। अगला टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा तथा चयनकताओं के पास उसके लिए टीम तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। भारतीय टीम में यह बदलाव पिछले महीने विश्व कप जीतने तथा रोहित, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आया है। भारतीय टीम जब परिवर्तन के दौर से गुजर रही है तब सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान शुभमन गिल इसे अपनी जगह पक्की करने के अवसर के रूप में देख रहे होंगे। केवल वही नहीं यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह और यहां तक कि रियान पराग जैसे अन्य खिलाड़ी भी ऐसा करना चाहेंगे। अक्षर पटेल टीम में जडेजा की जगह लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उनके अलावा भारत के पास हार्दिक, शिवम दुबे और वाशिंगटन सुंदर के रूप में अच्छे ऑलराउंडर भी मौजूद हैं। जसप्रीत बुमराह को इस दौरे से विश्राम दिया गया है तथा उनकी अनुपस्थिति में अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज यहां की तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाकर टीम में अपनी जगह मजबूत करना चाहेंगे। जहां तक श्रीलंका की बात है तो वह तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर नजर आता है क्योंकि उसके दो अनुभवी गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा (ब्रोंकाइटिस और श्वसन संक्रमण) और नुवान तुषारा श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका को टीम में लिया गया है। श्रीलंका के टी20 विश्व कप में जल्दी बाहर होने के बाद कप्तान वानिंदु हसरंगा, कोच क्रिस सिल्वरवुड और सलाहकार कोच महेला जयवर्धने ने अपना पद छोड़ दिया था। श्रीलंका ने सनथ जयसूर्या को अंतरिम कोच नियुक्त किया है जिन्होंने अपनी टीम को भारत के स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का पूरा फायदा उठाने के लिए कहा है लेकिन वह अपनी टीम की कमजोरी से भी अच्छी तरह वाकिफ हैं। भारत की तरह श्रीलंका भी नए दौर की शुरूआत करेगा।

# महिला एशिया कप के फाइनल में पहुंचा भारत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महिला एशिया कप 2024 के फाइनल में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। इसके साथ हरमनप्रीत कौर की कप्तानी भारत ने 10वीं बार एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम ने अब तक हुए सभी 9 एशिया कप के फाइनल में जगह बनाई है, जिसमें से भारत ने 8 बार एशिया कप का चैंपियन बना है। एक बार बांग्लादेश की टीम ने एशिया कप 2024 का खिताब अपने नाम किया है। भारत और बांग्लादेश के बीच हुए सेमीफाइनल मैच की बात करे तो, बांग्लादेश से मिले 81 रनों के लक्ष्य को भारत ने 11 ओवर में 83 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीत लिया। इस मैच में बांग्लादेश की टीम ने पहले खेलते हुए कप्तान निगार सुल्ताना की 51 गेंदों में 2 चौकों के साथ 32 रनों की पारी और शोर्ना अख्तर की 19 रनों की पारी के चलते 20 ओवर में 10 विकेट खोकर कुल 80 रन बनाये। भारतीय टीम ने इस लक्ष्य को शेफाली वर्मा 26 और स्मृति मंधाना 55 ने बिना कोई विकेट खोए 11 ओवर में हासिल कर लिया।



**रेणुका बनी प्लेयर ऑफ द मैच**

बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में रेणुका सिंह ने धमाकेदार प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम किया। रेणुका ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में रेणुका ने अपने 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट भी पूरे किए। रेणुका के अलावा भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 39 गेंदों में 9 चौके और 1 छक्के के साथ 55 रनों की नाबाद पारी खेली।

## श्रीलंका ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर मारी फाइनल में एंट्री, भारत से होगी खिताबी जंग

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** महिला एशिया कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में श्रीलंका ने 3 विकेट से जीत दर्ज कर एशिया कप 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अब उसका सामना 28 जुलाई यानि रविवार को हरमनप्रीत कौर की भारतीय टीम के साथ होगा। महिला एशिया कप 2024 का फाइनल मैच भारत और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। महिला एशिया कप 2024 के पहले सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 10 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। भारतीय टीम ने 10वीं बार एशिया कप के फाइनल में जगह बनाई है. अब उसके पास रिकॉर्ड 9वीं बार टूनामेंट का खिताब अपने नाम करने का मौका होगा। श्रीलंका और पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम के बीच हुए दूसरे सेमीफाइनल मैच में श्रीलंका की कप्तान चमारी अथापथु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 140 रन बनाए। श्रीलंका की टीम ने 141 रनों के लक्ष्य का पीछा 19.5 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया और 3 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया. इसके साथ ही श्रीलंका ने छठी बार एशिया कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पाकिस्तान के लिए पारी के लिए शुरूआत गुल फिरोजा और मुनीबा अली ने की, इन दोनों ने पहले विकेट के लिए मिलकर 9.1 ओवर में 61 रन जोड़े। पाकिस्तान को पहला झटका गुल फिरोजा (25) के रूप में लगा। इसके बाद मुनीबा 37 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। सिदरा अमीन 10 रन बनाकर आउट हुईं तो वहीं कप्तान निदा डार और फातिमा सना ने 23-23 रनों का योगदान दिया और टीम का स्कोर 4 विकेट के नुकसान पर 140 रनों तक पहुंचाया।

## बिहार विधानसभा में स्पीकर ने विपक्षी सदस्यों को दी चेतावनी

# कोई भी सदस्य रिपोर्टर टेबल तक पहुंचा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानमंडल के मॉनसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को दोनों सदनों (विधानसभा-विधानपरिषद) में जोरदार हंगामा हुआ। विधानसभा में विपक्षी सदस्य का व्यवहार इतना उग्र था कि अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को गुस्सा आ गया। उन्होंने वेल में आ रहे सदस्यों को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि यदि कोई भी सदस्य रिपोर्टर टेबल तक पहुंचा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

दरअसल, कल विपक्ष के वेल में किये गये उग्र प्रदर्शन से एक कर्मचारी घायल हो गया था। इसके बाद शुक्रवार को सदन में जैसे ही विपक्ष ने हंगामा शुरू किया वैसे ही अध्यक्ष ने भी तेवर सख्त कर लिये। अध्यक्ष के कड़े तेवर को देखकर विपक्षी दल के सदस्य भी वेल के बाहर ही नारेबाजी करते दिखे। बिहार विधानसभा की सदन की कार्रवाई जैसे ही शुरू हुई बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर महागठबंधन के विधायक बैनर-पोस्टर लेकर वेल में जाकर प्रदर्शन करने लगे। विधायकों का कहना था कि विशेष राज्य का दर्जा देना होगा। महागठबंधन विधायक वेल में खड़े होकर नारे लगा रहे थे, जिसेक बाद स्पीकर बेहद गुस्से में आ गए और उन्होंने कहा कि रिपोर्टर टेबल को कुछ भी करने की कोशिश किए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सदन की कार्यवाही हंगामे के बीच चलती रही और उसके बाद विपक्ष ने सदन से वाकआउट कर दिया। महागठबंधन विधायकों से स्पीकर अपनी-अपनी सीटों पर जाने के लिए कह रहे थे लेकिन महागठबंधन विधायक कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। इस बीच वाम दल विधायक सत्यदेव राम स्पीकर से कहा कि आप हम महागठबंधन विधायकों को मौका नहीं देते। विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता। हम लोगों के मुद्दे पर चर्चा नहीं होती है। इस पर स्पीकर ने कहा कि प्रश्नोत्तर के बाद आप लोगों को समय देंगे। विधानसभा को हाईजैक करने की कोशिश मत करिए। नियम कानून से सदन चलेगा। इससे पहले राजद के वरिष्ठ विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि बिहार को उसका हक हम लोग दिलवाकर रहेंगे। केंद्र सरकार ने बिहार को धोखा दिया है। बिहार का विकास तभी होगा जब विशेष राज्य का दर्जा मिलेगा। ऐसे कैसे केंद्र सरकार ने संसद में कह दिया कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिल सकता है। इस मुद्दे पर हम लोग लड़ाई लड़ेंगे। नीतीश को इस मुद्दे पर साथ आना है तो आएं। हमलोग उनको आमंत्रण देने नहीं जा रहे हैं। बजट में बिहार के लिए कुछ भी खास नहीं है।


अध्यक्ष नंदकिशोर यादव।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड प्रमुख ने सीएम को क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत


मुख्यमंत्री के साथ प्रखंड प्रमुख।

**कांडी।** कांडी प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रमुख ने बताया कि क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ने से लगातार लोग पलायन कर रहे हैं। यदि नवजवानों को घर में ही काम मिल जाए तो उन्हे जिंदगी खतरे में डालकर घर परिवार से दूर नहीं जाना पड़ेगा। श्री पांडेय ने कांडी प्रखंड क्षेत्र में सोन नदी के किनारे पड़े सैकड़ों एकड़ भूमि में पॉवर प्लांट लगाने व भवनाथपुर में पॉवर प्लांट शुरू कराने की मांग की।

### बसपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**धुरकी।** बहुजन समाज पार्टी के विधायक प्रत्याशी पंकज कुमार चैबे ने प्रखंड के खाला चैपाल एवं खुटिया पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर श्री चैबे ने कहा कि यहां के विधायक एक दूसरे को ताकने झांकने में लगे हुए हैं। स्वास्थ्य की बात करें तो सब भगवान भरोसे है। शिक्षा की बात कहे तो चाहे राज्य हो केंद्र हो सभी जगहों पर पेपर लीक का मामला सामने आ रहा। मौके पर अमरेश यादव, कमलेश कुमार गौड़ बीडीसी प्रतिनिधि, सीताराम देहाती, भीनेश्वर राम, पचू कोरवा, एकलाख अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

### चैकीदार बहाली के लिए निकला विज्ञापन

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत चैकीदार पद पर सीधी बहाली के लिए कुल 94 पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 10 अगस्त 2024 है। आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से उपायुक्त, गढ़वा के कार्यालय, जिला सामान्य शाखा (नया समाहरणालय भवन ब्लॉक-सी, कमरा संख्या-131) में निर्धारित तिथि तक प्राप्त होना अनिवार्य है। उक्त तिथि के पश्चात आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट www.garhwa.niv.in पर देखा जा सकता है तथा प्रपत्र को डाउनलोड भी किया जा सकता है।

### भ्रष्टाचार मामले में पुलिस अवर निरीक्षक बर्खास्त

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के कोपा थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक उमेश राम को भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाए जाने पर बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि पुलिस अवर निरीक्षक उमेश राम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। उक्त वीडियो में उमेश राम, बालू माफिया से रिश्वत ले रहे थे।

## बीईईओ एवं बीपीओ ने किया उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारीकला का निरीक्षण


बैठक करते बीईईओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के पीएम श्री में चयन के बाद विद्यालय की व्यवस्था और सुदृढ़ हो रहा है। शुक्रवार को विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे बीईईओ कैसर रजा व बीपीओ बीरेंद्र प्रसाद ने गुणवतापूर्ण व रोचक शिक्षण, बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं ग्रीन स्कूल-क्लीन स्कूल को मूर्त रुप देने के लिए शिक्षकों को कई दिशा निर्देश दिया। बीपीओ ने शिक्षकों के साथ बैठक कर प्रोजेक्ट इंपैक्ट व प्रयास कार्यक्रम के तहत जारी दिशा निर्देश का अक्षरशः पालन करने की बात कही।

उन्होंने कि प्रखंड के 94 विद्यालयों में उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला का पीएम श्री में चयन होना सौभाग्य की बात है। प्राइम मिनिस्टर्स स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया के तहत उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्मार्ट बनाया जाएगा। इसके लिए विद्यालय को हाईटेक किया जा रहा है। बीपीओ ने बताया कि उक्त विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड के तहत संचालित विद्यालयों जैसा भवन, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब की सुविधा के साथ बच्चों से अनेक गतिविधियां व प्रोजेक्ट वर्क करते हुए उनमें लीडरशिप डेवलप कराया जाएगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नृपेंद्र कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष करमू साह, सीआरपी सुनील कुमार, शिक्षक कमलेश राम, ललन राम, नौशाद अहमद, शैलेंद्र यादव, राकेश कुमार सिंह, सुदामा यादव, सुभाष यादव, विनोद दुबे, ललित सिंह, रामाश्रय साह आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## सोशल इनोवेशन ग्रुप ने किया पौधरोपण व पौधा वितरण


पौधरोपण करते ग्रुप के सदस्य।

**भवनाथपुर।** सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप के तत्वावधान में संस्था के संस्थापक सदस्य सूर्य प्रकाश सिंह एवं प्रथम चैबे के नेतृत्व में भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत सिंदुरिया पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया गया। मौके पर सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक ने कहा कि आये दिन संस्था के कार्यों को मैं अखबार एवं सोशल मीडिया के द्वारा देखते रहता हूं, कभी रक्तदान शिविर का आयोजन, तो कभी मतदाता जागरूकता अभियान एवं विभिन्न सामाजिक कुरीतियां के विरुद्ध आवाज बुलंद करते रहते हैं। आज मेरा यह सौभाग्य है कि हमारे पंचायत भवन में पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के लिए उत्सुक ग्रामीणों को फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण भी किया गया। संस्था के संस्थापक सदस्य सूर्य प्रकाश सिंह एवं प्रथम चैबे ने बताया कि पिछले दस वर्षों से लगातार हमारा संस्था पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। अब तक लगभग 25 हजार पौधारोपण एवं पौधा वितरण पूरे झारखंड में किया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी लगभग एक हजार पौधारोपण एवं पौधा वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर वार्ड पार्षद विकास वियार, युवा समाजसेवी आनंद पासवान, अजीत गुप्ता, लल्लू साह, रामअवतार पासवान, लखन वियार, रविन्द्र गुप्ता, मुन्ना उरांव सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 80 कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना


कांवरियों के जत्था को रवाना करते डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से 80 कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना हुआ। प्रखंड क्षेत्र के कोल्हूआ गांव में सभी कांवरियों ने शिव मंदिर के विशेष पूजा-अर्चना किया। उसके बाद भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कांवरियों के जत्था को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व उन्होंने सभी कांवरियों को अंग वस्त्र प्रदान किया। मौके पर श्री चंद्रवंशी ने कहा कि कांवरिया बम क्षेत्र में अमन शांति की दुआ करेंगे। उन्होंने सभी को यात्रा की शुभकानाएं दी। मौके पर बरडीहा प्रखंड के मंडल अध्यक्ष संजय कुमार यादव, मझिआंव प्रखंड नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार, अरविंद रजवार, बबलू यादव, बैजनाथ ठाकुर, बजरंगी ठाकुर, मुन्ना ठाकुर, शंभु चैधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक भानु के बढ़ते जनाधार को देख कर हताश हो चुके हैं विपक्षी: मनोज कुमार


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते भाजपाई।

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** भारतीय जनता पार्टी केतार के एससी मोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार फौजी, एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार पासवान और विमलेश कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि विधायक भानु प्रताप शाही के बढ़ते जनाधार को देख कर विपक्षी हताश हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में रांची भाजपा के कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आगमन हुआ था। उनके कार्यक्रम में भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा मंच का संचालन किया जा रहा था। जिसमें श्री शाही के द्वारा कहा गया था कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अवर बार जनता की बदौलत आपको गटा पकड़ कर मुख्यमंत्री के कुर्सी से उतार दिया जाएगा। आप सभी लोग जानते हैं की मुख्यमंत्री का कोई जात पात नहीं होती है। विपक्षियों का आवाज उठाना और मांग करना संवैधानिक अधिकार है। कहा कि यदि इस तरह का रवैया रहा तो सरकार के लोग जनता के बीच जाने के लायक नहीं रहेंगे। भानु प्रताप शाही ने कहीं भी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया है। यह आम आवाम लोगों को देखने का चीज है कि कहीं भी उन्होंने जाति सूचक शब्द से संबोधन नहीं किया है। बावजूद इसके गढ़वा के विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर के इशारे पर कुछ लोगों द्वारा रमना थाना में एक सीधे साधे आदिवासी भाई के द्वारा विधायक भानु प्रताप शाही के ऊपर केस दर्ज कराया। इस तरह का कुकृत कार्य को हम सभी कड़ी निंदा करते हैं। मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, प्रहलाद बैठा, रविन्द्र सोनी, सुदामा चैधरी, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, गौरीशंकर बैठा, रमा बैठा, जोखू राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दरभंगा में एम्स निर्माण की केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

पटना। बिहार के दरभंगा जिले में एम्स का निर्माण शोभन स्थित बायपास के पास स्थित प्रस्तावित जमीन पर ही होगा। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बिहार सरकार को पत्र लिखकर जल्द से जल्द भूमि को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। राज्यसभा सदस्य संजय झा ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी है। जदयू सांसद संजय झा ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी है कि केंद्र सरकार ने प्रस्तावित जमीन पर ही एम्स के निर्माण के लिए सहमति दे दी है। उन्होंने लिखा है कि हमें शेयर करते हुए खुशी है कि दरभंगा में एम्स निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा शोभन-एकमी बाईपास के निकट प्रस्तावित भूमि का सर्वेक्षण करने 18-19 मार्च 2024 को दरभंगा आई केंद्र सरकार की तकनीकी टीम ने अपनी रिपोर्ट में उक्त भूमि को एम्स निर्माण के लिए उपयुक्त बताया है। इसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने प्रस्तावित भूमि पर एम्स के निर्माण को मंजूरी दे दी है। उन्होंने लिखा है कि इस मंजूरी के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा डी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति अपनी ओर से तथा संपूर्ण मिथिलावासियों की ओर से कोटि-कोटि आभार प्रकट करता हूं। जेडीयू के कार्यकारी अक्ष्यक्ष ने लिखा, प्रस्तावित भूमि पर एम्स निर्माण की मंजूरी मिल जाने के बाद राज्य सरकार अब जल्द ही संपूर्ण भूमि (150 एकड़ से अधिक) केंद्र को निःशुल्क हस्तांतरित कर देगी। साथ ही अपने संसाधनों से उक्त स्थल पर बिजली और पानी की आपूर्ति की व्यवस्था करने तथा वहां तक फोर लेन कनेक्टिविटी देने के लिए भी जरूरी कदम उठाएगी।

## अभाविप ने नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा


मांग पत्र सौंपते अभाविप कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद पाठक को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग में महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था करने, सूचना पट्ट पर समय सारिणी प्रकाशन साथ ही सूचना पट्ट पर विषयवार शिक्षकों की सूची प्रकाशित करने एवं शिक्षकों को विभाग वार बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, महाविद्यालय में विभिन्न काउन्टर एवं विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की टेबल बदलने, स्नातक के सभी विषयों में पुनः चांसलर पोर्टल शुरू करने आदि की मांग की गई है।

अभाविप के जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि महाविद्यालय की स्थिति दिन प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। कॉलेज में मूलभूत सुविधाएं की कमी है। कॉलेज के दीवार भी जर्जर होने लगे हैं। शिक्षकों, कर्मचारियों की कमी के अलावा कई समस्याएं हैं। जिससे छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय की समस्या से संबंधित प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर इसे दूर करने की दिशा में पहल करने को कहा गया है। नगर मंत्री अखिल कुमार ने कहा कि नामांकन के लिए अभी भी विद्यार्थी घूम रहे है, इसलिए चांसलर पोर्टल दोबारा खोलना चाहिए। महाविद्यालय में व्याप्त कमियों को अविलंब दूर नहीं होती है तो हमलोग आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। मांग पत्र सौपने वालों में सुगंध बघेल, सचिन चैबे, नीरज कुमार, राजेश पासवान, राजा कुमार आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### लायंस ग्रीन किया मां गढ़देवी मंदिर परिसर में भोजन वितरण



वितरण करते क्लब के सदस्य।

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के तत्वावधान में शहर के गढ़देवी मंदिर परिसर में भोजन का वितरण किया गया। मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन संतोष अग्रवाल ने कहा कि लोगों की सेवा करना अच्छा लगता है। अध्यक्ष उमाकांत पाण्डेय ने कहा कि लायंस का मोटो हैं हम सेवा करते है। इसी के तहत हम लायन सेवा के नये-नये तरीके ढूंढ़ते रहते हैं और सेवा करते हैं। सावन मास के आरंम्भ में इस कार्यक्रम का शुरूआत किया गया है जो आगे भी जारी रहेगा। पूर्व अध्यक्ष हर्ष अग्रवाल ने बताया कि लायंस ग्रीन समाजिक क्षेत्र में सेवा कार्यों में एक मिशाल कायम किया है। उसी का प्रतिफल है भोजन का वितरण। मौके पर सचिव जय शंकर ब्रेजियर, पूर्व अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल, अरविन्द गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, विनय कश्यप, आशुतोष अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, सुजाता अग्रवाल, स्वेता अग्रवाल, इंदु अग्रवाल, रुद्राक्ष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### आरके पब्लिक में मना कारगिल विजय दिवस

**गढ़वा।** शहर के आरके पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए पैट्रिवोटिक म्यूजिकल असेंम्बली आयोजित की गयी। इसके पूर्व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि दी। म्यूजिकल असेंम्बली में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गानों की प्रस्तुति दी। मौके पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि शहीद कभी मरते नहीं, अमर हो जाते हैं। पूरा देश आज भारत मां के वीर सपूतों को नमन कर रहा है। ऐसे महान देशभक्तों पर हर हिन्दुस्तानी को गौरवान्वित होना चाहिए जिन्होंने देश के तिरंगा के मान-सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने पलामू के अमर सपूत शहीद युगंबर दीक्षित को याद करते हुए उनके बारे में प्रकाश डाला। शिक्षक अनुप कुमार पाण्डेय ने बच्चों को बताया कि जननी और जन्मभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊंचा है। हमें राष्ट्रभक्त बनकर देश की सेवा करनी चाहिए। शिक्षक सनोज यादव ने भारत-पाकिस्तान के युद्धों को विस्तार से बताया और कारगिल युद्ध पर प्रकाश डाला। कक्षा सात की छात्रा वैभवी मिश्रा आन बान और शान है तिरंगा हमारा गाने के लिए प्रथम, पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा आठ की छात्रा आरुषी प्रिया एवं छात्र नवीन पाल को संयुक्त रुप से प्रथम स्थान मिला। मौके पर नन्दलाल गुप्ता, गीता पाण्डेय, अनिल सिन्हा, संजय कुमार, एसडी सिंह, श्वेता पाण्डेय, रश्मि शुक्ला, इम्तियाज खान, शिखा रानी आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर विधानसभा में विपक्ष का आज भी हंगामा

**पटना।** बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन आज भी विपक्ष का हंगामा जारी रहा। विधानसभा की कार्यवाही शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होते ही विपक्ष के सदस्यों ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा के मुद्दे को उठाने की कोशिश की लेकिन सभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने इसकी अनुमति नहीं दी और कहा, अभी प्रश्नकाल का समय है। आपको इस विषय पर बाद में बोलने की अनुमति दी जाएगी। अभी सदन चलने दें।

### राजद के सुनील सिंह की विधान परिषद की सदस्यता समाप्त

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बेहद करीबी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के मुंह बोले भाई सुनील सिंह की बिहार विधान परिषद की सदस्यता शुक्रवार को समाप्त कर दी गई। विधान परिषद में आचार समिति की अनुशंसा पर उपसभापति रामवचन राय ने श्री सुनील सिंह की सदस्यता रद्द करने के लिए गुरुवार को पेश प्रस्ताव पर सहमति जताई।

## पेज एक का शेष

### पाक के नापाक...

मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे सैनिक पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। उन्होंने कारगिल में हमने न केवल युद्ध जीता, बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। भारत उस समय शांति के लिए प्रयास कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना अविश्वसनीय चेहरा दिखाया। लेकिन सत्य के सामने असत्य और आतंक की हार हुई।

शिंकुन ला सुरंग परियोजना : पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व की सबसे ऊंची शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट भी किया। शिंकुन ला सुरंग परियोजना में 4.1 किलोमीटर लंबी दोहरी सुरंग प्रणाली का निर्माण किया जायेगा। यह सुरंग निमू-पदुम-दारचा मार्ग पर लगभग 15,800 फुट की ऊंचाई पर बनायी जा रही और इससे लेह के लिए हर मौसम में आवागमन की सुविधा होगी।

कारगिल जीत : 1999 में, पाकिस्तानी सैनिकों और कई समूहों के आतंकवादियों ने रणनीतिक श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास द्रास से बटालिक सेक्टर तक की चोटियों पर कब्जा कर लिया था। भारतीय सेना ने भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर एक बड़ा अभियान चलाया और 74 दिन की लड़ाई के बाद सेना अपने क्षेत्र को वापस जीतने में कामयाब रही। इस जीत के बाद से सेना 26 जुलाई को विजय दिवस के रूप में मनाती आ रही है, जिसका मुख्य समारोह द्रास में आयोजित किया जाता है।

### सत्र छोटा पर ...

सदन के बाहर विपक्ष का धरना, नारेबाजी : मॉनसून सत्र के पहले दिन शुक्रवार को विपक्षी विधायकों ने विभिन्न मांगों को लेकर गेट पर धरना दिया। भाजपा विधायकों ने राज्य में खनिज-संपदा की लूट,बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिये जाने, हर साल पांच लाख नौकरी का वादा पूरे नहीं करने के मुद्दे पर प्रदर्शन किया। विपक्षी सदस्य बैनर लेकर बैठे थे और सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ नारे लगा रहे थे। धरना देने वालों में विधायक बिरंची नारायण, अमित मंडल, समरी लाल, कुशवाहा शशिभूषण मेहता समेत अन्य मौजूद थे। आजसू विधायक लंबोदर महतो ने भी विधानसभा के बाहर धरना दिया।

### जमीन कारोबारी कमलेश ...

इस खुलासे के बाद जून महीने में ईडी ने समन कर कमलेश कुमार को रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन ईडी के समन पर उपस्थिति होने के बजाय कमलेश फरार हो गया था। 21 जून की दोपहर 12 बजे ईडी की टीम कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्ट्रो ग्रीन स्थित फ्लैट पहुंची थी। लेकिन टीम के पहुंचने के ठीक पहले कमलेश वहां से निकल गया था। इडी ने जब उसके फ्लैट को जब सर्च किया गया, तो 100 कारतूस और एक करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे। एजेंसी ने जमीन से जुड़े दस्तावेज समेत कई महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किये थे।

**पुलिस हाउसिंग के नाम पर जमीन बेची :** कमलेश कुमार पूर्व में कांके में बीएयू की जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में जेल जा चुका है। जानकारी के मुताबिक, गैरमजरूआ जमीन के दस्तावेजों में हेरफेर कर कमलेश ने राज्य के कई पुलिस अफसरों को भी जमीन बेची थी। इनमें डीजीपी डीके पांडेय से जुड़ा मामला काफी चर्चित रहा था। कमलेश के खिलाफ गोंदा थाने में भी ठगी का केस दर्ज है। ईडी को जानकारी मिली है कि कांके रिसॉर्ट में भी कमलेश की हिस्सेदारी रही है। जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाने वाले सिंडिकेट में शामिल प्रियरंजन सहाय, शेखर कुशवाहा समेत अन्य आरोपियों के मोबाइल में कमलेश से चैट का पता चला था। कमलेश की गिरफ्तारी के बाद इस सिंडिकेट में शामिल कई और बड़ी मछलियों के पकड़े जाने की उम्मीद जतायी जा रही है।

स्पीड न्यूज

## भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का निधन



**भोपाल।** भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का शुक्रवार सुबह निधन हो गया है। वह मध्य प्रदेश के अध्यक्ष और लंबे समय तक पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे थे, उन्हें संगठन ने राज्यसभा सदस्य भी चुना था। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में सुबह पांच बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर के बाद पार्टी में शोक की लहर है। मप्र भाजपा के प्रवक्ता हितेश बाजपेयी ने उनके निधन की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि झा लंबे समय से बीमार थे। उन्हें जून के आखिर में ही भोपाल से एयरलिफ्ट कर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## राहुल गांधी को मिला नया बंगला

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष बनने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मिला बंगला। हाउस कमेटी ने कांग्रेस नेता को बंगला नंबर 5, सुनहरी बाग रोड की पेशकश की है। शुक्रवार बहन प्रियंका गांधी ने उन्हें आवंटित किए गए बंगला का दौरा किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी वर्तमान में अपनी मां सोनिया गांधी के साथ उनके 10 जनपथ वाले आवास में रह रहे हैं।

## असम : 'मोइदम' विश्व धरोहर में हुआ शामिल

नयी दिल्ली। असम के चराइदेव जिले में स्थित प्राचीन अहोम राजवंश के टीले वाले समाधि-स्थल 'मोइदम' को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। यह घोषणा यहां चल रही यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की 46वीं बैठक के दौरान शुक्रवार को की गई। असम की 'मोइदम' भारत की 43वीं संपत्ति है, जिसे यूनेस्को की विश्व धरोहरों की सूची में स्थान मिला है।

## विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर बढ़कर पहली बार 670 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है। तीन सप्ताह में इसमें 18 अरब डॉलर से ज्यादा की वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़े में बताया गया है कि 19 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार चार अरब डॉलर उछलकर 670.86 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो इसका ऐतिहासिक उच्चतम स्तर है। सोने का भंडार बढ़ाने की रिजर्व बैंक की जारी कोशिशों के बीच देश का स्वर्ण भंडार 1.33 अरब डॉलर बढ़ा और 59.99 अरब डॉलर दर्ज किया गया।

## अक्षरा सिंह का गाना पटना की परी रिलीज



मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का नया गाना पटना की परी रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह ने कहा कि सारेगामा हम भोजपुरी के साथ मिलकर हमने इस गाने को रिलीज किया है और मैं इसपर बहुत खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद देंगे। गाना पटना की परी को अक्षरा सिंह ने गाया है। गाने में अक्षरा सिंह के साथ संजय कादयान की जोड़ी नजर आ रही है। इसके गीतकार और संगीतकार छोटू रावत हैं। डीओपी और डायरेक्टर सोएब सिद्धिकी और कोरिओग्राफर अमित हैं।



## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल के रणबांकुरों के पराक्रम को किया स्मरण

**नयी दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार सुबह साल 1999 के इस युद्ध में सैनिकों के बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा कि आज कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर हम उन बहादुर सैनिकों की अदम्य भावना और साहस को याद करते हैं जो 1999 के युद्ध में बहादुरी से लड़े थे। उनकी अटूट प्रतिबद्धता, वीरता और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। उनकी सेवा और बलिदान हर भारतीय और हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा।**

# यूपी में अग्निवीरों को पुलिस और पीएसी में मिलेगा आरक्षण : योगी

**एजेंसी**

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि अग्निवीर जब अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे तो उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस और पीएसी भर्ती में इन नौजवानों को प्राथमिकता के आधार पर समायोजित करेगी। उनके लिए एक निश्चित आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश और समाज के लिए प्रगति एवं समृद्धि के नित नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर होने वाला रिफार्म अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। लगातार हर फील्ड में पिछले 10 वर्षों में बेहतरीन रिफार्म करके देश की अर्थव्यवस्था को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने और दुनिया में पांचवी अर्थव्यवस्था

**▸▸ देश के लिए प्रगति समय-समय पर महत्वपूर्ण होता है रिफार्म अत्यंत : मुख्यमंत्री**



के रूप में स्थापित करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में काफी कदम उठाए गए। इसके साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा को भी उतना ही महत्व देना होगा। योगी ने कहा कि अग्निपथ योजना इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। युवाओं के मन में उत्साह है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए योगी ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि कुछ लोगों के लिए उनकी राजनीति देश से बड़ी हो गयी है। वे देश की कीमत पर राजनीति करना चाह रहे हैं। उनका काम ही है कि रिफार्म वाले, समृद्धि वाले हर कार्य में टांग अड़ाना है। अनावश्यक व्यवधान पैदा करना, गुमराह करना, बयानबाजी करना उनकी नीयत बन गयी है। अग्निवीर को लेकर भी विपक्ष ने लगातार गुमराह करने का प्रयास किया है। आज अग्निवीर में जहां ट्रेंड युवा भर्ती हो रहे हैं, वहीं अग्निवीर की सेवा पूरा करने के बाद उन्हें सेना में भी अच्छा अवसर प्राप्त होने वाला है। पैरा मिलिट्री, सिविल पुलिस और विभिन्न सेक्टर में भी उनके समायोजन की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अग्निवीर जब अपनी सेवा पूरा करके वापस आएंगे तो हम उप्र पुलिस सेवा, पीएसी में इन जवानों को प्राथमिकता देंगे।

# फेविकोल से चिपका है भाजपा-जदयू गठबंधन

## प्रधानमंत्री मोदी की बजट से पूरा विपक्ष हो गया है क्लीन बोल्ड : ललन सिंह

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने केंद्रीय बजट को विपक्ष द्वारा सरकार बचाओ बजट बताने पर शुक्रवार को पलटवार किया और कहा कि भाजपा के साथ उनकी पार्टी का चुनाव-पूर्व गठबंधन है जो फेविकोल से चिपका हुआ है। ललन सिंह ने लोकसभा में बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट के माध्यम से ऐसी गुगली फेंकी है कि कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष क्लीन बोल्ड हो गया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने

**जदयू सांसद ने सरकार बचाओ बजट बताने पर किया पलटवार**

की दिशा में पीएम मोदी के संकल्प को दर्शाने वाला बजट है। ललन सिंह ने विपक्षी नेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि सदन में बजट पर नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी की आलोचना पर भाषण चल रहा है।

उन्होंने कहा कि पूरे विपक्ष की शैली दर्शाती है कि इन लोगों को मोदी जी का चेहरा पसंद नहीं है और वो प्रधानमंत्री से नफरत करते हैं। लेकिन आप लोग क्या करेंगे, देश की जनता ने उनके चेहरे को पसंद किया है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते



हुए कहा कि यह उपलब्धि है कि 60 साल बाद किसी को लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को उनकी सलाह है कि वो सच्चाई को स्वीकार कर ले। ललन सिंह ने कांग्रेस पर भी निशाना साधता और कहा कि जब जेडीयू इनके साथ थी तो ये गठबंधन के अंदर लॉबी चलाते थे। इस कारण हम लोगों ने इन्हें प्रणाम किया और इधर (भाजपा के साथ) चले आए। लोकसभा में कांग्रेस की 99 सीट पर ललन सिंह ने सांप-सीढ़ी के खेल का जिक्र किया और कहा कि 99 पर सांप काट लेता है और आदमी सीधे शून्य पर पहुंच जाता है। तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधते हुए ललन सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में महिलाओं का चीरहरण हो रहा है जो उन्हें नहीं दिखाई देता।

# अग्निपथ योजना के लिए सेना से नहीं ली गयी सलाह : खड़गे

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अग्निपथ योजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश को गुमराह करने का शुक्रवार को आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने योजना को लागू करने से पहले सेना से सलाह नहीं ली है। श्री खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि योजना को मनमाने तरीके से लागू किया गया है और इसको लेकर पहले किसी से मशविरा नहीं किया गया है। उन्होंने योजना को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया और कहा कि इससे उनका भविष्य चौपट हो रहा है इसलिए इसको लेकर देश के युवाओं में गुस्सा है। योजना का चारों तरफ इसका विरोध हो रहा है इसलिए सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि मोदी जी कह रहे हैं कि सेना के कहने पर उनकी सरकार ने अग्निपथ योजना लागू की थी,

**योजना का चारों तरफ हो रहा विरोध, सरकार इसे वापस ले**



ये सरासर झूठ है और पराक्रमी सेना का अक्षम्य अपमान है। मोदी जी, साफ-साफ झूठ और भ्रम फैला रहें हैं। खड़गे ने पूर्व सेना अध्यक्ष का जिक्र करते हुए कहाकि पूर्व सेनाध्यक्ष (सेवानिवृत्त) जनरल एमएम नरवणे जी ने रेकॉर्ड पर कहा है कि अग्निपथ योजना में चार वर्षों की सेवा के बाद 75 प्रतिशत लोगों को रखना था और 25 प्रतिशत लोगों को सेवानिवृत्त करना था। पर मोदी सरकार ने इससे उल्टा किया और ये योजना तीनों सैन्य बलों में जबरदस्ती लागू कर दी।

## मप्र में भी अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रदेश में पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीर जवानों को आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर जवान की योजना अग्निपथ सच्चे अर्थों में सेना के आधुनिकीकरण के साथ योग्य सैनिकों की भर्ती के अलावा वैश्विक स्तर पर सेना को युवा बनाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को लद्दाख में अपने संबोधन में भारतीय सेना में अग्निवीर जवानों की विशिष्ट भूमिका पर बल दिया है। निश्चित ही अग्निपथ योजना देश की ताकत बढ़ाने के साथ ही सामर्थ्यवान युवाओं को सेना से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है। यह रक्षा क्षेत्र की पहली प्राथमिकता और डिफेंस रिफार्म्स का अहम कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी की भावना के अनुसार प्रदेश में अग्निवीर जवानों के लिये आरक्षण के प्रावधान का निर्णय लिया है।



**25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर लद्दाख के द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में रक्षा मंत्री संजय सेठ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कारगिल दिवस की रजत जयंती पर आज भारतीय सेना के रणबांकुरों के शौर्य और पराक्रम का स्मरण किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, " कारगिल विजय दिवस हमारे सशस्त्र बलों के अदम?य साहस और असाधारण पराक्रम के प्रति कृतज्ञ राष्ट्र द्वारा सम्मान प्रकट करने का अवसर है।**

# गिरावट पर विराम, नये शिखर पर शेयर बाजार

## सेंसेक्स 1292 अंक छलांग लगाकर 81,332 पर पहुंचा

**एजेंसी**

**मुंबई ।** विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा वैल्यू खरीददारी की बदौलत पिछले लगातार पांच कारोबारी दिवस की गिरावट से उबरकर शुक्रवार को शेयर बाजार नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल के अपनी वाईफाई सेवा का विस्तार गुजरात और तेलंगना में करने तथा नोकिया के भारत में एयरटेल के साथ साझेदारी में अपने पहले 5जी नॉन-स्टैंडअलोन (एनएसए) क्लाउड आरएएन परीक्षण के सफल समापन की घोषणा करने के बाद एयरटेल के शेयर साढ़े चार प्रतिशत तक चढ़ गए। इससे बाजार को ऊंची उड़ान भरने में मदद मिली। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1292.92 अंक अर्थात 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,332.72 अंक के

**▸▸ एयरटेल के साढ़े चार प्रतिशत तक चढ़े शेयर**
**▸▸ निफ्टी 428 अंक मजबूत होकर 24,834 पर पहुंचा**

सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी)428.75 अंक यानी 1.76 प्रतिशत मजबूत होकर 24,834.85 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर खरीददारी हुई, जिससे मिडकैप 2.12 प्रतिशत उछलकर 47,706.67 अंक और स्मॉलकैप 1.00 प्रतिशत चढ़कर 54,294.35 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4040 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2652 में लिवाली जबकि 1286 में बिकवाली हुई वहीं 102 में कोई बदलाव नहीं



हुआ। इसी तरह निफ्टी की 47 कंपनियों में तेजी जबकि शेष तीन में गिरावट रही। दूरसंचार 3.36, धातु 3.19, कमोडिटीज 2.26, सीडी 1.74, ऊर्जा 0.84, एफएमसीजी 0.92, वित्तीय सेवाएं 1.19, हेल्थकेयर 2.10, इंडस्ट्रियल्स 1.38, आईटी 2.15, यूटिलिटीज 1.86, ऑटो 2.35, बैंकिंग 0.86, कैपिटल गुड्स 1.51, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.75, तेल एवं गैस 0.24, पावर 1.70, रियल्टी 1.07, टेक 2.76 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.14 प्रतिशत उछल गए। विदेशी बाजारों का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.65, जर्मनी का डैक्स 0.17, हांगकांग का हैंगसेंग 0.10 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.14 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 119 अंक की तेजी के साथ 80,158.50 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,013.60 अंक के निचले स्तर तक गिर गया।

# ओबामा ने भी किया कमला हैरिस का समर्थन

**एजेंसी**

**अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव**

**▸▸ पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, कमला हेरिस अमेरिका की शानदार राष्ट्रपति साबित होंगी**
**▸▸ बिल और हिलेरी के साथ ही नैन्सी पेलोसी ने भी उनके नाम का किया था समर्थन**

**वाशिंगटन।** डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को आखिरकार पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी किया समर्थन। कमला हैरिस के राह की आखिरी अड़चन भी समाप्त हो गई है। कमला 8 अगस्त को डेमोक्रेट रूल्स कमेटी की तयशुदा शर्तों के आधार पर पार्टी की अधिकृत उम्मीदवार घोषित की जाएंगी। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल एक्स पर कमला हैरिस के नाम पर सहमति जताने का संदेश लिखा है। ओबामा ने लिखा कि इस सप्ताह मिशेल और मैंने अपनी मित्र @कमला हैरिस से बात की। हम समझते हैं कि वह अमेरिका की शानदार राष्ट्रपति सिद्ध होंगी, इसलिए अपने देश के सामने खड़ी कठिन चुनौती के बीच हम उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। हम उनके लिए हर वो काम करेंगे, जिससे वे नवंबर में होने वाले चुनाव में जीत सकें। हमें उम्मीद है कि आप सब भी हमारा सहयोग करेंगे। बराक ओबामा के इस ट्वीट के बाद कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से एकमात्र और सशक्त उम्मीदवार हो गई हैं और सभी आशंकाएं समाप्त हो गई हैं। दरअसल, राष्ट्रपति जो बाइडेन के पीछे हटने और उनके द्वारा ही उप राष्ट्रपति कमला हैरिस का नाम आगे करने के बाद से उन्हें पार्टी में



चौतरफा समर्थन मिला। बिल और हिलेरी क्लिटन के साथ ही नैन्सी पेलोसी ने भी उनके नाम का समर्थन कर दिया था। लोगों को बराक ओबामा के समर्थन का इंतजार था, जो उन्होंने गुरुवार को घोषित कर दिया। कमला हैरिस ने स्वयं एक वीडियो कॉल अपने एक्स हैंडल पर जारी किया है, जिसमें बराक ओबामा उन्हें फोन कर उनका समर्थन करते हुए सुनाई दे रहे हैं। बराक ओबामा अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति हुए हैं। इस दृष्टि से भी कमला को उनका समर्थन खासा महत्व रखता है। यदि नवंबर में होने वाले चुनावों में डोनाल्ड ट्रम्प को हराकर कमला हैरिस अमेरिका की राष्ट्रपति चुनी जाती हैं तो वे अमेरिका कि पहली महिला, पहली अश्वेत महिला और दक्षिण एशियाई मूल की पहली अमेरिकी राष्ट्रपति होंगी। कमला का नाम सामने आने के बाद से ट्रंप को मिल रही बढ़त रुक गई है बल्कि पापुलर वोट में हैरिस थोड़ा आगे ही बढ़ती नजर आ रही हैं।

## कांवड़ विवाद मामला नाम बताने के लिए नहीं कर सकते बाध्य : कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी निर्देशों पर अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया है। जिसमें कांवड़ यात्रा के दौरान भोजनालयों को मालिकों और कर्मचारियों को नेमप्लेट लगाने का आदेश दिया गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि वह 22 जुलाई के आदेश पर कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं करेगी। हम किसी को भी नाम बताने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। यदि आवश्यक हो तो दुकानदार कांवड़ मार्ग पर उपलब्ध भोजन के प्रकारों के बारे में बता सकते हैं कि वे किस तरह का भोजन परोस रहे हैं, जैसे कि वे शाकाहारी है या मांसाहारी। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सरकार को एक हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !